

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –182 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी देवी की होगी आराधना
■ सिंधिया के खिलाफ बन गया यह चुनाव
■ असम के मुख्यमंत्री सांप्रदायिक दिशा में चला रहे हैं भाजपा का ... पृष्ठ 6
■ इजरायल व हमास जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोगों की मौत
■ सीपीईसी के तहत राजमार्ग समझौते पर पाक व चीन करेंगे हस्ताक्षर पृष्ठ 7
रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में कई रिकॉर्ड बनाए पृष्ठ 8

# कांग्रेस के 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

## आठ विधायको की टिकट काट कर नए चेहरों को मौका

### पाटन से भूपेश बघेल, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव उतरेंगे मैदान में

**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने नवरात्र के पहले दिन 30 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहली सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव शामिल है। पहली सूची में आठ विधायकों की टिकट काट दिया गया है। डा प्रेमसाय सिंह टेकाम मंत्री को छोड़कर बाकी सभी मंत्रियों को प्रत्याशी बनाया गया है। है।

**इन्हें मिली टिकट**- पाटन से भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, साजा से रविंद्र चौबे, सीतापुर से अमरजीत भगत, खरसिया से उमेश पटेल, कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, सक्ती से डा चरण दास महंत, आरंग से शिवकुमार डहरिया, डौंडी लोहारा से अनिला भेड़िया, नवागढ़ से गुरु रूद्र कुमार, पंडरिया से नीलकांत चंद्रवंशी, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, कोंटा से कवासी लखमा, चित्रकोट से दीपक बैज, कोंडागांव से मोहनलाल मरकाम, बीजापुर से विक्रम मंडावी, बस्तर से लखेश्वर बघेल को चुनाव मैदान में उतारा गया है। खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ से ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### जिन विधायको की टिकट कटी है उनको पार्टी में जिम्मेदारी दी जाएगी : भूपेश



कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जो लोग कहते थे कि मुख्यमंत्री दूसरी सीट खोज रहे हैं, उनका भी मुंह आज से बंद हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिनकी भी टिकट कटी है, उनको भी पार्टी में कहीं ना कहीं जिम्मेदारी दी जाएगी। सरकार बनेगी उनको भी मौका मिलेगा। चुनाव तो पार्टी लड़ती है, और मुझे पूरा विश्वास है कि सब लोग मिलकर लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी जिताऊ प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है, आगे आने वाली सूचियां में भी

### कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 को होगी जारी : दीपक बैज



■ महिलाओं की होगी अच्छी भागीदारी

कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को जारी होगी इसके लिए 17 अक्टूबर को बैठक होगी, जिसके बाद सूची जारी करना हाईकमान के हाथ में है। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कही।

कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में पहली सूची में पहले चरण के साथ दूसरे चरण के लिए घोषित पार्टी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों के साथ जीतकर आएंगे। पहले चरण की ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। सात विधायकों की टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि सीईसी-हाई कमान ने निर्णय लिया है। और जो निर्णय लिया गया है, वह हम सबको स्वीकार है। नवागढ़ सीट पर वर्तमान कांग्रेस विधायक का टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि एक-एक सीट पर चर्चा कर फैसला लिया है। हाई कमान का निर्णय सबके लिए स्वीकार्य है, और कहीं नुकसान नहीं होगा। वहीं जगदलपुर सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के सवाल पर कहा कि इसके लिए मंथन जारी है।

**प्रचार करने के लिए नहीं जाऊंगा चित्रकोट**

चित्रकोट से पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि हाईकमान का निर्णय सर्वोपरी है। मैने पहले ही चित्रकोट की जनता से पहले ही कहा चुका हूं कि चाहे मुझे टिकट मिले या नहीं मिले। यहां से जिस कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिले, उसे ऐतिहासिक मतों से जिताना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी प्रदेश अध्यक्ष को उतारा**

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियां इस बार कोई जीतने का कोई मौका नहीं चूकना चाहती। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर सांसद अरुण साव को लोरमी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और बस्तर लोकसभा सांसद दीपक बैज को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। यह वही सीट है, जिस पर पहले दीपक बैज विधायक हुआ करते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### घोषित प्रत्याशियों की सूची

| विधानसभा | प्रत्याशियों के नाम |
|---|---|
| अंबिकापुर | - टीएस सिंहदेव |
| सीतापुर | - अमरजीत भगत |
| खरसिया | - उमेश पटेल |
| कोरबा | - जय सिंह अग्रवाल |
| सक्ती | - डॉ. चरणदास महंत |
| आरंग | - डॉ. शिवकुमार डहरिया |
| डोंडीलोहारा | - अनिला भेंडिया |
| पाटन | - भूपेश बघेल |
| दुर्ग ग्रामीण | - ताम्रध्वज साहू |
| साजा | - रविंद्र चौबे |
| नवागढ़ | - गुरु रुद्र कुमार |
| पंडरिया | - नीलकंठ चंद्रवंशी |
| कवर्धा | - मो. अकबर |
| खैरागढ़ | - यशोदा वर्मा |
| डोंगरगढ़ | - हर्षिता स्वामी बघेल |
| राजनांदगांव | - गिरीश देवांगन |
| डोंगरगांव | - डालेश्वर साहू |
| खुज्जी | - भोलाराम साहू |
| मोहला-मानपुर | - इंद्रशाह मंडावी |
| अंतागढ़ | - रूप सिंह पोटाई |
| भानुप्रतापपुर | - सावित्री मंडावी |
| कांकेर | - शंकर ध्रुर्वा |
| केशकाल | - संतराम नेताम |
| कोंडागांव | - मोहन मरकाम |
| नारायणपुर | - चंदन कश्यप |
| बस्तर | - लखेश्वर बघेल |
| चित्रकोट | - दीपक बैज |
| दंतेवाड़ा | - छविंद्र कर्मा |
| बीजापुर | - विक्रम मंडावी |
| कोंटा | - कवासी लखमा |

### सूची जारी होते ही प्रत्याशियों का विरोध
### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

कांग्रेस की पहली सूची जारी होते ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। खैरागढ़ और डोंगरगढ़ के प्रत्याशी से नाखुश ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुढ़ीपार (खैरागढ़) अध्यक्ष कोमल दास साहू और युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को दिए अपने इस्तीफा में लिखा कि डोंगरगढ़ विधानसक्षा क्षेत्र से वर्तमान विधायक भुनेश्वर बघेल को प्रत्याशी न बनाकर नए प्रत्याशी के तौर पर हर्षित स्वामी बघेल को टिकट दिया गया है। भुनेश्वर बघेल ने विधायक के रूप में संगठन को अपना पूरा सहयोग किया है, जिस पर उन्हें टिकट नहीं दिए जाने के विरोध में पदाधिकारी के तौर पर इस्तीफा सौंप रहा हूं। बतौर कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

इसी तरह युवा कांग्रेस विधानसभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपे अपने इस्तीफे में पार्टी द्वारा चुने गए प्रत्याशी को लेकर अपना असंतोष जाहिर करते हुए पद से इस्तीफा देते हुए बतौर कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े रहने की बात कही।

# कांग्रेस की 3 राज्यों के लिए पहली सूची घोषित



■ पार्टी ने मध्य प्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ 30 और तेलंगाना से 55 प्रत्याशी किए घोषित

■ कमलनाथ छिंदवाड़ा, शिवराज के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अगले महीने से होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 229 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें मध्यप्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ से 30 और तेलंगाना से 55 उम्मीदवारों के नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पार्टी ने छिंदवाड़ा से टिकट दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा गया है। मस्ताल ने 2008 में आई रामायण में हनुमान का किरदार निभाया था। डॉ. गोविंद सिंह को लहार विधानसभा सीट से तथा दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनकी परम्परागत सीट पाटन से और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर से प्रत्याशी बनाया गया है। ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है।

**रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन प्रत्याशी**- कांग्रेस ने राजनांदगांव सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन को चुनाव मैदान में उतारा है।

पहली सूची के मुताबिक कांग्रेस ने छह नए चेहरों पर दांव लगाया है वहीं छह विधायक टिकट से वंचित किए गए हैं। तेलंगाना में कांग्रेस ने 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 55 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। डॉ. कोटा नीलिमा को सनथ नगर विधानसभा क्षेत्र से, जुपल्ली कृष्ण राव को कोल्लापुर से, पार्टी के विधायक दल के नेता भट्टी विक्रमार्क मल्लू को मधुर (एससी) आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस ने अपने एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में पुराने चेहरों पर दांव लगाया है।

**मप्र में 19 व छत्तीसगढ़ में 4 महिलाओं के नाम**

मध्य प्रदेश की पहली सूची में 19 महिलाओं के नाम हैं। इस तरह कांग्रेस ने लगभग 12 प्रतिशत् महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पार्टी ने छत्तीसगढ़ चार महिलाओं को अपना उम्मीदवार बनाया है जिनमें डौंडीलोहारा(सु) से अनिला भेड़िया, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार दोपहर बाद लगभग 4:08 बजे भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। इसका केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था जो दिल्ली की सीमा से सटा हुआ है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### कैंपस के अंदर बाइक दुर्घटना में जेएनयू छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में रविवार तड़के एक बाइक दुर्घटना में 22 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार उसका दोस्त घायल हो गया। बाइक दो पैदल छात्रों से टकरा गई थी। वे दोनों भी घायल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब केटीएम बाइक, जिस पर मृतक और उसका दोस्त यात्रा कर रहे थे, दो पैदल यात्रियों से टकरा गई। मृतक की पहचान बिहार के गया के मूल निवासी अंशू कुमार के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बारूदी सुरंग विस्फोट में सैनिक घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। नौशेरा सेक्टर के कलसियान इलाके में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में गुरचरण सिंह नामक एक सैनिक घायल हो गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम और थंगाचीमादम से 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जबकि मछुआरों की पांच मैकेनिकल नौकाएं भी जब्त की हैं। चार नावों में रामेश्वरम घाट से कम से कम 23 मछुआरे और एक नाव में चार मछुआरे थंगाचीमादम से समुद्र में उतरे थे।

# अमित शाह और सीएम योगी आज प्रदेश में

### भाजपा के प्रचार अभियान की होगी शुरुआत





**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के केंद्रीय मंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का दौर शुरू हो गया है।

पहले चरण के लिए 20 सीटों के प्रचार की शुरूआत भाजपा 16 अक्टूबर को राजनांदगांव से करेगी। इस अभियान में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव से अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

# ऑपरेशन अजय: इजरायल से दो और उड़ानें दिल्ली पहुंचीं



**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। युद्धग्रस्त इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के 'ऑपरेशन अजय' के तहत रविवार सुबह दो और उड़ानें राष ?ट्रीय राजधानी में उतरीं। एक में 197 और दूसरी में 274 यात्री थे। तेल अवीव से 197 यात्रियों के साथ तीसरी उड़ान तड़के करीब चार बजे यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंची। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने आगमन पर तिरंगे के साथ भारतीय नागरिकों का स्वागत किया। इजरायल से 274 भारतीय नागरिकों को लेकर चौथी उड़ान सुबह करीब सात बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन अजय के तहत 212 लोगों के साथ गुरुवार को एक उड़ान दिल्ली पहुंची थी जबकि दूसरी शनिवार को 235 भारतीय नागरिकों को इजरायल से लेकर आई थी। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि सरकार का मुख्य ध्यान वहां फंसे 18 हजार भारतीयों को वापस लाना है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान उन भारतीयों को वापस लाने पर है जो इजराइल से बाहर आना चाहते हैं। वहां छात्रों सहित 18 हजार भारतीय हैं। सरकार ने युद्धग्रस्त इजराइल से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है।

**गाजा में इलाज के बिना हो सकती है हजारों लोगों की मौत**

तेल अवीव। हमास-इजरायल जंग के बीच गाजा के डॉक्टरों ने कहा है कि अस्पतालों में ईंधन और बुनियादी चीजों की कमी के कारण हजारों लोग मर सकते हैं। पिछले हफ्ते हमास के हमले के बाद से इजरायल उत्तरी गाजा में जवाबी कार्रवाई कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आने वाले दो दिनों के भीतर गाजा के अस्पतालों में जनरेटर ईंधन खत्म होने की आशंका है, जिससे हजारों मरीजों की जान खतरे में पड़ जाएगी। हमास के हमले के बाद इजरायल की तरफ से 40 किमी लंबे क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस वजह से गाजा का एकमात्र पावर प्लांट ईंधन की कमी के कारण बंद हो गया।

# मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस वे पर दुर्घटनाओं में 15 की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक, बस और एक निजी कार से हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के विपक्षी नेताओं और अन्य लोगों ने दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की, जबकि शिंदे ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए 5 लाख रुपए मुआवजे और सभी घायलों के लिए पूर्ण मुफ्त इलाज की घोषणा की। एक अधिकारी ने बताया कि पहली दुर्घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब एक यात्री मिनी बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि बस बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का सम्मेलन आज से


# बॉर्डर की चुनौतियों व अपनी क्षमता की समीक्षा करेगी सेना

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना चीन और पाकिस्तान से लगे अपने बॉर्डर की सुरक्षा चुनौतियों और फोर्स की क्षमता दक्षता समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा करने जा रही है। यह समीक्षा सोमवार से शुरू की जाएगी। सोमवार से भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का पांच दिवसीय सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। आर्मी कमांडर्स की यह कॉन्फ्रेंस सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में हो रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सेना की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, सेना के कमांडरों के सम्मेलन का आयोजन 20 अक्टूबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम वैचारिक आधार पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय सेना को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की सुविधा प्रदान करने का एक संस्थागत मंच है। इस वर्ष लाए गए नए प्रारूप को जारी रखते हुए, आगामी निर्धारित, सेना कमांडरों का सम्मेलन भी हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस सेना कमांडर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल रूप से मिलेंगे, तत्पश्चात शेष विचार-विमर्श कार्य भौतिक प्रारूप में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर रक्षा सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अजय कुमार सूद भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर एक संभाषण देंगे। भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा वर्तमान व उभरते सुरक्षा परिदृश्यों पर शीर्ष नेतृत्व विचार-विमर्श करेगा। वे वर्तमान सुधार प्रक्रिया, प्रशिक्षण मामलों, मानव संसाधन प्रबंधन पहलुओं तथा सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिकों को प्रभावित करने वाले विषयों की समीक्षा सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करेंगे।

# पूर्व एनसीपी कोषाध्यक्ष से जुड़ी 315 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनसीपी के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन और उनके बेटे मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने रविवार को कहा कि उसने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड की 315.6 करोड़ रुपए की 70 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने महाराष्ट्र के जलगांव, मुंबई, ठाणे और सिल्लोड और गुजरात के कच्छ सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित 70 अचल संपत्तियों और पवन चक्कियों, चांदी और हीरे के आभूषण या बुलियन और भारतीय मुद्रा जैसी चल संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

# बसपा ने तीसरी सूची में चार प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान




**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। तीसरी सूची में 4 प्रत्याशियों का नाम है। ये चारों प्रत्याशी मुंगेली बिलासपुर, आरंग और अहिवारा के हैं। जिनके नाम की घोषणा की गई है। फिलहाल 60 प्रत्याशियों के नाम की सूची आना बाकी है। बीएसपी ने विधानसभा चुनाव के लिए 4 और प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया है। ऐसे में बीएसपी ने अब तक कुल मिलाकर 30 प्रत्याशियों का नाम जारी किया है। बसपा ने बिलासपुर से श्रद्धा सैमसन को अपना प्रत्याशी चुना है। वहीं मुंगेली से समारू भास्कर, आरंग से एड संतोष मारकंडे और अहिवारा से इंदर पूर्णिमा लहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## राजनीति

### बहुजन समाज पार्टी के खिसकते जनाधार पर चंद्रशेखर की नजर

# बसपा को टक्कर देकर सियासी जमीन पाने में जुटी आजाद समाज पार्टी

**लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के खिसक रहे जनाधार को देखते हुए आजाद समाज पार्टी अपने को नए विकल्प के तौर पर पेश करने में जुटी है। इसी कारण पार्टी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में दो राज्यों , राजस्थान और मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत कर दी है।**

*राजनीतिक जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी दल अपने-अपने हिसाब से जातीय समीकरण दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सर्वाधिक 80 सीटों वाले यूपी में जातीय राजनीति आज भी काफी असरकारी है। इसे देखते हुए ही सियासी पार्टियों ने जातीय प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों को अपने साथ रखा है। जहां तक बसपा का सवाल है, वो लोकसभा के चुनावी मैदान में अकेले उतरने का एलान कर चुकी है। 2012 में सत्ता से बेदखल होने के बाद चुनावी प्रदर्शन में बसपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। मायावती भी सियासी जमीन पर बहुत ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रही हैं।*



**राजस्थान व मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत की**

***2022 चुनाव के बाद मायावती ने कोई रैली नहीं की***-*2022 के चुनाव के बाद उन्होंने कोई भी रैली नहीं की है। इतना ही नहीं बसपा प्रमुख ने प्रदेश के किसी भी जिले का दौरा भी नहीं किया है, जिससे पार्टी के कोर वोटबैंक दलित समुदाय के छिटकने की बातें सामने आई है। यही वजह है कि आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद न केवल कांशीराम की सियासी विरासत के सहारे दलितों के दिल में जगह बनाने, बल्कि बसपा के सिकुड़ने से खाली हो रही सियासी जमीन को अपने पाले में लाने में जुटे हैं। उनकी इस मेहनत के बाद दलित वोट, खासकर जाटव, किसके पक्ष में आते हैं, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो जाएगा। संविधान संरक्षण मंच के मुखिया ने कहा कि बसपा की स्वीकार्यता का ग्राफ गिर रहा है।*

# देश

**उवाच**

राज्य सरकार और ठेकेदार दोनों मिलकर राज्य को लूट रहे हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन राज्य सरकार का कमीशन वसूली केंद्र बन गया है। गांव से लेकर विधानसभा तक भ्रष्टाचार देखने को मिलता है और खुलेआम चल रहा है।

**–बसवराज बोम्मई, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 21.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# आतंकवाद शांति में बाधक : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है। वैश्विक शांति और समृद्धि का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति और विकास में बाधक है और आतंक से सभी स्त्रोतों को सामूहिक संकल्पशक्ति से परास्त करना होगा। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि पी-20 शिखर सम्मेलन में 48 संसदीय निकायों के प्रमुखों ने माना है कि सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसदों की संप्रभुता होती है और उनमें दूसरे देशों के आंतरिक मामलों के बारे में चर्चा नहीं की जा सकती है। ओम बिरला ने यहां पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति आभार ज्ञापन के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर यह बात बताई। उन्होंने कहा हमारा स्पष्ट मत है और इसे सबने एक मत से माना है कि संसद सर्वोच्च विधायी संस्था होती है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों को लेकर कभी किसी अन्य देश की संसद में चर्चा नहीं हो सकती है। तुर्की की संसद के पीठासीन अधिकारी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मेहमान नेता द्वारा तुर्की में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को भारत की शह के आरोप के बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे कई बार स्पष्ट किया है। हम आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियां, आतंकवादियों को प्रश्रय दिए जाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसी गतिविधियों का भारत में कहीं कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद चाहे जाति के नाम पर हो या धर्म के नाम पर, भारत उसके किसी भी पक्ष या स्वरूप को कतई कोई समर्थन नहीं देता है। लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों का यह नौवां पी-20 शिखर सम्मेलन सबसे कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी 20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' था। पी 20 शिखर सम्मेलन में जी 20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी-20 शिखर सम्मेलन शिष्टमंडलों की भागीदारी के मामले में अब तक का सबसे सफल पी 20 शिखर सम्मेलन था।

■ **पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति जताया आभार**



**संसद में दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर चर्चा नहीं हो सकती : ओम बिरला**

**सम्मेलन में 436 प्रतिनिधियों ने लिया भाग**

बिरला ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को जी-20 के सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद ने पहली बार पी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जी-20 और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के अलावा 48 संसद सदस्यों ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन में जी-20 और आमंत्रित देशों के कुल 436 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिरला ने कहा कि सम्मेलन में भारत की पहल पर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम होने पर चिंता व्यक्त की गई। इस संदर्भ में सितंबर 2023 में भारत की संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक 2023 को अंगीकार किए जाने का सभी देशों ने न सिर्फ स्वागत किया बल्कि उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। आतंकवाद तथा उसके कारण मानवता को पहुंच रही पीड़ा के प्रति सभी देश चिंतित नजर आए।

सभी देशों ने जेनोफोबिया, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म अथवा आस्था के नाम पर आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की तथा विधायी, बजटीय और निरीक्षण कार्यों के आलोक में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद से निपटने में भूमिका निभाने की प्रतिज्ञा की। पी 20 शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित चार विषयों एसडीजी में तेजी लाना, सतत ऊर्जा परावर्तन, लैंगिक समानता से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर तथा सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन पर चार सत्रों में सार्थक चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## एआई आज के समय की आवश्यकता है : लोस अध्यक्ष

ओम बिरला ने कहा कि एआई आज के समय की आवश्यकता है, लेकिन इसके संदर्भ में चिंताएं भी जताई जा रही हैं। इसको देखते हुए सभी देशों ने उत्तरदायित्वपूर्ण एआई विकास और डेटा सुरक्षा से संबंधित आयामों पर अनिवार्य रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्व में अवसरों के निर्माण और कौशल को बढ़ाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में भी सभी देशों ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही मानव तस्करी को रोकने तथा श्रम गतिशीलता और कानूनी प्रवासन तथा गतिशीलता भागीदारी के लिए एक सहयोगी ढांचा विकसित करने के महत्व में विश्वास किया।



## मनोज सिन्हा ने पांच परिवारों को सौंपे जमीन के कागजात

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बांदीपोरा जिले में पांच बेघर परिवारों को जमीन के कागजात सौंपे। उपराज्यपाल ने कहा कि बेघर लोगों को घर मुहैया कराने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को आगे बढ़ा जा रहा है। इस अवसर पर मनोज सिन्हा ने कई सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा भी की।

उन्होंने बांदीपोरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पीआरआई सदस्यों और स्थानीय लोगों के कई प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत की और उनकी शिकायतें सुनीं और उन्हें सरकार की ओर से शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया। बनयारी के स्थानीय निवासी अर्शीद अहमद ने कहा कि वे बांदीपोरा प्रशासन और एलजी मनोज सिन्हा के बहुत आभारी हैं कि उन्हें घरों के लिए जमीन के कागजात सौंपे गए हैं।

## मप्र में कांग्रेस की 144 प्रत्याशियों की पहली सूची

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ, लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ.हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं। पूर्व मंत्री बाला बच्चन राजपुर (अजा) से, लखन घनघोरिया जबलपुर पूर्व (अजजा), तरुण भनोत जबलपुर पश्चिम, ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी (अजा), सुखदेव पांसे मुलताई, प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, हुकुम सिंह कराड़ा शाजापुर, सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ (अजा), डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह साधौ महेश्वर (अजा), सचिन यादव कसारवद, उमंग सिंघार गंधवानी (अजजा) और सुरेंद्र सिंह बघेल कुक्षी (अजजा) से चुनावी मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद और नरेला से मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंदौर-एक से संजय शुक्ला, इंदौर-दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू और इंदौर-चार से राजा मंधवानी चुनाव लड़ेंगे। चंदेरी से गोपाल सिंह चौहान, मुंगावली से राव यादवेंद्र यादव, सुरखी से नीरज शर्मा, देवरी से हर्ष यादव, नरयवायली (अजा) से सुरेंद्र चौधरी, बंडा से तरवर सिंह लोधी, टीकमगढ़ से यादवेंद्र सिंह, जतारा (अजा) से किरण अहिरवार, पृथ्वीपुर से नितेंद्र सिंह राठौर और खरगापुर से चंदा सिंह गौर को उम्मीदवार घोषित किया गया है। महाराजपुर से नीरज दीक्षित, चंदला (अजा) से हरप्रसाद अनुरागी, राजनगर से विक्रम सिंह नातीराजा, छतरपुर से आलोक चतुर्वेदी, बिजावर से चरण सिंह यादव, मलहरा से साधवी राम सिया भारती, पथरिया से राव ब्रजेंद्र सिंह और जबेरा से प्रताप सिंह लोधी प्रत्याशी होंगे। हटा (अजा) से प्रदीप खटीक, पवई से मुकेश नायक, गुन्नौर (अजा) से जीवन लाल सिद्धार्थ, चित्रकूट से नीलांशु चतुर्वेदी, रैगांव (अजा) से कल्पना वर्मा, सतना से सिद्धार्थ कुशवाह, नागौद से डॉ.रश्मि सिंह पटेल, अमरपाटन से राजेंद्र कुमार सिंह, त्योंथर से रामशंकर सिंह पटेल, मऊगंज से सुखेंद्र सिंह बना, मनगवां (अजा) से बबिता साकेत, गुढ़ से कपिध्वज सिंह, चुरहट से अजय सिंह और सिहावल से कमलेश्वर पटेल उम्मीदवार घोषित हुए हैं। चितरंगी (अजजा) से मानिक सिंह, सिंगरौली से रेणु सिंह, जैतपुर (अजजा) से उमा धुर्वे, अनूपपुर (अजजा) से रमेश सिंह, पुष्पराजगढ़ (अजजा) से फुंदेलाल मार्को, बड़वारा (अजजा) से विजय राघवेंद्र सिंह, पाटन से नीलेश अवस्थी, बरगी से संजय यादव, जबलपुर पूर्व (अजा) से लखन घनघोरिया, जबलपुर उत्तर से विनय सक्सेना और जबलपुर पश्चिम से तरुण भनोत प्रत्याशी रहेंगे। सिहोरा (अजजा) से एकता ठाकुर, शाहपुरा (अजजा) भूपेंद्र मरावी, डिंडोरी (अजजा) से ओंकार सिंह मरकाम, बिछिया (अजजा) से नारायण सिंह पट्टा, बैहर (अजजा) से संजय उइके, लांजी से हिना कांवरे, परसवाड़ा से मधु भगत, बालाघाट से अनुभा मुंजारे, कटंगी से बोध सिंह भगत, बरघाट (अजजा) से अर्जुन सिंह काकोड़िया, सिवनी से आनंद पंजवानी, केवलारी से रजनीश सिंह, लखनादौन (अजजा) से योगेंद्र सिंह बाबा, गोटेगांव (अजा) से शेखर चौधरी, नरसिंहपुर से लखन सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा से संजय शर्मा, छिंदवाड़ा से कमलनाथ, मुलताई से सुखदेव पांसे, बैतूल से निलय डागा और घोड़ाडोंगरी (अजजा) से राहुल उइके उम्मीदवार बनाए गए हैं। भैंसदेही (अजजा) से धरमू सिंह सिरसाम, टिमनरी (अजजा) से अभिजीत सिंह, हरदा से रामकिशोर डोगने, उदयपुरा से देवेंद्र पटेल गदरवास, सिलवानी से देवेंद्र पटेल, विदिशा से शशांक भार्गव, गंजबासौदा से निशंक जैन, शमशाबाद से सिंधू विक्रम सिंह, बैरसिया (अजा) से जयश्री हरिकिरण, नरेला से मनोज शुक्ला, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद, बुधनी से विक्रम मस्ताल, आष्टा (अजा) से कमल चौहान, सीहोर से शशांक सक्सेना, राजगढ़ से बापू सिंह तंवर, खिलचीपुर से प्रियव्रत सिंह, सुसनेर से भेरू सिंह बापू और आगर (अजा) से विपिन बानखेड़े प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। शाजापुर से हुकुम सिंह कराड़ा, कालापीपल से कुनाल चौधरी, सोनकच्छ (अजा) सज्जन सिंह वर्मा, हाटपिपल्या से राजवीर सिंह बघेल, मांधाता से उत्तम पाल सिंह, पंधाना (अजजा) से रूपाली बरे, भिकनगांव (अजजा) से झूमा सोलंकी, दतिया से अवधेश नायक, मुंगावली से राव यादवेंद्र सिंह, कटंगी से पूर्व बीजेपी सांसद बोध सिंह भगत और सुरखी से नीरज शर्मा। बड़वाह से नरेंद्र पटेल और महेश्वर (अजा) से डॉ.विजय लक्ष्मी साधौ, कसरावद से सचिन यादव और खरगोन से रवि जोशी प्रत्याशी हैं। भगवानपुरा (अजजा) से केदार डावर, राजपुर (अजजा) से बाला बच्चन, बड़वानी (अजजा) से राजन मंडलोई, अलीराजपुर (अजजा) से मुकेश पटेल, जोबट (अजजा) से सेना पटेल, झाबुआ (अजजा) से डॉ.विक्रांत भूरिया, थांदला (अजजा) से वीर सिंह भूरिया, पेटलावद (अजजा) वाल सिंह मेड़ा, सरदारपुर (अजजा) प्रताप ग्रेवाल, गंधवानी (अजजा) से उमंग सिंघार, कुक्षी (अजजा) सुरेंद्र सिंह बघेल, धरमपुरी (अजजा) पांचीलाल मेड़ा, देपालपुर (अजजा) से विशाल पटेल और इंदौर एक से संजय शुक्ला प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा इंदौर दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू, इंदौर चार से राजा मंधवानी, राऊ से जीतू पटवारी, सांवेर (अजा) से रीना बौरासी, नागदा से दिलीप सिंह गुर्जर, महिदपुर दिनेश जैन बॉस, तराना (अजा) महेश परमार, घट्टिया (अजा) से रामलाल मालवीय, उज्जैन उत्तर से माया राजेश त्रिवेदी, सैलाना (अजजा) से हर्ष विजय गेहलोत, आलोट (अजा) मनोज चावला, मंदसौर से विपिन जैन, सुवासरा से राकेश पाटीदार और मनासा से नरेंद्र नाहटा को चुनावी रण में उतारने का फैसला लिया गया है।

**सार संक्षेप**

### मोदी ने महाराष्ट्र में हुई दुर्घटना पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने इस हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए मुआवजे की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है।

### बिहार के कैमूर में वैन पलटी, 25 लोग घायल

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में रविवार को एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोग अघौरा थाना क्षेत्र के गांव गमकलां के निवासी हैं। ये सभी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां मुंडेश्वरी देवी मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। यह हादसा कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के हनुमान घाट पर हुआ। सभी घायलों को भगवानपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उनमें से 15 को भभुआ के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया, क्योंकि उन्हें गंभीर चोटें आई थीं और उनकी स्थिति गंभीर थी। घायल व्यक्तियों ने दावा किया कि वैन चालक वाहन को तेज गति से चला रहा था। इस दौरान वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वैन पलट गई।

### नीतीश ने अर्जुन मंडल के निधन पर जताया शोक

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री एवं जमुई के पूर्व विधायक अर्जुन मंडल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वह एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उन्होंने बिहार सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

### तमिलनाडु में 15.21 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने इस सप्ताह तमिलनाडु के चेन्नई और त्रिची में चलाए गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रुपए मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त कीं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि श्रीलंका से सोने की तस्करी की गई थी और इसे नागपट्टिनम जिले के तटीय क्षेत्र से होते हुए एक कार में चेन्नई ले जाया जा रहा था।

## सिक्किम बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार : सीएपी

**गंगटोक,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिटीजन एक्शन पार्टी (सीएपी) ने इस महीने की शुरुआत में सिक्किम में आई बाढ़ के बाद पुनर्वास कार्य की स्थिति पर 'श्वेत पत्र' जारी करने की मांग की है। सीएपी के संस्थापक सह मुख्य समन्वयक गणेश राय के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। प्रतिकूल परिस्थितियों पर पार्टी की तथ्यान्वेषी समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सीएपी नेताओं ने राज्य सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए किए गए पुनर्वास कार्यों पर एक श्वेत पत्र लाने के लिए दबाव डाला। सीएपी कार्यकर्ताओं ने पुनर्वास व्यवस्था को लेकर सरकार के समक्ष कई ज्वलंत सवाल उठाया है। उन्होंने शिकायत की कि राज्य की सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा सरकार ने हर कदम पर गलती की है। सीएपी के कार्यकारी अध्यक्ष डीबी चौहान ने कहा कि हम तब तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे जब तक कि सभी प्रभावित लोगों का पुनर्वास नहीं हो जाता। हम हाल की बाढ़ पर श्वेत पत्र जारी करने, नुकसान का आकलन शीघ्र करने और मुआवजा देने की मांग करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग ने गत शनिवार को डिक्चु तथा फिदांग का दौरा किया और पीड़ितों की शिकायतें सुनीं।

## महिला अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं रुकनें का नाम नहीं ले रही है।



तमाम आंकड़ों में उत्तर प्रदेश महिला अपराधों के मामले में सबसे ऊपर है लेकिन सरकार जमींनी सच्चाई न जानने और न मानने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों में अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हर दिन प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, हत्या और छे पिछले दिनों अमरोहा इलाज कराने गई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। मैनपुरी में स्कूटी से जा रही महिला पर चाकू से हमला हुआ। भाजपा सरकार प्रदेश में अपराधों को रोक पाने में विफल है। भाजपा का कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठ और कोरी लफ्फाजी है। वहीं दूसरी ओर अखिलेश यादव ने शारदीय नवरात्र पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि यह पर्व सबको नवशक्ति, नव संकल्प से परिपूर्ण करे और सबके जीवन को मंगलमय बनाये। यही कामना, शुभकामना है।

**प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल**

### भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही पुलिस

सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही है। आम जनता और गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। जनता भाजपा के कुशासन से कराह रही है। राज्य की जनता भाजपा सरकार से बुरी तरह उकता गई है। भाजपा सरकार में पुलिस-प्रशासन कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने और भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

## बीआरएस का चुनाव घोषणा पत्र जारी

**हैदराबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीआरएस पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया जिसमें किसानों, महिलाओं और गरीब आबादी के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बीआरएस पार्टी के घोषणापत्र में वादा किया कि बीआरएस के सत्ता में आने पर किसानों के लिए रायथु बंधु योजना की वर्तमान राशि दस हजार रुपए प्रति एकड़ को बढ़ाकर बारह हजार और पांचवें वर्ष तक सोलह हजार रूपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि तेलंगाना के गठन के दौरान सामने आई परिस्थितियों को गहराई से समझने के बाद अच्छी नीतियां बनाई गईं है। बजट को करीब तीन लाख करोड़ तक ले जाया गया है। जीएसडीपी ढाई गुना बढ़ी है। प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। कल्याण के लिए विकास को प्राथमिकता दी गई है। कल्याण और पूंजीगत व्यय के मामले में तेलंगाना देश के लिए एक मॉडल बन गया है। तेलंगाना में सर्वोत्तम आर्थिक नीति, सर्वोत्तम विद्युत नीति, सर्वोत्तम पेयजल नीति, सर्वोत्तम सिंचाई नीति, सर्वोत्तम कृषि नीति, सर्वोत्तम दलित नीति, सर्वोत्तम कल्याण नीति, सर्वोत्तम शिक्षा नीति, सर्वोत्तम स्वास्थ्य नीति, सर्वोत्तम औद्योगिक नीति, सर्वोत्तम आवास नीति सफलतापूर्वक लागू की जा रही है। ये सभी नीतियां यथावत जारी रहेंगी। समय-समय पर इन नीतियों का प्रोत्साहन एवं संवर्धन किया जाएगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आज बीआरएस अपने 2023 चुनाव घोषणापत्र के रूप में कुछ नए वादों की घोषणा कर रहा है। इसमें सभी के लिए चावल योजना शामिल है।

■ **केसीआर ने किसानों, महिलाओं व गरीबों पर दिया जोर**



### एलआईसी को मजबूत करने में योगदान देने का वादा

हम राज्य में हर गरीब परिवार को रायथु बीमा की तर्ज पर एलआईसी के माध्यम से 5 लाख रुपए का जीवन बीमा प्रदान करेंगे। इस बीमा का शत प्रतिशत प्रीमियम सरकार भरेगी। गरीबों का भरपूर भला करके हम सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था एलआईसी को मजबूत करने में योगदान देंगे।

## बंगाल विस का एक दिन का विशेष सत्र आज

**कोलकाता,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य में मंत्रियों और विधायकों के वेतन बढ़ाने के बारे में दो महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने के लिए सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। पहला विधेयक बंगाल विधानसभा (सदस्यों की परिलब्धियां) और दूसरा पश्चिम बंगाल वेतन और मजदूरी पर है। इसे विशेष सत्र के दौरान सोमवार दोपहर 12 बजे सत्ता पक्ष द्वारा पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार सुबह 11 बजे कार्य सलाहकार समिति की बैठक होगी जिसमें विधेयक पर चर्चा का समय तय किया जाएगा। पश्चिम बंगाल विस में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा विधायक विशेष सत्र में भाग नहीं लेंगे क्योंकि वे मंत्रियों और विधायकों के बढ़े हुए वेतन के खिलाफ हैं। बीमारी के कारण एक महीने से घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी संभवत: बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। विशेष सत्र ऐसे दिन बुलाई गई है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में एक लोकप्रिय सामुदायिक दुर्गा पूजा का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस साल 7 सितम्बर को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा की थी।



**मांग** *सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से मांगे 4860 करोड़*

# कर्नाटक में सूखाग्रस्त किसानों को 30 हजार करोड़ का नुकसान

**मैसूर, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस साल किसानों पर सूखे की भयानक मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सूखा प्रभावित इलाकों के किसानों को लगभग 30 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। रविवार को सिद्धारमैया ने कहा कि 42 लाख हेक्टेयर में लगी किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कर्नाटक के 236 तालुका में 216 को सूखा ग्रस्त घोषित कर चुकी है। किसानों की परेशानी देखते हुए सीएम सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से भी आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

कर्नाटक के ऐतिहासिक आयोजन-मैसूर के दशहरा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सिद्धारमैया ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार से 4860 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड के नियमों के मुताबिक कर्नाटक सरकार ने केंद्र सरकार से आर्थिक मदद मांगी है।



■ **केंद्र से एनडीआरएफ के नियमों के तहत आर्थिक मदद की अपील**

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि कर्नाटक सरकार ने सूखे की समस्या की गंभीरता को देखते हुए पहले 195 तालुका को सूखाग्रस्त घोषित किया था। उन्होंने कहा कि सूखे का संकट और बढ़ने के बाद कैबिनेट की सब-कमेटी ने 21 और तालुका को सूखाग्रस्त घोषित किया।

इस तरह सरकार ने राज्य के कुल 216 तालुका को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है। किसानों की मदद के लिए कांग्रेस सरकार की नीति बताते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की मदद के लिए इनपुट सब्सिडी देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पेयजल, चारा, मवेशियों के लिए पानी, रोजगार और अन्य राहत उपायों के लिए इनपुट सब्सिडी प्रदान करेगी। इस साल सूखे की मार इसलिए अधिक चिंताजनक है क्योंकि हरित सूखा देखा जा रहा है। इसका मतलब ये हुआ कि रोपाई के बाद किसानों की फसलें तो उगी हैं लेकिन पैदावार नहीं हुई है। देश में इस साल मॉनसून की बेरुखी ने किसानों के सपने को तोड़ दिया है। किसान इस बेरुखी के बीच अपनी फसल को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यह संकट इस साल कम बारिश की वजह से बढ़ा है। देश के कई राज्यों में सूखे जैसे हालात हो गए हैं। वहीं इस बार मॉनसून में कम हुई बारिश से सबसे अधिक किसी राज्य को परेशानी हुई है, तो उसमें कर्नाटक भी एक है। पिछले महीने के आंकड़ों में यहां 195 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था। वहीं पिछले एक सप्ताह में किए गए फसल सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर 22 और तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया। नए आंकड़ों के मुताबिक, 22 सूखाग्रस्त तालुका में 11 तालुकों की पहचान गंभीर सूखे का सामना करने वाले के रूप में की गई है।

इसके साथ ही राज्य के कुल 236 तालुकों में से कुल 216 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

**तमिल कला निर्देशक मिलन फर्नांडीज का अज़रबैजान में दिल का दौरा पड़ने से निधन**

**चेन्नई।** 'बिल्ला', 'वेलुयनथम', 'वेदालम' और 'ओरम पो' जैसी कई अन्य तमिल फिल्मों के लिए प्रशंसित कला निर्देशक मिलन फर्नांडीज का अजरबैजान में दिल का दौरा पड़ने से दुखद निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर की पुष्टि लोकप्रिय मलयालम अभिनेता प्रेम कुमार ने की, जिन्होंने अपने एक्स हैंडल, पर मिलान के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, हे भगवान, कला निर्देशक मिलन सर नहीं रहे, बहुत शांत व्यक्ति, मैं उन्हें थुनिवु में जानता था। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं, यह अज़रबैजान में हुआ। तमिल अभिनेता जयराम रवि ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की, और लिखा, कला निर्देशक मिलन के निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं।

## ऐशबाग की प्रसिद्ध रामलीला अब हो गई हाईटेक

**लखनऊ,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। लखनऊ में ऐशबाग की प्रसिद्ध रामलीला शहर की सबसे पुरानी रामलीलाओं में से एक है और इसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में संत-कवि गोस्वामी तुलसीदास से मानी जाती है, जो इसे लगभग 500 वर्ष से अधिक पुरानी बनाती है। आज यह देश की सबसे हाईटेक रामलीला बनने का गौरव हासिल कर चुकी है।

ऐशबाग के श्री राम लीला समिति के महासचिव आदित्य द्विवेदी ने कहा कि 16वीं शताब्दी में जब गोस्वामी तुलसीदास चौमासा के लिए यहां आये तो वे इसी स्थान पर रुके थे जो सन्यासियों का अखाड़ा था। वह उन सन्यासियों को राम कथा सुनाते थे जिन्होंने रामलीला का मंचन करना शुरू किया था ताकि इसका मूल संदेश जनता तक आसान तरीके से पहुंचे। तुलसीदास के निर्देशन में ही रामलीला का मंचन प्रारम्भ हुआ। आदित्य द्विवेदी ने कहा कि 1773 में नवाब आसफुद्दौला अपने मंत्रियों के साथ यहां रामलीला देखने आए थे। यह देखकर वे इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने न केवल अखाड़े को 6.5 एकड़ जमीन दान में दे दी, बल्कि रामलीला के लिए वार्षिक सहायता भी देनी शुरू कर दी। आज यह सहायता लखनऊ नगर निगम द्वारा दी जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि 1857 तक, चौमासा के लिए यहां आने वाले सन्यासियों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता था। 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने सन्यासियों के आंदोलन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद अखाड़े के साधुओं ने स्थानीय लोगों से संपर्क किया जिन्होंने रामलीला का मंचन करना शुरू कर दिया। तब से अब तक कई परिवार रामलीला समिति से जुड़े हुए हैं और 10 से अधिक परिवार पीढ़ियों से समिति की सेवा कर रहे हैं। ऐसा ही एक



परिवार किशन लाल अग्रवाल का है, जिनके बेटे कन्हैयालाल, पोते प्राग दास, परपोते चमन लाल, परपोते गुलाबचंद और परपोते हरीश चंद्र समिति के प्रमुख थे। ऐशबाग के श्री रामलीला समिति के हरीश चंद्र वर्तमान अध्यक्ष हैं। द्विवेदी ने कहा कि गिरिजा भूषण सिन्हा, बसंत लाल कोहली, विष्णु नारायण चड्ढ़ा, देवी प्रसाद वर्मा, वृन्दावन अवस्थी और केदारनाथ पाधा (राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा के पिता) के परिवार के सदस्य आज भी रामलीला समिति से जुड़े हुए हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि हम सभी देश की सबसे पुरानी रामलीला का हिस्सा हैं। यहां तक कि कोविड काल में भी हमने ऑनलाइन ही रामलीला का मंचन किया।

**16वीं शताब्दी में संत-कवि गोस्वामी तुलसीदास से मानी जाती है रामलीला की उत्पत्ति**

आदित्य द्विवेदी ने आगे कहा कि हम रामलीला में विशेष प्रभावों का उपयोग करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज हम युवाओं को आकर्षित करने के लिए सर्वोत्तम तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि यहां आने वाली भीड़ में 80 प्रतिशत युवा होते हैं और जिन दिनों रामलीला का मंचन होता है, उस दौरान हमारा मैदान खचाखच भरा रहता है। आज हम विशेष प्रभाव, संगीत और ध्वनि प्रणाली के साथ त्रेता युग के दृश्य बनाते हैं। जब लड़ाई के दृश्यों का अभिनय किया जाता है, तो हमारे विशेष प्रभाव सुर्खियों में आ जाते हैं, खासकर जब हमें किसी को आकाश में उड़ते हुए और दुश्मनों को मारते हुए दिखाना होता है। हम भगवान राम को लंका जाते हुए दिखाते हुए समुद्र में लहरें पैदा करने का भी प्रबंधन करते हैं। युवा यह देखने के लिए यहां आते हैं कि हम यह कैसे करते हैं। उन्होंने कहा कि आज रामलीला बहुत महंगी होती जा रही है लेकिन हम भाग्यशाली हैं कि जो कलाकार अलग-अलग भूमिकाएं निभाने आते हैं, वे कोई शुल्क नहीं लेते। इनमें से अधिकतर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले पेशेवर हैं। उनमें से कई हमारी रामलीला में अपनी भूमिका निभाने के लिए विशेष छुट्टी लेते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से, वे ज़ूम पर अपने डायलॉग की प्रैक्टिस कर रहे हैं क्योंकि वे दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ आदि जैसे विभिन्न शहरों में स्थित हैं। हम एक भूमिका के लिए दो कलाकारों को तैयार कर रहे हैं क्योंकि अंतिम समय में कोई भी कलाकार बीमार पड़ सकता है। हालांकि, यहां धार्मिक रूप से होने वाली रामलीला के मुख्य पात्रों की पूजा करने की परंपरा है।

पिछले 10 सालों से रावण की भूमिका निभा रहे शंकर लाल ने कहा कि मैं अपना व्यवसाय अपने परिवार के सदस्यों पर छोड़कर हर साल कोलकाता से आता हूं। मुझे लगता है कि जितना अधिक मैं यहां काम करूंगा उतना ही मैं जीवन में प्रगति करूंगा। यहां काम करके मुझे शांति मिली है जो उस पैसे से कहीं अधिक है जो मैंने एक पेशेवर के रूप में कमाया होता।

हनुमान का किरदार निभाने वाले भास्कर बोस ने कहा कि एक समय था जब बिना लाउडस्पीकर के, मिट्टी के दीयों और पेट्रोमैक्स की रोशनी में रामलीला का मंचन किया जाता था।

## भाग्यश्री इस साल अयोध्या की रामलीला का बनेंगी हिस्सा

**अयोध्या,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री इस साल रामलीला में वेदवती की भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने पिछले साल कुछ समय के लिए सीता की भूमिका निभाई थी। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, वेदवती देवी सीता का पिछला जन्म है, जिन्होंने रावण को श्राप दिया था कि वह दूसरे जन्म में उसकी मृत्यु का कारण बनेगी। आयोजकों के मुताबिक, अयोध्या रामलीला के निर्देशक बॉबी मलिक ने कहा कि रामलीला के प्रत्येक एपिसोड का यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि दिल्ली और मुंबई के कई वरिष्ठ कलाकार यहां प्रदर्शन करेंगे। मलिक ने यह भी दावा किया कि पिछले साल अयोध्या की इस रामलीला को सोशल मीडिया पर 25 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा था।



11 दिवसीय कार्यक्रम में कई राज्यों से राजनीतिक और बॉलीवुड हस्तियां आएंगी। मलिक ने दावा किया कि इस बार बॉलीवुड निर्माता बोनी कपूर दर्शकों के बीच होंगे। इस बीच, अयोध्या में पारंपरिक रामलीला, जो छह दशकों से अधिक समय से दशहरा के दौरान अयोध्या में एक कैलेंडर इवेंट रहा है, कोविड-19 महामारी के कारण लागू अंतराल के बाद मंच पर लौट आई।

1964 से एक कैलेंडर इवेंट, रामलीला का आखिरी बार मंचन 17 अक्टूबर, 2021 को किया गया था। अयोध्या और हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास, दशरथ महल मंदिर के महंत बिंदु गद्दाचार्य, जानकी महल मंदिर के महंत रसिक पीठाधीश्वर, बड़ा भक्त महल मंदिर के महंत अवधेश दास जी महाराज समेत अयोध्या के सांसद, मेयर और विधायक सहित कई राजनीतिक नेता रामलीला देख रहे हैं।

## 'गांजा शंकर' का टीजर जारी, साई धर्म तेज का दिखा खतरनाक अवतार

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलुगु स्टार साई धर्म तेज के 38वें जन्मदिन पर, उनकी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'गांजा शंकर' का एक टीजर जारी किया गया है, जिसमें एक्टर को खतरनाक और खूनी अवतार में



दिखाया गया है। फिल्म में लीड रोल निभाने वाला एक्टर रोजमर्रा के टिपिकल फिल्म हीरो की तुलना में एंटी-हीरो की तरह दिख रहे हैं। टीजर की शुरुआत गांजा शंकर की बेटी से होती है, जो उनसे सुपरमैन और स्पाइडरमैन जैसे सुपरहीरो के बारे में पूछती है। बीजीएम भी अपने शुरुआती नोट्स में एवेंजर्स फिल्म की तरह लगता है, हालांकि यह जल्दी ही एक अलग मोड़ ले लेता है। रिपब्लिक फेम एक्टर अपनी बेटी को एक कहानी सुनाते हैं, क्लिप में एक्टर को सिगार पीते हुए दिखाया गया है, उनका चेहरा पूरी तरह से सामने नहीं आया है।

फिर जैसे ही वह कहानी सुनाते है, चीजें धीरे-धीरे अलग मोड़ लेने लगती हैं। पहले पुलिस अधिकारी उनका पीछा कर रहे होते हैं, और फिर बाद में वह सूर्यास्त के बीच एक पार्क में बेंच पर लेटे होते हैं। आखिरी शॉट में, चित्रलहरी एक्टर क्लीवर पकड़े हुए हैं और स्क्रीन पर खून के छींटे दिखाई दे रही हैं, इससे पहले कि लाशों का ढेर दिखाया जाता है।

फाइनल शॉट में लिखा होता है- जन्मदिन मुबारक हो हमारे मेगा सुप्रीम हीरो 'गांजा शंकर' संपत नंदी द्वारा निर्देशित है, एस नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित है, भीम्स सेसिरोलियो द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म वर्तमान में वीएफएक्स और अंतिम शॉट्स के संबंध में पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया से गुजर रही है।

## 'बॉम्बे वेलवेट' के संगीत पर अमित त्रिवेदी ने कहा कि यह मेरा निजी पसंदीदा है

**मुंबई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉक्स-ऑफिस पर असफल साबित हुए बॉम्बे वेलवेट के संगीत एल्बम को लेकर संगीतकार और गायक अमित त्रिवेदी ने कहा कि 2015 की फिल्म 'बॉम्बे वेलवेट' का संगीत मेरा व्यक्तिगत पसंदीदा है और जब उन्हें कोई परिणाम नहीं मिला तो उनका दिल टूट गया।

'बॉम्बे वेलवेट' के संगीत को कम आंके जाने के बारे में बात करते हुए त्रिवेदी ने बताया कि जब मैं इसे बना रहा था तो यह मेरा व्यक्तिगत पसंदीदा था, मुझे याद आया एक दिन मैं अपने आप से बात कर रहा था 'भाई अद्भुत है' यह बहुत अच्छा लगता है लेकिन जो भी हो यह फिल्म का ही हिस्सा है ना। उन्होंने कहा कि फिल्म के हश्र के साथ संगीत के लिए की गई मेहनत भी बर्बाद हो गई। बहुत सारी ऊर्जाएं है, और फिल्में अपनी किस्मत के साथ आती हैं। फिल्म नहीं चली, कुछ नहीं चला, संगीत नहीं चला, सब कुछ बर्बाद हो गया।

त्रिवेदी ने हाल ही में अपना नया एल्बम सॉन्ग्स ऑफ ट्रांस 2 लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि इससे दुख हुआ। आगे कहा कि यह बहुत बुरा लगा क्योंकि आपने चार साल तक कुछ नया सीखने के लिए काम किया जो आपकी शैली नहीं है। मैं जैज संगीतकार नहीं हूं, लेकिन किया और उसका रिजल्ट नहीं आया। तो दिल तो टूटता है। बॉम्बे वेलवेट अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 2015 की भारतीय पीरियड गैंगस्टर फिल्म है और यह इतिहासकार ज्ञान प्रकाश की किताब मुंबई फेबल्स पर आधारित है। इसमें रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और करण जौहर, के के मेनन, मनीष चौधरी, विवान शाह और सिद्धार्थ बसु हैं।

**बदनाम गलियों से भी निकलती है ऐसी सकारात्मक रोशनी**

## बेटियों की बनाई 'शगुन की खोइंछादानी' से भरा जाएगा मां दुर्गा का खोईंछा

**मुजफ्फरपुर,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कहा जाता है कि कभी-कभी बदनाम गलियों से भी ऐसी सकारात्मक रोशनी निकलती है जो समाज को नया संदेश देती है। ऐसा ही एक संदेश बिहार के मुजफ्फरपुर के चतुर्भुज स्थान से निकाला है जहां की लड़कियां आज शगुन की खोईंछादानी बना रही है, जिससे श्रद्धालु महिलाएं दुर्गा पूजा में मां दुर्गा का खोईंछा भरेंगी। बिहार में बेटी की विदाई के समय खोईंछा देने की परंपरा है। खोईंछा भरने के लिए पान, सुपारी, हल्दी, अक्षत, दूब, मिठाई आदि आंचल में दिए जाते हैं। माना जाता है कि मां दुर्गा का खोईंछा भरने से माता की असीम कृपा होती है, लोग धन-धान्य से संपन्न होते है।

मुजफ्फरपुर की रेड लाइट क्षेत्र की बेटियां ने इस साल खोईंछादानी बनाकर अनूठी पहल की है। गौर करने वाली बात है कि इसकी मांग भी खूब हो रही है। श्रद्धालु



से लेकर पुजारी भी खोईंछादानी खरीद रहे हैं। खोईंछादानी बना रही जैनब बताती हैं कि पहले ऐसी उम्मीद नहीं थी कि इसकी मांग

**■ पान, सुपारी, हल्दी, अक्षत, दूब, मिठाई आदि आंचल में देने की खोईंछा की परंपरा**

इतनी ज्यादा होगी लेकिन नवरात्र में नारी शक्ति को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि 500 तक खोईंछादानी बिक चुकी हैं। यहां की बेटियां आसपास के मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को भी इसे लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन बेटियों को इसके लिए प्रेरित करने वाली और इसी समाज से आने वाली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाहकार नसीमा खातून कहती हैं कि पहले यहां की बेटियां इसे बनाने से झिझक रही थी कि यहां बनाई खोईंछादानी भला लोग क्यों खरीदेंगे। तब खातून ने कहा था कि दुर्गा पूजा में जब यहां की मिट्टी की जरूरत होती है, तो लोग खोईंछादानी क्यों नहीं खरीदेंगे। शबीना बताती हैं कि इसे बनाने में पवित्रता और स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 80 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की खोईंछादानी यहां उपलब्ध हैं। कई पूजा समितियों द्वारा भी इनके लिए ऑर्डर मिले हैं। नसीमा बताती हैं कि यह एक अच्छी पहल हैं उनका मानना है कि दुर्गा पूजा के बाद भी इसकी मांग कम नहीं होने वाली है, क्योंकि बिहार में बेटियों को खोईंछा देने की परंपरा है जिसके लिए खोईंछादानी की जरूरत होगी।

## आईजेएम टोयटा ने मनाया पहली वर्षगांठ

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

लड़की वाले - लड़का कितना कमाता है?
लड़के वाले - जी इतना कमा लेता है कि अपना चालान खुद भर सके।
लड़की वाले - तो फिर रिश्ता पक्का समझिए...!

## संपादकीय

### श्रद्धा के साथ संयम हो नवरात्रि में

रविवार से नवरात्रि का पर्व प्रारम्भ हो गया जिसका समापन विजयादशमी के साथ होगा। नवरात्रि में दुर्गा देवी के विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान जगह-जगह पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है जिनका विसर्जन अंतिम दिन होगा। यही समय नौ रातों को गरबा खेलने का भी होता है जिसके प्रति युवाओं में बड़ा रूझान होता है। इन्हें देखने या उनमें भाग लेने के लिये वे बहुत उत्साह से जाते हैं। यह उत्साह और श्रद्धा का त्यौहार तो है पर इस दौरान अनुशासन व संयम भी बरते जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को शालीनता से मनाने के लिये प्रशासन द्वारा जारी सभी तरह की गाइड लाइनों के पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। यह स्वयं उनकी सुरक्षा के लिये एवं उनके हित में है।

छत्तीसगढ़ के लगभग सभी शहरों, कस्बों एवं गांवों में हर साल असंख्य स्थानों पर प्रतिमाएं बैठती हैं जिनका धूमधाम से विसर्जन होता है। साथ ही गरबा का आयोजन भी जगह-जगह पर होता है। दूसरों से अधिक भव्य एवं खर्चीला आयोजन दिखाने के चक्कर में डीजे को लेकर आयोजक एक-दूसरे से स्पर्धा करते हैं। इस प्रक्रिया में ऊंचे वॉल्यूम पर गाना-बजाना करना, डीजे चलाना और देर रात तक गरबा करना भी शामिल होता है। बुजुर्गों, बीमारों, दिल या उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों को इस शोरगुल से बहुत दिक्कत होती है। पशु-पक्षियों को भी ऊंची आवाज में गाने-बजाने से परेशानी होती है। राज्य के सभी जिलों के प्रशासन द्वारा जो गाइड लाइन जारी की गई है उसका पालन करते हुए उत्सव को शालीनता से मनाना चाहिये। इसके अनुसार आयोजन रात 10 बजे तक समाप्त हो जाने चाहिये। उसके बाद लाउड स्पीकरों का उपयोग या सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों की पूर्वानुमति ज़रूरी है और किसी भी प्रकार के हथियार लेकर आने वाले लोगों की जानकारी आयोजकों को पुलिस में देनी होगी। ऐसे ही, मूर्तियों की अधिकतम ऊंचाई 8 फुट हो, पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हों, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां न हों, पंडाल का अधिकतम क्षेत्रफल 15 गुणा 15 हो, मंदिरों में निर्धारित स्थलों पर ही ज्योत जलाई जाए, छोटे व कम वाट के सिस्टम हों और विसर्जन के लिये छोटे वाहनों का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिये। गरबा में केवल दम्पति और कपल्स को को भागीदारी करने की अनुमति दी गई है। अकेले या समूहों में आने वाले हुड़दंगियों को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिये। इनके माध्यम से कई बार असामाजिक तत्व प्रवेश कर छेड़छाड़, मारपीट, पाकिटमारी आदि करते हैं। उनके कारण कई बार और भी गम्भीर अपराधों को भी अंजाम दिया जा सकता है। उम्मीद है कि सभी आयोजन समितियां प्रशासन को पूरा सहयोग करते हुए त्यौहार को आनंद एवं श्रद्धा से आयोजित करेंगी।

# लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने बस्तर की 12 में से 11 सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा

**जगदलपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सूची का इंतजार लोगों को रहा है, जिसके बाद बस्तर की 11 सीटों के लिए कांग्रेस ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, लेकिन एक सीट पर अब भी फैसला अटकाकर रखा गया है। बताया जाता है कि जगदलपुर विधानसभा से अब तक प्रत्याशी का नाम फाइनल नहीं किया गया है। इधर 11 सीटों पर घोषित नामों में से 7 सीटों पर चेहरों को दोहराया गया है, वहीं 4 सीटों पर बदलाव किया गया है। इसके साथ ही पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को चित्रकोट से टिकट दिया गया है। वहीं इस बार बस्तर टाइगर कहे जाने वाले महेंद्र कर्मा की पत्नी देवती को नहीं, बल्कि उनके बेटे छविंद्र कर्मा को दंतेवाड़ा जिले से टिकट मिला है।

लंबे इंतजार के बाद जहां कांग्रेस ने बस्तर की 11 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं बस्तर की एक मात्र सामान्य सीट जगदलपुर का फैसला अब भी रोका गया है। बस्तर जिले की तीन विधानसभा सीटों में से दो में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है। इनमें बस्तर विधानसभा से वर्तमान विधायक लखेश्वर बघेल को दोबारा मौका दिया गया है। ऐसे में वे चौथी बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इधर पीसीसी अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज अपने गृहक्षेत्र चित्रकोट से चुनाव लड़ेंगे, जहां से वे 2 बार विधानसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इसके साथ ही दोनों बार चुनाव जीत भी चुके हैं। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें मिले टिकट के बाद वे सांसद बन गए तो इस सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस से राजमन बेंजाम को टिकट मिली, जिसके बाद वे विधायक चुने गए। इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण सीट दंतेवाड़ा रही है, जहां से बस्तर टाइगर कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा की पत्नी देवती कर्मा विधायक हैं। कर्मा के परिवार के हर सदस्य अपने आपको विधायक मानते रहे हैं। इसी के साथ ही कर्मा के बेटे छविंद्र बीते लंबे समय से टिकट के दावेदारों में शामिल होते रहे हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दी गई। पहली बार छविंद्र बतौर विधानसभा प्रत्याशी दंतेवाड़ा से खड़े होंगे। मालूम हो कि छविंद्र की बहन तूलिका भी टिकट की दावेदारी कर रहीं थीं, लेकिन वर्तमान में वे जिपं अध्यक्ष हैं।

**जगदलपुर सीट पर अब भी उहापोह की स्थिति**

कोंटा विधानसभा सीट से कवासी लखमा छठवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले वे 5 बार के विधायक रहे हैं। वहीं कांग्रेस की सरकार में लखमा आबकारी मंत्री हैं। केशकाल सीट से विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम को फिर से टिकट मिली है, जहां वे भाजपा प्रत्याशी आईएएस अफसर नीलकंठ टेकाम के सामने खड़े होंगे। कोंडागांव व नारायणपुर में भी पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम व चंदन कश्यप को ही विधायक प्रत्याशी बनाया गया है। इधर बीजापुर विधानसभा से विक्रम मंडावी को टिकट मिली है। कांकेर जिले के अंतागढ़ सीट से अनूप नाग के नाम पर सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद यहां से रूपसिंह पोटाई को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं कांकेर सीट पर पूर्व विधायक शंकर धुर्वा को दोबारा मौका दिया गया है। भानुप्रतापपुर सीट से पूर्व विस उपाध्यक्ष रहे स्व. मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री मंडावी को फिर से चुनावी मैदान में कांग्रेस ने खड़ा कर दिया है। मालूम हो कि मनोज की मौत के बाद सावित्री ने उपचुनाव में जीत हासिल की थी।

जगदलपुर में कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं, वहीं पार्टी आलाकमान ने यहीं के नतीजे को रोककर रखा हुआ है। बताया जाता है कि वर्तमान विधायक रेखचंद जैन के अलावा राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजीव शर्मा, कांग्रेस संगठन से मलकीत सिंह गैदू व पूर्व महापौर जतिन जायसवाल के नाम जगदलपुर की सूची में शामिल हैं। ऐसे में किसी एक नाम पर सहमति बनाने को लेकर खासी उहापोह की स्थिति बनी हुई है। इन हालातों में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति से बचने के लिए जगदलपुर सीट की घोषणा अगली सूचियों में किए जाने की बात कही जा रही है।



जगदलपुर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी किन्नर समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकालकर नवरात्रि की पूर्व संध्या पर मां दंतेश्वरी मंदिर में पहुंचकर पूरे विधि विधान के साथ मध्यरात्रि में पूजा अर्चना किये। किन्नर समाज के लोग शोभायात्रा में अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए । जगह-जगह पर जमकर आतिशबाजी भी की गई।

# भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया पहुंचे भानुप्रतापपुर




**भानुप्रतापपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा भानुप्रतापपुर द्वारा चुनाव संबंधित रणनीति एवं चर्चा के लिए आज भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया भानुप्रतापपुर पहुँचे। उन्होंने कहा मंडल भानुप्रतापपुर चुनाव कार्यलय में अपने अपने पोलिंग बूथ शक्ति केन्द्रो में जवाबदारी से काम करना है और एकजुट होकर कमल खिलाना है संगठन के विस्तार पूर्वक रूपरेखा बनाकर कार्यक्रम के बारे में कहा भाजपा जिला महामंत्री एवं विधानसभा संयोजक बृजेश सिंह चौहान ने विस्तार पूर्वक बात राखी, इस अवसर पर कान के लोकसभा क्षेत्र के सांसद सम्माननीय श्री मोहन मांडवी जी ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को इस बार कमर कसके 2023 विधानसभा चुनाव भानु प्रतापपुर मंडल से जीतना है बहुत ही सौभाग्य की बात है कि इस बार वहां बतापुर भाजपा मंडल से आपका प्रत्याशी चुना गया है पार्टी ने इसलिए आप सबको अपनी अधिक लगन और मेहनत से उनको जीतने के लिए अभी से लग जाना है

**चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात**

डोर टू डोर घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करना है मोदी जी के द्वारा नव वर्ष के विकास कार्यों को भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार वादा खिलाफी के बारे में जन जन तक पहुंचना है कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने किया इस अवसर में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। 19 तारीख के कांकेर जिले की तीनों विधानसभा सीटों का नामांकन कांकेर जिला कलेक्टर कार्यालय में भरा जाएगा उसके संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील गिर गई उसे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय अनुसूचित जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा की विशाल आमसभा भी होगी।

# मढ़ोनार-होड़नार बीच अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को हुए 275 दिन

**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग के अंतर्गत आने वाले जिला नारायणपुर के तहसील छोटेडोंगर के ग्राम मढ़ोनार एवं होड़नार के बीच सड़क के किनारे 12 जनवरी 2023 से 2 सुत्रीय मांग को लेकर अनिष्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए आदिवासी जनता एवं एससी, एसटी, ओबीसी जनता को 275 दिन बित चुका है, लेकिन इतने दिन बित जाने के बाद भी शासन-प्रषासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।



उपरोक्त जानकारी देते अनिष्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे आंदोलनकारियों ने बताया कि मढ़ोनार जन आंदोलन समिति द्वारा 01 राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मढ़ोनार में नवीन पुलिस केम्प खोलने के किए गए प्रस्ताव को रद्द करने एवं 02 राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा छोटे डोंगर से तोयामेटा तक कराए जा रहे सड़क चैडीकरण के कार्य को रद्द करने सम्बन्धी दो मांग किया जा रहा है, लेकिन मांग को पुरी करने के बजाय केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग जहां भारत का संविधान के तहत आदिवासी समुदाय को प्राप्त पांचवी अनुसुची एवं पेसा कानून का उल्लंघन कर बस्तर संभाग में बिना ग्राम सभा की अनुमति के बी.एस.एफ., सीआर.पी.एफ. एवं आई.टी.पी. केम्प स्थापित किया गया है। राज्य व केन्द्र सरकार के प्रायोजित हिंसाओं के कारण सरकार, सैनिक जवानों ने बस्तर संभाग में 07 जिले में अलग-अलग जगह पर शहरी क्षेत्र एवं जंगली क्षेत्र में गस्त के नाम पर भोले-भाले आदिवासी जनता एवं एससी एसटी जनता को फर्जी नक्सली मामले में फंसाकर जेल में भेजने एवं ड्रोन हमले व हवाई हमले कर रही है। हाल ही में 05 सितम्बर 2023 को बस्तर संभाग के सुकमा ताड़मेटला में दो आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली मुठभेड़ में हत्या कर शव को पुलिस जवानों द्वारा लकड़ी में पेट्रोल डालकर शव को जलाया गया। जिसकी आदिवासी अधिकार बचाओ मंच बेचा (बंग्लापारा) कड़ियामेटा जन आंदोलन एवं आमदई क्षेत्र मढ़ोनारजन आंदोलन समिति एवं आंदोलनकारियों ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की घोर निंदा करते हुए गलत कृत्य करने वालों पर कानूनी कार्य करने की मांग किया है।

# रोटरी क्लब ने दिलाई हैंडवाश डे पर स्वच्छता की शपथ

**जगदलपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब द्वारा हैंड वाश डे के उपलक्ष्य मे जिले के 5 स्कूलों में हैंड वाश डे कार्यक्रम करवाया गया और करीब 2 हजार बच्चों को स्वच्छता से सम्बंधित जानकारिया एवं फायदे बताकर बच्चों मे जागरूकता लाने का प्रयास किया गया । कार्यक्रम चेयरमेन अयाज चामड़िया ने बताया कि रोटरी क्लब ने शिक्षा विभाग द्वारा चयनित आसना आड़ावाल, हाटकचोरा, तीतीरगांव पंडरीपानी , स्कूलों में जाकर हैंड वाश डे पर सभी बच्चों हाथ धुलाई के नियम बताये गये एवं सही तरीके से हाथ धुलवाया गया और जागरूकता हेतु स्कूलों में ड्राइंग प्रतियोगीता का भी आयोजन किया गया । विजेता को क्लब की तरफ से पुरस्कार से सम्मानित दिया गया। सभी बच्चों को स्वच्छता शपथ दिला कर चॉकलेट्स वह हाथ धुलाई संबधित सामग्री वितरित की गई । आयोजन के दौरान सभी स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक गण क्लब सचिव डॉ. मनोज थॉमस सौरभ अरोरा, विवेक जैन, प्रकाश चावड़ा, श्रीधर मद्दी, कमलेश गोलछा, कुलजीत सिंह और अमरदीप सोढ़ी सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित थे ।



**ड्राइंग प्रतियोगिता कराकर बच्चों को किया जागरूक**

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शादी का प्रलोभन देकर नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को माकड़ी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



**माकड़ी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

13 अक्टूबर 2023 को प्रार्थी ने थाना माकड़ी आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी लखीप्रसाद पिता चैतराम नेताम साकिन धारली थाना माकड़ी द्वारा बहला-फुसलाकर एवं शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने से गर्भवती होकर 07 अक्टूबर को पीड़िता ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया, जो अत्यधिक कमजोर होने से जिला अस्पताल कोण्डागांव में मृत्यु हो गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 55/2023 धारा 366, 376 (2) (ढ), 376(3) भादंवि पॉक्सो एक्ट की धारा 06 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) एस.पी. कोण्डागांव के निर्देशानुसार एवं डी.आर.पोर्ते एडि.एस.पी. कोण्डागांव, रूपेश कुमार डाण्डे एडि.एस.पी. कोण्डागांव (ऑप्स) तथा निमितेश सिंह एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही कर आरोपी लखीप्रसाद पिता चैतराम नेताम 19 वर्ष साकिन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गांव-गांव तक विकास पहुंचाने सरकार का दावा

**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक ओर जहां सरकारें गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के दावा करते हुए स्वयं को आमजनों का हितैषी बताते नहीं थक रही है, वहीं दूसरी ओर कोण्डागांव जिले के विभिन्न ग्रामों में मुलभुत सुविधाओं के लिए तरसते कई ग्रामीणजन श्रमदान करके स्वयं अपनी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

ऐसा ही कुछ नजारा जिले के ब्लॉक माकड़ी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बालोण्ड कलीपारा में देखने को मिला, जहां ग्रामीणजन श्रमदान करके नदी-नाले को पार करने के लिए श्रमदान करके रास्ता बनाते नजर आए। श्रमदान करते ग्रामीणजनों ने सत्ता में बैठे कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि मोहन मरकाम ने विधायक रहते हुए, यहां चार बार आकर पुल बनाने के नाम पर भूमि पूजन किया, लेकिन आज तक पुल नहीं बना है। पुल नहीं होने की वजह से हम लोगों को बालोण्ड आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग के बाद भी पुलिया और सड़क नहीं बनाए गए होने से हम सभी कलीपारावासी श्रमदान करके कच्चे सड़क में बने गड्ढों को मरम्मत करके कच्ची सड़क को आने जाने के लायक बना रहे हैं। क्योंकि हम लोगों इस सड़क पर गड्ढा होने के कारण, आने जाने में दिक्कत होती है। यहां चार बार से पुल का उद्घाटन करने के बाद पुल नहीं बनाया गया है, जोकि हम कलीपारा के ग्रामीणजनों के साथ खिलवाड़ करना है, इसलिए इस बार हमने वोट नहीं देने का फैसला लिया है। श्रमदान के दौरान राम नेताम, सुखराम नेताम, सुकू मरकाम, बहालू मरकाम, नीलकंठ मरकाम, बादरी मरकाम, सुखमन मरकाम, कुन्ती बाई, अनिता, कुमारीबाई आदि सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे ग्रामीण**

# नवरात्रि पर शहर व गांव के सार्वजनिक पंडालों पर दुर्गा प्रतिमाएं विराजित

**जगदलपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र आश्विन शुक्ल प्रतिपदा रविवार को कलश स्थापना के साथ आरंभ हो गया। पंडालों में आदि शक्ति मां अंबे की प्रतिमाओं को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विराजित की गई। घरों से लेकर मंदिरों व पूजा पंडालों में श्रद्धालु मां भगवती की विधि विधान के साथ नौ दिनों तक पूजा अर्चना करेंगे। नौ दिनों के उपासना के बाद पूर्णाहुति होगा। दुर्गोउत्सव समिति द्वारा नगर के कुम्हारपारा भवानी चौक, संजय बाजार चौक, मां दुर्गा चौक, पावर हाउस चौक, महादेव घाट सहित दर्जन भर से अधिक स्थानों पर मां अंबे की प्रतिमाओं को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रतिस्थापित किया गया है। नौ दिनों तक इन पंडालों में भक्तिमय माहौल बना रहेगा। दुर्गा पूजा के संबंध में पंडित वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के दौरान भगवती के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। देवी भागवत पुराण के अनुसार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होने से भक्तों को सुख-समृद्धि, कामना पूर्ति के साथ देश में खुशहाली का वातावरण बने होने के साथ अच्छी वर्षा के शुभ संकेत हैं। इस साल मां भगवती हाथी में सवार होकर आई है।



### मां दुर्गा के इन रूपों की होगी पूजा

नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना श्रद्धालु करेंगे। नवरात्र के पहले दिन यानी सोमवार को मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कुष्मांडा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नौवें और अंतिम दिन सिद्धिदात्री की पूजा होगी।

# बस्तर दशहरा में जोगी बिठाई विधान की रस्म अदा

**जगदलपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा पर्व का महत्वपूर्ण विधान जोगी बिठाई की रस्म 15 अक्टूबर की शाम को सिरहासार भवन में पूरी की गई। छह सौ पंद्रह साल से अधिक समय से चली आ रही परम्परा के अनुसार विधि विधान के साथ मावली देवी की पूजा-अर्चना के बाद आमाबाल निवासी रघुनाथ नाग को सिरहासार भवन पहुंचाया गया। इसके बाद जोगी के रूप में नौ दिनों के तप के लिए बैठाया गया। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी की जय घोष से सिरहासार भवन गुंज उठा। बस्तर दशहरा पर्व में वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार रविवार की शाम को सिरहासार भवन में जोगी बिठाई पूजा विधान संपन्न हुआ। बड़े आमाबाल निवासी 22 वर्षीय रघु नाग जोगी के रूप में चौथी बार बैठा है। जोगी के रूप में नवरात्रि पर 9 दिनों तक योगासन की मुद्रा में बैठा रहेगा। भगत ने बताया कि रियासत काल से ही हल्बा जनजाति जोगी के रुप में इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे है। इस वर्ष रघुनाथ जोगी बन कर बैठा है।



**रघुनाथ नाग जोगी के रूप में 9 दिनों तक सिरहासार में करेंगे तप**

# 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। 15 अक्टूबर 2023 को जिला मुख्यालय के विकास नगर स्थित स्टेडियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 23 वीं राज्य स्तरीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रेम प्रकाश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव के मुख्य आतिथ्य में एवं श्रीमती मधुलिका तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुरंजन आचार्य, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एस.के.जैन सेवानिवृत प्रधान अध्यापक के विशिष्ट आतिथ्य में तथा पांचों संभाग के जनरल मैनेजर, कोच, संयोजक, सह संयोजक, पीटीआई, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों तथा जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित करके एवं राज्य गीत के साथ, ध्वज फहराया तथा रामेश्वर राव के नेतृत्व में मंच के समीप पहुंचे सभी संभाग के खिलाड़ियों के हाथों से मशाल लेकर मुख्य अतिथि ने मुख्य मशाल को जलाकर चार दिवसीय 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मंचाषीन सभी अतिथियों का बैज लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया गया। फील्ड मार्शल ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर एवं बस्तर जोन के खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मार्च पास्ट के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक दिनेश शुक्ला प्राचार्य महात्मा गांधी वार्ड, सह संयोजक नीलकंठ शार्दूल प्रधानाध्यापक डोंगरीपारा, सदस्य धर्मेंद्र यदु चावरा स्कूल, बृजेश पवार व्याख्याता सजेश महात्मा गांधी कोंडागांव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी काफी सराहना उपस्थितजनों ने किया। मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश शर्मा के कर कमलों से 23 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शाला कीड़ा प्रतियोगिता 2023 की विवरणिका का विमोचन किया गया। समाचार लिखे जाने तक पंचायत गिरोला फुटबॉल ग्राउंड में 17 वर्ष आयु बालिका वर्ग का फुटबॉल मैच सरगुजा विरुद्ध बस्तर के मध्य खेला गया, जिसमें बस्तर संभाग ने 16-0 से सरगुजा को हराकर विजय हासिल किया। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पवन कुमार साहू संयोजक प्रचार प्रसार विभाग 23 वीं राज्य स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता कोंडागांव ने दी।

### प्रथम दिवस बालिका वर्ग फुटबॉल में बस्तर ने सरगुजा को हराया

# प्रेक्षक ने व्यय अनुवीक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

## निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश



**कोण्डागांव** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान कोण्डागांव के व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ ने शनिवार को व्यय अनुवीक्षण और कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यय अनुवीक्षण कर्मचारियों से चर्चा करते हुए उन्हें तत्परता पूर्वक कार्य करने को कहा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने उड़न दस्ता दलों, स्थैतिक निगरानी दलों, की संख्या में वृद्धि करते हुए सभी दलों के साथ वीडियों ग्राफी एवं फोटो ग्राफी दलों को अवश्यक रखने हेतु निर्देशित करते हुए प्रत्येक निगरानी हेतु की जा रही जांच की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अवश्य रूप से कराने को कहा। श्री जांगिड़ ने स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय की प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, जिला उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आम जनता व्यय प्रेक्षक को कर सकेंगे व्यय संबंधी शिकायत, दूरभाष नम्बर जारी

निष्पक्ष मतदान को सुनिश्चित करने के लिए व्यय प्रेक्षक प्रतिदिन व्ययों के निरीक्षण के साथ शिकायतों का निराकरण भी करेंगे। जिसके लिए आम जनता निर्वाचन में व्यय संबंधी शिकायत व्यय प्रेक्षक के मोबाईल नंबर 62657-74344 पर किसी भी समय कर सकते है। विश्राम गृह स्थित कक्ष क्रमांक-1 में उनके अस्थायी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

# पुष्पा जगन्नाथ साहू पहुंची भागवत महापुराण में



**फिंगेश्वर,** 15 अक्टूबर। पवन धरा धाम चतुर्भुज सिर कट्टी आश्रम में पीतर महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू अपने उपस्थिति देकर भगवान श्री कृष्ण की ज्ञान का रसपान किया संत रामानंद शरण की मधुर वाणी से पंचम दिवस पर श्री कृष्ण जन्म महोत्सव पर श्रोताओं ने कथा सुनकर झूम उठे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई, श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने अपने उद्बोधन पर हम सभी जो इस भागवत महापुराण का रसपान करने आते हैं तो मन में एक शांति की अनुभव होती है बाहर दुनिया की कल हाल से दूर एक शांति का अनुभव करते हैं मन में छल कपट की भावना दूर होकर एक आदमी ज्ञान के अनुभव होती है भगवान श्री कृष्ण की गीता ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ माना गया है और जिसने भी इस गीता ज्ञान को पढ़ लिया समझ लिया अपने जीवन में उतार लिया वह इस कलयुगी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बन सकता है।

# सभी चेक पोस्टों में हो रही सघन निगरानी

## एसडीएम व एसडीओपी सहित उड़नदस्ता दलों ने मध्यरात्रि किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रतिदिन उड़न दस्ता दलों द्वारा 24 घण्टे क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। उड़न दस्ता दलों के साथ एसडीएम अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं अनुविभागीय पुलिस अधीक्षकों द्वारा जगह-जगह स्थैतिक निगरानी दलों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जिसके तहत विगत 13 अक्टूबर की रात्रि को एसडीएम कोण्डागांव चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीओपी निमितेश सिंह, तहसीलदार विजय मिश्रा द्वारा मध्य रात्रि में मसोरा, हिरापुर एवं एरला में स्थित चेक पोस्टों में की जा रही जांच का निरीक्षण किया साथ ही गाड़ियों को रोककर उनकी जांच भी करवायी। फरसगांव में एसडीएम अनिकेत साहू द्वारा वाहन जांच एवं उड़न दस्ता दल की कार्यवाही का निरीक्षण किया। एसडीएम केशकाल शंकरलाल सिंह एवं एसडीओपी भूपत सिंह द्वारा उड़नदस्ता दल के साथ देर रात दादरगढ़ चेक पोस्ट पहुंचकर वाहनों की जांच कर कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही शनिवार को तहसीलदार अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में उड़न दस्ता दल द्वारा मर्दापाल में वाहनों की जांच की।

# भाजपा आम जनता की समस्याओं को दूर करेगी



**पिथौरा**, 15 अक्टूबर। बसना विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा के प्रत्याशी और नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक पूर्व नगर पंचायत बसना के अध्यक्ष संपत अग्रवाल आज पिथौरा के उजाला प्लेस में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया जिसमें उन्होंने पूर्व के भाजपा सरकार की योजनाओं के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं का जमकर प्रचार प्रसार करने की बात कही कार्यक्रम के अंत में उन्होंने पत्रकारों से भी रूबरू हुए जहां उन्होंने बसना विधानसभा में सर्वाधिक वोटो से जीतने का दावा भी किया वहीं विधानसभा के पांचो मंडलों से लीड प्राप्त होने की बात भी कहीं भाजपा के 15 वर्षों के कार्यों केंद्र सरकार के मुद्दों के साथ आम जनता के बीच जाकर भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने अपील करने तथा भविष्य में भाजपा के नई सरकार बनते ही जनहित के कार्यों का निर्णय 6 महीने के अंदर निर्णय लेने की बात भी कहीं उन्होंने नीलांचल सेवा समिति द्वारा आम जनता को निशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध कराने मरीज का निशुल्क उपचार करने साथ ही उन्हें घर तक पहुंचाने का भी जिक्र किया आम जनता के रुके प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी दिलाने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### भाजपा का चुनाव संबंधी बैठक

**तिल्दा नेवरा**, 15 अक्टूबर। बलौदाबाज़ार विधान सभा क्षेत्र के संबंध मे भाजपा का आज आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया था जिसमे प्रत्याशी टंकराम वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहा उन्होने बलौदा बाज़ार सीट को जीतने का सुझाव दिया व कार्यकर्ताओ को चुनाव प्रचार करने की जवाबदारी सौपा ज्ञात हो कल दोपहर 12 बजे बलौदा बाज़ार शहरो मे भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन छित्तसगढ प्रभारी नवीन अतिथि के द्वारा किया जायेगा उसके पश्चात तिल्दा नेवरा व सुहेला कार्यालय का उद्घाटन जायेगा टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ता को जोश भरते हुए कहा की हम इससीट को 25000 वोटो से ज्यादा से जीतकर प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनाना है उक्त कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष ईश्वर यदु ग्रामीण अध्यक्ष भगबली साहू जिला कोषाध्यक्ष रांमपडावानी नवा उपाध्यक्ष विक्की सुखवानी पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष शिव वर्मा जिला पिछड़ा मोर्चा मंत्री पूनम देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रावर्मा पार्षद सुधा चौबे अरुनारानी बघेल ममता पैकरा भगवत वर्मा दीवक चुटवानी नरेंद्र शर्मा गौरी वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुष्पा जगन्नाथ साहू ने किया पवन खेड़ा से मुलाकात

**फिंगेश्वर,** 15 अक्टूबर। कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा दिल्ली से मुलाकात करने सभी कांग्रेस के नवनियुक्त वरिष्ठ प्रवक्ता मीडिया पैन लिस्ट मीडिया समन्वयक की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रखी गई थी मीटिंग जिसमें पवन खेड़ा जी ने बहुत ही सार्थक बातों को राखी साथ ही सभी पत्रकारों से वार्ता भी किया मान. पवन खेडा जी ने कांग्रेस की सरकार पर भरोसा जताया उसने बताया कि भाजपा को वोट देना मतलब अडानी को समर्थन करना और छत्तीसगढ़ में भी कायम करना लोहा कोयला इस्पात नगरनार प्लांट आदि में अडानी का कब्जा देना।

# साप्ताहिक बाजार में पत्रकारों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## लोगों सहित पत्रकारों ने लिया संकल्प, निष्पक्ष व शत प्रतिशत निर्वाचन हेतु



**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु रविवार को प्रेस क्लब एवं मीडिया फेडरेशन के पत्रकारों ने साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कोण्डागांव जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम में अपना योगदान देते हुए पत्रकारों ने स्वप्रेरणा से स्थानीय साप्ताहिक बाजार में गांव-गांव से पहुंचे ग्रामीणों के बीच स्वीप कार्यक्रम चलाते हुए लोगों को षत प्रतिषत मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पत्रकारों ने स्थानीय ग्राम देवी मां शीतला माता मंदिर परिसर से शुरुआत किया एवं हर मार्ग से होते हुए सब्जी भाजी विक्रेता, मनिहारी दुकान, बर्तन दुकान, जूता चप्पल दुकान जैसे अनेकों गांव शहर से पहुंचे ग्रामीणों को आने वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने के साथ ही बाजार में विभिन्न वस्तुओं को खरीदने पहुंचे खरीददारों को भी इस अभियान से जोड़कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब एवं मीडिया फेडरेशन के अध्यक्ष इशरार अहमद के नेतृत्व में साप्ताहिक बाजार में हर वर्ग एवं हर उम्र के मतदाता को जोड़कर उत्साहित करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर दूर दराज से आए ग्रामीणजनों के साथ शत प्रतिशत मतदान करने एवं लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पत्रकारों के साथ विभिन्न दुकानों के संचालक, ग्राहक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने निर्वाचन की सभी तैयारी की समीक्षा की



**बिलाईगढ़,** 15 अक्टूबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की सभी तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के कंप्यूटर व्यवस्था सहित लिपिक वर्गीय, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि कर्मचारियों की ड्यूटी के संबंध में चर्चा की। डॉ सिद्दीकी ने कहा कि नामांकन फार्म सहित सभी प्रकार के प्रपत्र की उपलब्धता हो, निर्वाचन नियमावली का सभी अधिकारी कर्मचारी को जानकारी होनी चाहिए। सभी नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी अपने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें कि वहां मूलभूत सुविधाएं बिजली, पेयजल, शौचालय आदि सुचारू उपलब्ध हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा के हिसाब से आवश्यक मतदान और मतगणना कर्मचारियों का आंकड़ा तैयार करें। सभी सीएमओ नगरीय निकायों में और सभी सीईओ अपने विकासखंडों में संपत्ति विरूपण के तहत राजनैतिक व्यक्ति, दलों का विज्ञापन पोस्टर आदि को निकाले और दीवाल पेंटिंग को मिटाएं। कार्य में लापरवाही करने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि वेब कास्टिंग हेतु चयनित मतदान केंद्रों में जाकर आवश्यक इंटरनेट का परीक्षण तकनीकी सहायकों से करवाएं। उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी), वाहन व्यवस्था, फ्लाइंग स्च्यायड, स्थाई निगरानी समिति, वीएसटी, वीडियो निगरानी समिति, प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान सहित जिले के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बालसी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**सरायपाली,** 15 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत चिरायु दल द्वारा ग्राम पंचायत बालसी के प्राथमिक शाला उच्च प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती माताओं एवं छोटे-छोटे बच्चों का सामान्य जांच दंत परीक्षण एवं मुख्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी चिरायु टीम एवं दंत चिकित्सक द्वारा दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एल जांगड़े के मार्गदर्शन में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंह, डॉ. अनुपा दास, डॉ. स्मृति पारख दंत चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट उमेश डड़सेना, एएनएम देवकी पटेल एवं लैब टेक्नीशियन परमेश्वर सेन का विशेष सहयोग रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शादी का प्रलोभन देकर...

धारली थाना माकड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया, जिसपर आरोपी को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार कर 14 अक्टूबर को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनोद कुमार साहू, सउनि राकेश कुमार भोयर प्र.आर.343 सुन्हेर मातलाम, म.प्र.आर, 74 सुरूज कुमेटी, आर.558 गंगा मरकाम, एम.टी.सी.970 का कार्य सराहनीय रहा।

# खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल में संपन्न



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल के स्वामी आत्मानंद स्कूल ऑटोटोरियम में रखा गया था जिसमे विकास खंड के लगभग 288 प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से संपन्न हुआ। जिसमे विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक टी आर धृतलहरे, आर डी पटेल, गोरे साहू उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण को आत्मसात कर अपने स्कूल में अक्षरश: पालन करने के लिए कहा।

कार्यक्रम की शुरुवात खेल खिलौना की प्रारंभिक आधार भूत संरचना से शुरू हुआ कि कैसे हम खेल के माध्यम से बच्चो को जोड़ते हुए अपने शिक्षा में शामिल कर सकते है इसमें प्रमुख रूप से परिवेशीय खेल पारंपरिक खेल प्रथा से संबंधित खेल सांस्कृतिक खेल पर्यावरणीय खेल आदि प्रमुख हैं। कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए नई शिक्षा नीति मुखौटा निर्माण टेनग्राम बालवाड़ी पंचकोश सिद्धांत आदि मॉड्यूल पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा हुआ। खेल आधारित प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी बिल्लस नदी पहाड़ कंचा गिल्ली डंडा भंवरा पिठुल्ल लगड़ी दौड़ कबड्डी खो खो पोसम पास पकड़म पकड़ाई अटकन बटकन गोटा आदि खेलो के बारे में विस्तार से बताया गया। विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में योगेश्वर कुमार साहू शांति साहू राजेश देवांगन सुरेखा साहू श्री कांत पाठक ने कार्यकम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला मुख्यालय से सहायक संचालक के के गुप्ता उपस्थित हुए। जिन्होने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सब को बधाई दिया और कहा कि हमारे पास बच्चो को देने के लिए बहुत कुछ है शिक्षा विभाग समय समय पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करता है देखना यह है कि हम कैसे इन सभी योजनाओं का लाभ स्कूल में अपने बच्चो को देते हैं।

# कुलेश्वरनाथ महादेव का प्रतिदिन हो रहे हैं अलौकिक श्रृंगार

**राजिम,** 15 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध प्रयाग नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम के मध्य स्थापित आदिदेव पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग का प्रतिदिन अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है आज भी विभिन्न प्रकार के पदार्थ एवं पुष्पों के द्वारा शिवलिंग तथा उनके नीचे की वेदी पर मौजूद माता पार्वती का अलौकिक श्रृंगार किया गया जो देखते ही बन रही थी।



# कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के लिए तैयारियों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा मतदान दलों के प्रशिक्षण हेतु की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तारपूर्वक निर्धारित एजेंडा एवं विषयवस्तु पर चर्चा की। इसके लिए उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों से निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सवाल पूछे एवं प्रशिक्षण कार्य को गंभीरतापुर्वक लेने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने प्रमिला देवी नाग शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या शाला विकास नगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामकोटपारा एवं डीएवी एमएमपी स्कूल देवखरगांव में प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा सहित सभी विकास खण्डों के मास्टर ट्रेनर, सभी विकास खण्डों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले ही दिन दंतेश्वरी दरबार में भक्तों का मेला



- शारदीय नवरात्र पर दंतेश्वरी दर्शन के लिए उमड़ी भीड़
- आम लोगों के साथ चुनावी माहौल में खास भी पहुंचे आशीर्वाद लेने
- पूरे 9 दिन तक रहेगा आस्था व भक्ति का पर्व

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र का पर्व आज से प्रारंभ हो गया। दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में बड़ी संख्या में पहले ही दिन भक्तों ने माई जी के दर्शन किये। आज की भीड़ से ऐसा भी लगने लगा है कि आने वाले पूरे 9 दिन दंतेश्वरी दरबार में भक्तों का ऐसा ही मेला लगा रहेगा। भक्तों की लंबी लाईन शाम तक लगी रही। आकर्षक विद्युत सजावट से शक्ति पीठ की भव्यता और बढ़ गई है।

दंतेश्वरी मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से सराबोर रहा। सुबह 4 बजे से ही विशेष पूजा के बाद मंदिर के पट खुल गए थे। भक्त भी दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे। सुबह 8 बजे के बाद भीड़ बढ़ने लगी और दोपहर तक काफी संख्या में लोग दंतेश्वरी दर्शन के लिए दंतेवाड़ा धाम पहुंच चुके थे। आज पहला दिन होने के कारण पदयात्रियों की संख्या कम रही । पंचमी तिथि पर बड़ी संख्या में पदयात्री मांई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। दंतेश्वरी कारीडोर निर्माण कार्य जारी होने के कारण भक्तों के आने जाने का रास्ता अलग से तैयार किया गया है, इसलिए भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस और प्रशासन को काफी मेहनत करनी पड़ी। रास्ते भर पुलिस जवानों की ड्यूटी लगी है, साथ ही मंदिर के सिंह द्वार से लेकर मुख्य द्वार तक सुरक्षा कर्मी तैनात हैं जो दर्शन में भक्तों की मदद कर रहे हैं। मंदिर परिसर के बाहर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी प्राथमिक उपचार की दवाईयों के साथ मौजूद है।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन आम श्रद्धालुओं के साथ खास श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे थे। इनमें पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का नाम प्रमुख है। श्री मरकाम हर नवरात्र पर दंतेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बार चुनाव आचार संहिता घोषित होने की वजह से पदयात्रा अथवा समर्थको की भीड़ के साथ वे नहीं पहुंचे। आज ही उनका नाम कोंडागांव से बतौर प्रत्याशी घोषित हुआ है। इधर मांई जी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार और पुलिस अधीक्षक गौरव राय भी पहुंचे थे। वैसे व्यवस्था बनाने और जरूरी दिशा निर्देश देने दोनों अफसर दिन भर मौजूद रहे। डीआईजी कमलोचन कश्यप भी मांई दंतेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचे थे।

## मनोकामना दीप प्रज्वलित होते ही जगमगा उठा नया भवन



- 9 हजार से ज्यादा आस्था के ज्योत के साथ भक्ति की आभा
- विशेष बनावट के साथ आकर्षक हुआ ज्योति कलश भवन

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र का भक्ति पूर्ण पर्व आज से प्रारंभ हो गया। इस नवरात्र पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित कराये हैं। नव निर्मित ज्योति कलश भवन में लगभग 9 हजार आस्था के ज्योत प्रज्वलित हो रहे हैं। इनमें घी और तेल दोनों ज्योति कलश शामिल हैं। प्रशासन ने हाल ही में दंतेश्वरी कारीडोर प्रोजेक्ट के तहत नया ज्योति कलश भवन बनवाया है। आज दोपहर करीब 1 बजे संपूर्ण विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना हुई फिर मनोकामना दीप प्रज्वलित किये गए। इनमें कई राजनेताओं के नाम से भी दीप जल रहे हैं। वहीं आजीवन ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं के नाम से भी ज्योत जल रही है। लगभग 101 ज्योति कलश पुराने भवन में और शेष नव निर्मित भवन में प्रज्वलित हुए हैं। ज्योत जलाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। विशेष आर्किटेक्ट और कला के हिसाब से यह ज्योति कलश बनवाया गया है। इसकी रचना बिलकुल चंदखुरी के कौशल्या धाम स्थित ज्योति कलश भवन की तरह है। इसकी क्षमता 11 हजार ज्योति कलश की है। यहां दीप प्रज्वलित करने कलेक्टर विनीत नंदनवार, एसपी गौरव राय, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर भी उपस्थित रहे। हर बार की तरह इस नवरात्र पर भी विदेशों से भी भक्तों ने मनोकामना दीप जलवाये हैं।

## मांई के द्वार पहुंचे भाजपा उम्मीदवार चैतराम



- समर्थकों के साथ किया दंतेश्वरी दर्शन
- प्रत्याशी बनाए जाने पर राष्ट्रीय व राज्य नेतृत्व का माना आभार

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा से भाजपा ने बतौर विधानसभा उम्मीदवार चैतराम अटामी पर भरोसा जताया है। वर्तमान में श्री अटामी भाजपा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष भी है। आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन उन्होंने अपने समर्थको के साथ माता दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे व देवी दर्शन कर जीत का आशीर्वाद माँगा।

मंदिर दर्शन के दौरान भाजपा दंतेवाड़ा एकजुट एवं पूरी तरह से चुनाव के लिये तैयार दिखी, जिससे भाजपा नेताओ में टिकट की घोषणा के पश्चात आपसी खींचतान के खबर पर विराम लग गया। इस दौरान ओजस्वी मंडावी, नंदलाल मुड़ामी और रामू नेताम भी साथ नजर आए। चैतराम के साथ ही ये तीनों भी टिकट के दावेदार थे। चैतराम को प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

जयस्तंभ चौक दंतेवाड़ा में भाजपाई भारी संख्या में उपस्थित हुए व रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अटामी ने कहा कि दंतेवाड़ा विधानसभा से प्रत्याशी बनाये जाने पर वे भाजपा राष्ट्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व व समर्थको का हृदय से अभिनन्दन करते हैं व विश्वास दिलाते हैं कि पूरी निष्ठां एवं एकजुटता के साथ कार्यकर्ताओ को साथ लेकर घर-घर तक जायेंगे। इस दौरान समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने छविन्द्र को बनाया दंतेवाड़ा से उम्मीदवार



- मां के बदले बेटे पर जताया भरोसा
- छविन्द्र में दिखती है पिता महेन्द्र कर्मा की छवि
- अनुभवी के साथ ही युवाओं की टीम के साथ उतरेंगे मैदान में

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र के पहले दिन आज कांग्रेस ने अपने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में दंतेवाड़ा से छविन्द्र महेन्द्र कर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। वर्तमान में छविन्द्र की मां श्रीमती देवती महेन्द्र कर्मा दंतेवाड़ा विधायक हैं। इस बार कांग्रेस ने मां के बदले बेटे पर भरोसा जताया है।

छविन्द्र में उनके पिता शहीद महेन्द्र कर्मा की छवि दिखती हैं। कांग्रेस की राजनीति में वे अपने पिता की तरह ही आक्रामक तेवर के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस की इस सूची की प्रतीक्षा काफी दिनों से हो रही थी। वैसे इस बार देवती कर्मा अथवा छविन्द्र इन दोनों में ही फैसला होना था। छविन्द्र कर्मा पीसीसी सचिव रह चुके हैं और एक बार दंतेवाड़ा जिला पंचायत के अध्यक्ष के रूप में भी जिले की सेवा कर चुके हैं। बस्तर टाईगर के नाम से पूरे देश में प्रसिद्ध उनके पिता महेन्द्र कर्मा झीरम घाटी के नक्सल हमले में 25 मई 2013 को शहीद हो गए थे। 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने शहीद कर्मा की पत्नी और छविन्द्र की मां देवती कर्मा को चुनाव में उतारा। इस चुनाव में श्रीमती देवती कर्मा विजयी हुईं, लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के भीमा मंडावी से वो चुनाव हार गई। 2019 के उप चुनाव में एक बार फिर देवती कर्मा दंतेवाड़ा की विधायक निर्वाचित हुई। छविन्द्र, 2018 के चुनाव में भी प्रबल दावेदार थे, लेकिन उन्हें उस वक्त टिकट नहीं मिली। पहले बगावत किया, लेकिन मान मन्नौवल के बाद उन्होंने अपना नाम आखिरी दिन में वापस लिया था। इस बार भी वो पूरी तैयारी में हैं। परिवार ने भी एक मत होकर छविन्द्र के लिए सहमति जतायी और आज उनके नाम की घोषणा हुई। छविन्द्र के चुनावी मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। छविन्द्र के पास वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ ही उनके युवा समर्थकों की बेहतरीन टीम है, जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है। इधर भाजपा ने चैतराम अटामी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिन्दू परिषद और आरएसएस से जुड़े होने के कारण संगठन में चैतराम की अच्छी पकड़ है और फिल्ड में भी संपर्क अच्छा है। सीपीआई और आम आदमी पार्टी ही इस चुनाव में कांग्रेस अथवा भाजपा की जीत तय करेगी। बहरहाल छविन्द्र के नाम का ऐलान होते ही उनके समर्थक व कार्यकर्ता चुनावी मैदान में जुट गए हैं।

## कोंडागांव व केशकाल विस आम निर्वाचन के लिए हुआ अधिसूचना का प्रकाशन

**कोण्डागांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के 82 केशकाल विस क्षेत्र और 83 कोंडागांव विस निर्वाचन क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए अधिसूचना का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही दोनों ही विधान सभा निर्वाचन हेतु नामांकन की कार्यवाही भी प्रारंभ हो गई है। 82 केशकाल वि.स.निर्वाचन हेतु जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 40 में अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे, जिस हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकरलाल सिन्हा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं 83 कोंडागांव वि.स.निर्वाचन क्षेत्र हेतु जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 14 में नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। जिसके लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी चित्रकांत ठाकुर को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 20 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। शनिवार 21 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी।

## बीजापुर मार्ग पर स्कार्पियो से छजकां का झंडा बरामद

- स्थैतिक टीम ने की सुरोखी चेक पोस्ट पर कार्रवाई
- वाहन मालिक ने खुद को बताया उम्मीदवार
- टीम ने मांगा कागजात तो नहीं दिखा पाया

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन शाखा नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत 11 अक्टूबर को रात्रि 12 से 1 बजे से बीच सुरोखी चेक पोस्ट में स्थैतिक टीम (एसएसटी) द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी -17 के एच 7877 स्कार्पियो की चेकिंग की गई।

इस वाहन में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी का झंडा 45 नग, पार्टी के चिन्ह सहित गुलाबी रंग के गमछे 25 नग, गुलाबी रंग की पार्टी की टोपी 16 नग बरामद हुए। इस संबंध में वाहन मालिक रामधर जुर्री से चुनाव सामग्री के संबंध में दस्तावेज मांगा गया जो उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही उनके द्वारा स्वयं को छत्तीसगढ़ जनता कॉंग्रेस (जे) का प्रत्याशी होना बताया गया। इस संबंध में भी स्थैतिक टीम (एस एस टी) के द्वारा प्रत्याशी के होने संबंध में दस्तावेज चाहा गया, परन्तु प्रत्याशी होने के संबंध में भी कोई भी दस्तावेज नहीं पेश किया गया। इसे देखते हुए वाहन जांच करने पर पाया गया कि वाहन के दोनों नंबर प्लेटों को निकालकर वाहन के अन्दर रख दिया गया था। अंत में वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण एस एस टी टीम द्वारा वाहन जसी की कार्यवाही कर थाना गीदम को सपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि आगामी निर्वाचन 2023 को देखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों मे बनाये गये चेक पोस्टों में सभी प्रकार के वाहनों की गहन चेकिंग एसएसटी टीम द्वारा की जा रही है।

### नियत जगह पर करें वाहनों की पार्किंग : डीएसपी

**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र पर भक्तों की सुविधा के लिए वाहनों की पार्किंग के लिए जगह तय की गई है। इसके बावजूद कई वाहन डंकनी नंदी के पुल पर आगे की ओर गायत्री मंदिर के पास खड़े किये गए थे, इससे लोगों की असुविधा हो रही थी। यातायात पुलिस ने ऐसे वाहनों के पहियों पर लॉकिंग की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने सभी से नियत स्थल में ही वाहनों की पार्किंग का अनुरोध किया है ताकि कोई असुविधा न हो।



## सावित्री मनोज मंडावी पर कांग्रेस की मुहर



**चारामा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आखिरकार बड़े इंतजार के बाद ही सही विधानसभा चुनाव को लेकर छग में काग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची नवरात्र पर्व के पहले दिन जारी कर दी गई। भानुप्रतापपुर के लिए सावित्री मनोज मंडावी के नाम पर एक बार फिर से मुहर लग गई है। उनके नाम की घोषणा के साथ ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ के चेहरे खिल उठे। जमकर आतिशबाजी हुई। विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं सहित नगरवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई लोग उनसे मिलने उनके निज निवास पहुंचे।

सावित्री मडावी ने पार्टी का धन्यवाद देते हुए कहॉ कि पार्टी ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताया है और वे इस विश्वास पर 100 प्रतिशत् खरा उतरेगी और भानुप्रतापपुर की विधानसभा सीट जो कि कांग्रेस का गढ़ कही जाती है। वह काग्रेस की ही रहेगी। विदित हो कि भाजपा ने 9 अक्टूबर को ही इस विधानसभा के लिए प्रत्याशी के रूप मे गौतम उईके का नाम जारी कर दिया था। हालाकि कांग्रेस पार्टी सहित पुरे विधानसभा मे सावित्री मडावी के नाम को लेकर कोई असमजस नही था, सबको पता था कि अंत मे उन्हें ही टिकट दिया जाएगा। जिसका एक मुख्य कारण है कि उपचुनाव में जीत के बाद से वे लगातार अपने क्षेत्र में दौरा करती नजर आई, हर तीज त्यौहार, सुख दुख मे वे आम जनता के बीच में रही, और क्षेत्र में सावित्री मडावी का चेहरा और नाम सबके जुबान पर है। और शायद भाजपा के लोग भी सावित्री मडावी के कार्य शैली से काफी प्रभावित रहे। हालाकि टिकट फाइनल होने के पहले कांग्रेस पार्टी के कई उम्मीदवार मैदान मे अपना पूरा जोर टिकट के लिए लगा रहे थे, जो कि वे एक अधिकारी के तहत लगा रहे थे, क्योकि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता को यह अधिकार है कि वह चुनाव की दावेदारी कर सकता है। लेकिन जब पार्टी की ओर से नाम की घोषणा हो गई है तो सभी ने एक मत होकर पार्टी चयनित प्रत्याशी श्रीमती सावित्री मडावी के लिए लिए काम करने की बात कही। अब नामाकन दाखिल करने और नाम वापसी तक विधानसभा मे क्या क्या किस्से सामने आता है। यह देखने का विषय होगा।

## उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की लगातार मॉनिटरिंग

### निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक ने दिए निर्देश




**दंतेवाड़ा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दन्तेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रविराज एस. खोगारे (आई आर एस) ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक ली। उन्होंने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किये जाने कहा। उन्होंने इस दिशा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों को दी गई प्रशिक्षण सहित उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्विलांस दलों, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, वीडियो निगरानी टीम इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एडिशनल एसपी बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर तथा सम्बन्धित दलों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## संकल्प शिविर में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा भाजपा ने 15 साल तक नमक व चावल में राजनीति किया

**भानुप्रतापपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर नगर में संकल्प शिविर संपन्न हुआ। इस संकल्प शिविर में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के लिए हेलीपैड पर कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां से बाइक रैली के माध्यम से मुख्य सभा स्थल गोंडवाना भवन पहुंचे। शिविर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री अनिला भेड़िया, मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र ठाकुर, विधायक सावित्री मंडावी शामिल हुए। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और राज्य सरकार की पांच साल की जनकल्याण कारी नीतियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा प्रदेश में इस बार भी कांग्रेस की सरकार बनना तय है। बस आप लोग अपने विधानसभा क्षेत्र में अपना विधायक बनाए। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत के साथ ही बस्तर के सभी 12 सीटे जितेंगे। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा की आज विधानसभा में हो रहा संकल्प शिविर का मकसद है कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता इस शिविर के माध्यम से कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाये और संकल्प लेकर जाए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पुन: बनाना है और गांव गरीब लोगों की सेवा करना है ये कांग्रेस का संकल्प शिविर का मकसद है। दीपक बैज ने विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संकल्प शपथ दिलाया। उन्होंने कहा सभी एकजुट होकर काम करेंगे, कांग्रेस पार्टी सभी को आवेदन करने का मौका देती है लेकिन टिकट किसी एक को ही मिलेगा। जिसे भी टिकट मिले उसके लिए हमे काम करना है।



**भाजपा के 15 साल की सरकार में सिर्फ और सिर्फ कमीशन खोरी ही हुआ**

श्री बैज ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा 15 साल की सरकार में सिर्फ और सिर्फ झूठ और फरेब की राजनीति चला। तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए दिए गए जूते एवं मोबाइल वितरण में जमकर कमिशन खोरी हुआ। हमारी सरकार आते ही तेंदूपत्ता का रेट बढ़ाकर 4 हजार रुपए कर दिया। उन्होंने कहा भाजपाई कहते हैं कि धान खरीदी का अधिक मूल्य केंद्र सरकार कर रही है। उन्होंने कहा आप लोगों का कोई जान पहचान का व्यक्ति अन्य राज्यों में हो जहां भाजपा की सरकार है उनसे पूछो की धान खरीदी कितने में हो रहा है। हकीकत पता चल जाएगा। भाजपा बोनस तक सही मायने में दे नही सकती और बड़ी बड़ी बात करती है। हमारी सरकार जो कहती हैं वह करती हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा धान के अलावा अनेको प्रकार के वनोपज खरीदी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार धान का मूल्य 3000 रुपए से कम नहीं होगा। इनके अलावा मंत्री अनिला भेड़िया एवं मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी ने भी सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा और विधानसभा में बड़ी आंकड़े में जीत दर्ज कराने की बात कही।

इस दौरान विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में 300 युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। जिन्हें कांग्रेस का गमछा पहनाकर प्रवेश कराया गया।

## गांव-गांव में माता विराजमान



**चारामा,** 15 अक्टूबर। नवरात्र पर्व में माता के विराजमान को लेकर गांव-गांव नगर में भव्य पंडाल एवं स्वागत की तैयारी की गई। वही नवरात्र के एक दिन पहले मां की मूर्ति बनाने वाले कुम्हारों एवं मुर्तिकारों ने माता के स्वरूप को अंतिम आकार देते हुए उन्हे रंग-रोगन कर 16 प्रकार के श्रृंगार किए। 15 अक्टूबर को नवरात्र प्रारंभ के दिन 2 बजे के बाद से ही माता की प्रतिमाओं को विराजित करने के लिए उन्हें ले जाया गया। जहां विधि विधान और मंत्रोच्चारण से उन्हें 9 दिनों के लिए विराजित किया गया।

# हिस्टेरोस्कोपी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पर आयोजित दो दिवसीय लाइव वर्कशॉप का समापन



- पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय हीरक जयंती
- हैंड्स ऑन लाइव वर्कशॉप में डॉक्टरों ने एक साथ विभिन्न प्रकार की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी कर प्रतिभागियों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती पर आयोजित हैंड्स ऑन लाइव हिस्टेरोस्कोपी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी वर्कशॉप के अंतिम दिन मुंबई से आए प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अमय पदमवार ने टोटल लेप्रोस्कोपिक हिस्ट्रेक्टमी, ओवेरियन सिस्टेक्टमी, मायोमेक्टोमी, एंडोमिट्रीयोसिस, रुडीमेंट्री हॉर्न रिमूवल, लेप्रोस्कोपिक सस्पेंशन डरमायड सिस्ट रिमूवल जैसी छः सर्जरी कर प्रतिभागियों को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रशिक्षण दिया। डॉ. अमय पदमवार के साथ प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. अमृता, डॉ. धवल, डॉ. अंजुम एवं डॉ. अपर्णा की टीम ने ऑपरेशन थियेटर में मरीजों की सर्जरी की जिसको इमोक हॉल के प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतिभागियों ने सीधे लाइव देखा।

कार्यशाला के अंत में विशेषज्ञ पैनल ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के दौरान आने वाली कठिनाइयों एवं सुरक्षित लेप्रोस्कोपिक सर्जरी करने के टिप्स दिए।

कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि आज एक ऐसी महिला की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई जिसकी तीन बार सीजेरियन डिलिवरी के ज़रिए प्रसव हो चुका था। ऐसे में महिला मरीज के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी ही सुरक्षित एवं कारगर थी।

हैंड्स ऑन वर्कशॉप में प्रशिक्षण देने के लिए पुणे से डॉ. विनायक महाजन एवं मुंबई से डॉ. अमय पदमवार आए थे। इस कार्यशाला का आयोजन अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. तृप्ति नागरिया के मार्गदर्शन में डॉ. ज्योति जायसवाल (विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) द्वारा किया गया। वहीं आयोजक सचिव डॉ. रुचि किशोर गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अंजुम रहीं। वर्कशॉप को सफल बनाने में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सभी डॉक्टरों का योगदान सराहनीय रहा।

# बस्तर के 7 विधायकों को कांग्रेस ने उतारा मैदान में 4 बदले, 1 की घोषण होना बाकी


**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें प्रथम चरण में होने वाले चुनाव को देखते हुए बस्तर के 12 में से 11 विधानसभा सीटों में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में से 7 सीटों के वर्तमान विधायकों को एक बार फिर टिकट देकर मौका दिया है, जबकि चार विधानसभा अंतागढ़, कांकेर, दंतेवाड़ा और चित्रकोट में उपने प्रत्याशी बदले हैं। वहीं बस्तर संभाग की एकमात्र सामान्य सीट जगदलपुर विधानसभा के लिए अब तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में से एकमात्र जगदलपुर सामान्य सीट पर अभी भी रहस्य बरकरार है। बताया जा रहा है कि इस सीट से तीन दावेदारों में वर्तमान विधायक रेखचंद जैन, राजीव शर्मा एवं मलकीत सिंह गैंदू के नाम सामने आ रहे हैं और किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। वर्तमान विधायक रेखचंद जैन पिछले चुनाव में 27 हजार वोटों के अंतर से जीत कर आये थे, जिसके चलते कांग्रेस को वर्तमान विधायक रेखचंद जैन को नजरअंदाज करना मुश्किल है, बावजूद इसके अन्य दावेदार कांग्रेस संगठन में अपनी मजबूत पकड़ के कारण मामला फंस गया है। कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में जगदलपुर विधानसभा से प्रत्याशी के नाम की घोषणा जल्द होने और इस रहस्य का पर्दाफाश होने की बात कही जा रही है।

कांग्रेस द्वारा जारी प्रत्याशियों की सूचि में बस्तर संभाग के बस्तर विधानसभा सीट से एक बार फिर लखेश्वर बघेल, चित्रकोट विधानसभा से पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नारायणपुर से एक बार फिर से चंदन कश्यप, कोंडागांव से भी एक बार फिर से मोहन मरकाम, केशकाल से भी एक बार फिर से संतराम नेताम, कांकेर से शंकर ध्रुव, भानुप्रतापपुर से भी एक बार फिर से श्रीमती सविता मंडावी, अंतागढ़ से रूपसिंह पोटाई और बीजापुर से एक बार फिर से विक्रम मंडावी, कोंटा से कवासी लखमा और दंतेवाड़ा से इस बार स्वर्गीय महेंद्र कर्मा के पुत्र छविंद्र कर्मा को पार्टी ने टिकट दिया है। इन प्रत्याशियों में से 7 प्रत्याशी वर्तमान विधायक है, जबकि चित्रकोट, दंतेवाड़ा, कांकेर और अंतागढ़ विधानसभा में पार्टी ने चेहरे बदले गये हैं।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे और आखिरकार दीपक बैज चित्रकोट विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर गए हैं। वर्तमान में दीपक बैज बस्तर लोकसभा के सांसद है। वहीं 2013 के विधानसभा चुनाव में दीपक बैज पहली बार इस क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बने और 2018 में भी भारी मतों से चुनाव जीतकर विधायक बने। लोकसभा चुनाव में सांसद का टिकट मिलने से 2019 में लोकसभा में भी दीपक बैज ने जीत हासिल की और उसके बाद चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में राजमन बेंजाम चित्रकोट के विधायक बने लेकिन इस बार सिटिंग विधायक का चेहरा बदलते हुए दीपक बैज को एक बार फिर से विधानसभा का टिकट दिया गया है।

# प्रदेश में अगले तीन दिन तापमान में नहीं होगा बदलाव, शुष्क रहेगा



**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानसून की विदाई के साथ ही अब छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज भी बदल गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अब प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले तीन दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अक्टूबर के आखिरी हफ्ते यानि 24 अक्टूबर के बाद से न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट शुरू होगी,इससे ठंड भी बढ़ेगी। इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है। मालूम हो कि शुक्रवार 13 अक्टूबर से प्रदेश से दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई हो चुकी है। रायपुर का अधिकतम तापमान 33 l8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 l9डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। प्रदेश भर में एआरजी तिल्दा में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38 l5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही बना रहेगा।

# स्नातक अभियंता संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष तपन चक्रवर्ती का पेंशन रोका गया

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में कुछ अधिकारियों द्वारा स्वयं के उच्च पदों पर पदोन्नति पाने के लिए अपने आला अफसरों के सामने स्वयं को एक मात्र हुक्मों को मानने वाला एवं ईमानदार अफसर होने के सप्रमाण प्रस्तुति के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर झुठी एवं मनगढ़ंत आरोप को मान्य कर रहे हैं बल्कि सम्बधित पीड़ित कर्मचारी का पारिवारिक पेंशन एवं अन्य देवको की भुगतान की प्रक्रिया को लंबित रख कर पीडित कर्मचारी के परिवार को आर्थिक परेशानी के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रताडित इंजीनियर कोई और नही बल्कि छत्तीसगढ शासकीय स्नातक अभियंता संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष तपन चक्रवर्ती है जो गत जुलाई में सेवानिवृत्त हुए है। कतिपय अधिकारी अब अपनी दुश्मनी निकाल रहे है। बहरहाल इस मामले की शिकायत राज्य शासन के आला अफसरों के साथ राज्यपाल से भी की गई है। इस घटना के संदर्भ के अनुसार लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 3 अटल नगर नवा रायपुर से सहायक अभियंता सिविल तपन चक्रवर्ती विगत 31 जुलाई 2023 को अपने पद से सेवा निवृत्त हुए है। इस सहायक अभियंता को राज्य शासन द्वारा

## राज्यपाल से शिकायत

विगत 15 सितम्बर 2021 को उप अभियंता पद से साहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति देते हुये लोक निर्माण विभाग उप संभाग अभनपुर में अनुविभागीय अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया था। अभनपुर में पहले से पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी आर.एस. चौरसिया को अभनपुर उप संभाग से प्रमुख अभियंता के कार्यालय में शासन द्वारा समन्वय समिति के जरिये स्थानान्तर किया गया था। किन्तु आर.एस. चौरसिया उच्च न्यायालय चले गए और वे पुन: अभनपुर वापस आ गये। न्यायालय का सम्मान करते हुए सहायक अभियंता श्री चक्रवर्ती कार्यपालन अभियंता के कार्यालय में संलग्न किये गए। अनुविभागीय अधिकारी श्री चौरसिया की सेवानिवृत्ति 30 जून 2022 को होने का आदेश था। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्री चक्रवर्ती की सेवानिवृत्ति के साथ ही उन्हे प्रताडित करने की साजिश शुरु हो गई। एक अधिकारी ने कथित मनगढ़ंत एवं झुठा आरोप लगाते हुए कार्यपालन अभियंता को शिकायत की जिसकी प्रतिलिपि तत्कालीन प्रमुख अभियंता को प्रेषित करते हुए उचित कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया था। जिसके फलस्वरूप उक्त शिकायत को बिना जांच पडताल के तत्काल दर्ज करने का आदेश दिया गया।

इतना ही नहीं शिकायत की जांच किए बिना ही सेवानिवृत्ति पश्चात उनकी सकल भुगतान पर रोक लगा दी गई। जबकि किसी भी कर्मचारी का पेंशन नही रोकने का प्रावधान है।

# कवर्धा से तीन शिवलिंग गायब भिलाई-दुर्ग में नवरात्रि के पहले मां पार्वती की मूर्ति से अभद्रता क्या यही है कांग्रेस का सनातन : अरुण साव

**रायपुर,** 15 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस के सनातन प्रेम को महज राजनीतिक ढोंग बताते हुए कहा है कि कदम-कदम पर सनातन, भगवान श्री राम, हिन्दुत्व पर सवाल खड़ा करके तुष्टीकरण के राजनीतिक एजेंडे पर पलने वाली कांग्रेस के इस ढोंग को प्रदेश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है और अब वह कांग्रेस के छलावे और झाँसे में कतई नहीं आने वाली है। श्री साव ने कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के लिए नवरात्र के प्रथम दिवस को चुनने के पीछे अपने सनातन प्रेमी होने ढोंग करने पर कांग्रेस पर हमलावर थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने रविवार को 30 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। नवरात्रि के प्रथम दिवस सूची जारी कर अपने आप को सनातन प्रेमी होने का जो ढोंग कांग्रेस पार्टी कर रही है, कांग्रेस के उस कालनेमि-चरित्र से प्रदेश भलीभाँति वाकिफ है। प्रदेश साक्षी है कि कांग्रेस ने लगातार सनातन एवं सनातन प्रेमियों से घृणा करने का काम ही किया है। चाहे अभी कवर्धा में तीन शिवलिंग के गायब होने की घटना हो, चाहे पार्वती मैया के साथ अभद्रता का मामला हो, चाहे वह कबीरधाम बिरनपुर की घटनाएँ हों या मोहला-मानपुर की घटनाएँ हों, कांग्रेस ने हर मौके पर तुष्टीकरण का राजनीति करके बहुसंख्यक हिन्दू समाज को प्रताड़ित करने का काम किया है। श्री साव ने कहा कि बिरनपुर मामले में तो न्यायालय का फैसला भी आ गया है जिसमें अकारण झूठे मामले बनाकर गिरफ्तार किए गए सभी 8 हिन्दू युवाओं को दोषमुक्त किया गया है।

# सनातनियों और मंदिरों पर हो रहे हमले पर मुख्यमंत्री मौन क्यों : केदार गुप्ता

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के जिले व विधानसभा क्षेत्रों में सनातन धर्म और मंदिरों में हो रहे लगातार हमले को लेकर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से धर्म विशेष लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से चुप्पी साधने से यह साफ हो गया है कि ये सरकार सनातन विरोधी है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिला अंतर्गत बिरनपुर में साहू समाज के युवक की मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा हत्या करने की घटना हो या फिर भिलाई के खुर्सीपार में गदर -2 फिल्म देख रहे एक सिख युवक द्वारा भारत माता की जय के नारे लगाने पर मुस्लिम युवकों द्वारा उसकी नृशंस हत्या कर उसके शव पर डांस करने की घटना। दोनों ही मामलों में मुख्यमंत्री की सनातन धर्म और हिन्दू विरोधी मानसिकता सामने आई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई के खुर्सीपार में सिख युवक की हत्या को क्षणिक आवेश में की गई घटना बताकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास करते वोट बैंक की राजनीति की।

उन्होंने कहा कि दोनों की घटनाओं में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो स्टैंड अपनाया वह एक धर्म विशेष की तरफदारी की ओर इशारा करता है। हालाकि दोनों ही घटनाएं दिल दहला देने वाली थी लेकिन मुख्यमंत्री श्री बघेल, साजा विधानसभा से विधायक व मंत्री रविन्द्र चौबे, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पास इन पीडित परिवारों के घर जाने और उन्हें सांत्वना देने का भी समय नहीं था।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद कांग्रेस हाई कमान के इशारे से सनातन धर्म और मंदिर -देवालयों में लगातार हमले हो रहे हैं। आदिवासी व ग्रामीण अंचल में भोले ङ्क भाले गरीब हिन्दुओं को सेवा, चिकित्सा के नाम पर या फिर पैसों का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है, जो एक सोची -समझी साजिश है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी इसमें मौन सहमति है। वहीं मुख्यमंत्री के पिता भगवान राम के अस्तित्व को नकारते हुए भगवान को गालियां देते हैं। इससे भूपेश बघेल को घर में मिले संस्कार का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा भूपेश सरकार के मंत्री ही नहीं बल्कि उनके विधायक भी सनातन धर्म को लेकर समय समय पर टिप्पणी करने से बाज नहीं आते। मुख्यमंत्री के गृह जिले में मंदिरों पर लगातार हमले की घटना हो रही है। अभी हाल ही में भिलाई के संतोषीपारा स्थित भगवान शंकर के मंदिर में एक धर्म विशेष के लोगों के द्वारा उत्पात मचाते मूर्तियों को क्षतिग्रस्त की घटना हो गई। मीडिया में खबरें भी छपी और चैनलों ने इस घटना को भी दिखाया लेकिन इस बार भी न तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने और न ही गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस पर संज्ञान लिया। जबकि दोनों का गृह जिला दुर्ग है। उन्होंने बेमेतरा के कांग्रेसी विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा श्रीराम मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर वहीं के एक बिल्डर द्वारा फर्जीवाड़ा करने पर बिल्डर के प्रति सहानुभूति दिखाने का आरोप लगने पर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर दम है तो अपने विधायक के सनातन धर्म विरोधी कार्य पर संज्ञान ले। उसके बाद सनातन धर्म की पैरवी करे।

# ऐश्वर्या रेसीडेंसी में संभागायुक्त संजय अलंग की उपस्थिति में पदाधिकारीगणों, रहवासियों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




**रायपुर,** 15 अक्टूबर। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा नगर निगम जोन 10 के क्षेत्र के तहत आने वाले ऐश्वर्या रेसीडेंसी आवासीय परिसर वहाँ के निवासी रायपुर के संभागायुक्त श्री संजय अलंग की विशेष उपस्थिति, सोसायटी के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष रितेश कानो, महासचिव श्रीमती ऋतु अग्रवाल, पदाधिकारी रहवासी शिवेन्द्र गर्ग, सुश्री गरिमा देवांगन सहित ऐश्वर्या रेसीडेंसी परिसर के सोसायटी के पदाधिकारीगणों एवं रहवासियों के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नगर निगम के अपर आयुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व, जोन 10 जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया एवं कार्यपालन अभियन्ता सीबूलाल पटेल सहित नगर निगम जोन 10 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया एवं रहवासी मतदाताओं को मतदान अधिक से अधिक संख्या में करने की दृष्टि से जागरूक बनाया गया.रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चलाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की दृष्टि से नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा सतत निरन्तर जागरूक बनाया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने गिरीश देवांगन को बनाया बलि का बकरा : सरोज



**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को 30 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जिस पर कटाक्ष करते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस की पहली सूची में ज्यादातर पुराने चेहरे है और जिन मंत्रियों पर घोटाले-दंगे करने का आरोप है उनको टिकट दिया गया है। वे सभी चुनावी मैदान में बुरी तरह से हारेंगे। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने गिरीश देवांगन को मैदान में उताकर उन्हें बलि का बकरा बनाया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अपने ही करीबियों की राजनीतिक बलि चढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# अजय रोहरा ने पूर्व सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**गरियाबंद,** 15 अक्टूबर। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह रहा। प्रदेश के दूर दराज क्षेत्र से भी लोग पूर्व मंत्री सिंह को बधाई देने और मिलने पहुंचे थे। इस अवसर पर गरियाबंद से भाजयुमो पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा, सागर मयाणी, प्रतीक सिंह रविवार शाम पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह से उनके राजनांदगांव निवास में सौजन्य मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। पूर्व सीएम की स्वस्थ एवम दीर्घायु जीवन की कामना की।



# कांग्रेस सत्ता-संरक्षण प्रदान कर बाहुबलियों के जरिए चुनाव के दौरान हिंसा फैलाकर माहौल बिगाड़ने पर उतारू : भाजपा

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रवक्ता, प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, केंद्रीय गृह मंत्रालय, प्रदेश गृह मंत्रालय, छत्तीसगढ़ पुलिस सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को ट्वीट कर उनके (श्री चंद्राकर के) कुरुद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी की रविवार को जघन्य हत्या किए जाने की जानकारी देते हुए पुरजोर मांग की है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए धमतरी के एसपी, एसडीओपीस समेत कुरुद विधानसभा क्षेत्र के सभी थानेदारों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ को अतिसंवेदनशील घोषित किया जाए।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व कुरूद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री चंद्राकर ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की पुलिस के संरक्षण में लक्षित हत्या (टारगेट किलिंग) की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि इससे पहले भी स्व. चंद्रशेखर गिरी पर प्राणघातक हमला हुआ था लेकिन पुलिस ने उन हमलावरों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया था और आरोपियों की अरारी-फरारी दिखाकर कार्रवाई में टालमटोल करती रही। आगे चुनाव में पुलिस के संरक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं की और भी टारगेट किलिंग हो सकती है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया



कि कांग्रेस के लोग सत्ता-संरक्षण प्रदान कर बाहुबलियों के जरिए चुनाव के दौरान हिंसा फैलाकर माहौल बिगाड़ने पर उतारू हैं। टारगेट किलिंग, हिंसा की राजनीति के जरिए आतंक फैलाना कांग्रेस का स्थायी चरित्र रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस अब वैचारिक रूप से इतनी कंगाल हो चली है कि सत्ता के लिए लिए वह हर नाजायज हथकण्डों का आजमाने में शर्म महसूस नहीं करती।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि बस्तर में नक्सलियों की आड़ लेकर जिस तरह भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की लगातार टारगेट किलिंग की गई है और उन हत्यारों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, उससे तो प्रदेश सरकार की बदनीयती स्पष्ट हो ही चुकी थी, रही-सही कसर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा प्राप्त भाजपा के पूर्व विधायकों की सुरक्षा छीनकर पूरी कर दी थी। मानपुर में कांग्रेस की सभा में कांग्रेस विधायक इंद्र शाह मंडावी की मौजूदगी में सरजू टेकाम ने जिस तरह चुनाव प्रचार के लिए आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को काट डालने की धमकी दी और प्रदेश सरकार ने इस पर चुप्पी साध ली, वह कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र की एक झलक ही थी। कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार अब शांत छत्तीसगढ़ में चुनाव को अपराध और हिंसा की दिशा में ले जाने का षड्यंत्र रच रही है। श्री चंद्राकर ने चेताया कि मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश को प. बंगाल बनाने का प्रयास न करें।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही व गुंडागर्दी के कारण आज छत्तीसगढ़ की जनता अपने आप असुरक्षित महसूस कर रही है, और मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ को सुरक्षित राज्य बताकर फर्जी दावा कर रहे हैं पर जमीनी हकीकत यह है कि आज छत्तीसगढ़ पुरी तरह से अपराध गढ़ बन चुका है। तालिबानी अंदाज में सड़कों पर हथियारों के साथ जुलूस निकाला जा रहा है। यह हथियार किसी पर भी चल भी सकते हैं। किन्तु सरकार इस पर कार्रवाई करना छोड़ केवल आरोप लगाने में व्यस्त है। श्री चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था के लिए भूपेश बघेल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बहुत संवेदनशील स्थिति है कि छत्तीसगढ़ में मानव जीवन किस प्रकार संकट में पहुंच रहा है! कांग्रेस के शासनकाल में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हो गया है।

# जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर ऐसोसिएशन ने घोषणा पत्र के लिए अपने सुझाव दिए



**रायपुर,** 15 अक्टूबर। जिला सिविल कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवनारायण ताम्रकार ने अपने ऐसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ सभी प्रमुख पार्टी के नेताओं से मिलकर पेटी ठेकेदारों को जो समस्याओं का सामना करना पड़ता है उससे अवगत कराकर घोषणा पत्र में इसके समाधान के लिए कुछ प्रयोजन करने की मांग की है श्री ताम्रकार ने बताया कि उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र समिति के विजय बघेल, कांग्रेस गिरीश देवांगन, जनता कांग्रेस के अमित जोगी एवं अन्य सभी पार्टियों के सदस्यों से मिलकर पेटी ठेकेदारों और मजदूरों के लिए जो समस्याओं का सामना करना पड़ता है उसके लिए स्थाई समाधान के लिए अपने घोषणा पत्र में पेटी ठेकेदारों और मजदूरों की समस्या का निराकरण हो सके शामिल करने की मांग की इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष शिवनारायण ताम्रकार एवं योगी साहू ,अभिनव गायकवाड, हेमंत खास्तगीर, रामखेलावन, छोटू ,हीरालाल भगत, आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

CMYK



**शारदीय नवरात्र**

# सजा मां का दरबार, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## घटस्थापना के साथ शक्ति उपासना के पर्व की शुरुआत





**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शक्ति उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि की शुरुआत आज से हो गई है इस बार निवरात्रि में मां का आगमन हाथी पर हो रहा है नवरात्र के पहले दिन देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई इससे पहले प्रदेश समेत देश के सभी देवी मंदिरों में घटस्थापना के साथ ही पूजा.अर्चना शुरू हो चुकी है सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है रायपर के मां महामाया मंदिर, आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर समेत शहर के मंदिरों में पूजा.पाठ प्रारंभ हो गया है वहीं बिलासपुर के रतनपुर में स्थित देवी महामाया मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे है मां महामाया मंदिर रायपुर,इसके अलावा दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में भी पूजा.पाठ शुरू हो गई है वहीं जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव चल रहा है जिसमें आज जोगी बिठाई की रस्म निभाई गई वहीं प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में भी माता नवरात्रोत्सव की शुरुआत हो चुकी है

### चौक-चौराहों में सार्वजनिक पंडालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन राजधानी के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक पंडालों में आदिशक्ति देवी दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं सुबह से देर रात तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर स्थापित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। गणेशोत्सव के बाद अब 10 दिनों तक दुर्गोत्सव के दौरान पुन: शहर में भक्ति की धारा बहेगी। पंडालों के साथ सड़कों में आकर्षक विद्युत सजावट से राजधानी जगमगा रही है।

**राजधानी के मां काली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ :** रायपर के मां महामाया मंदिर आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर समेत शहर के मंदिरों में पूजा.पाठ प्रारंभ हो गया है वहीं बिलासपुर के रतनपुर में स्थित देवी महामाया मंदिर में भी माता के दर्शन के लिए भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में भी पूजा.पाठ शुरू हो गई है वहीं जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव चल रहा है जिसमें आज काछन जात्रा और जोगी बिठाई की रस्म निभाई जाएगी वहीं प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में भी माता नवरात्रोत्सव की शुरुआत हो चुकी है।

# शराब पीने के लिये पैसे न देने पर दो युवकों को घोंपा चाकू

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराब पीने के लिए पैसे न देने पर शराबियों ने राह चलते दो युवकों पर चाकू और नुकीली चीज से जानलेवा हमला किया। इनके अलावा शनिवार को पुराने विवाद पर मारपीट की चार और घटनाएँ हुई। टिकरापारा पुलिस के मुताबिक शनिवार रात 8 बजे रावतपुरा कालोनी.2 निवासी कृष्ण कुमार वर्मा 32 वर्ष अपने घर जा रहा था। कालोनी से पहले चिंटू साहू,देवेंद्र ठाकुर, महेंद्र और अन्य युवकों ने वर्मा को रोका और शराब पीने के लिए पैसे मागे कृष्ण कुमार के न देने पर पहले हाथ मुक्के से मारपीट की। उसी दौरान इनमें से किसी ने चाकू से वार दिया और भाग निकले। वर्मा ने थाने पहुंच कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर राजेंद नगर उरला निवासी जसवंत सिंह 22 वर्ष से धनपुरी के खोडियार होटल के पास मारपीट की गई। रोशन वर्मा ने जसवंत शराब पीने पैसे मागे न देने पर हाथ मुक्के से मारपीट कर नुकीली चीज से हमला कर फरार हो गया। पुरानी बस्ती पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर.2 निवासी सौरभ शर्मा 32 वर्ष या असीम शर्मा केतन साहू, विकास, जय शर्मा से पुरानी रंजिश चल रही थी।

साई मंदिर लाखेनगर के पास इन चारों ने सौरभ से गाली गलोज हाथ मुक्के और लकड़ी के बजे से मारपीट की,खम्हारी के भवानी नगर निवासी दुर्गेश डहरिया के घर घुसकर पुरानी रंजिश पर नुरुलहूदा और उसके साल ने लाठी से मारपीट की। दुर्गेश की मा सविता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। सभी मामले धारा 294, 506 बी 323, 327, 34, 341, 452 के तहत दर्ज किए गए है

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नौ वर्ष पहले जमीन बेचने 61 लाख का बयाना लेकर रजिस्ट्री नहीं कराया और रकम भी वापस न करने वाले के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है। बिलासपुर के तिरुपति नगर सरकंडा निवासी राजकुमार थावरानी ने बीती शाम आमानाका थाने में धारा 420,34 का मामला दर्ज कराया। नवल किशोर और रामप्यारी अग्रवाल ने टाटीबंध स्थित अपने भूखंड कुल रकबा 0.420 को बेचने राजकुमार से 20 अक्टूबर 14 को लिखित करार किया था। यह भूखंड तीन हल्का नंबर 327,3,3269 और 326,10 के हिस्से हैं। इसके एवज में नवल किशोर ने राजकुमार से 61 लाख रूपए बयाना भी लिया। उसके बाद से अब तक नवल किशोर रजिस्ट्री कराने आनाकानी करता रहा । और राजकुमार ने बयाना वापस मांगा तो वह भी अब तक नहीं लौटा रहा। इस पर राजकुमार ने कल शाम रिपोर्ट दर्ज कराया।

## राजधानी में युवक की हत्या

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के धूप्पड़ पेट्रोल पंप के पास युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या की खबर आ रही है। दीपक निषाद नामक युवक की पीटने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। शराब पीकर नाली में गिरे दीपक को युवकों ने शराबी कहने पर मृतक ने गाली.गलौज की। युवकों ने दीपक निषाद को पीट.पीटकर नाली में ही डालकर फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। दरअसल यह घटना आजाद चौक थाना इलाके का है।

# गांजा के साथ युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। थाना कबीर नगर टीम को सूचना प्राप्त हुई कि वाल्मिकी नगर में मोह एजाज उर्फबाबू अपने पास अवैध रूप से गांजा बिक्री करने हेतु रखा है। जिस पर प्रभारी थाना प्रभारी कबीर नगर को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी कबीर नगर श्रुति सिंह के नेतृत्व में थाना कबीर नगर पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहण् एजाज उर्फबाबू निवासी बाल्मिकी नगर कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैला के अंदर पॉलीथीन की तलाशी लेने पर पॉलीथीन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी मोहण् एजाज उर्फबाबू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 01 किलो 400 ग्राम गांजा कीमती लगभग 8,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में धारा 20;बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। पुलिसको सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत शास्त्री मार्केट पिंक टॉयलेट के पास अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री हेतु खड़ा है। जिस पर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये गए स्थान पर में दबिश देकर कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान शास्त्री मार्केट पिंक टॉयलेट के पास में एक व्यक्ति उपस्थित मिला जो पूछताछ में अपना नाम मोंटी तिवारी उर्फ शेरू निवासी चौधरी बड़ा, थाना कोतवाली,रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे में रखे प्लास्टिक बोरी में 45 पौवा देसी प्लेन शराब 3,600 रुपए को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना गोलबाजार में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अनियमित कर्मचारी और बेरोजगारों को केवल झुनझुना पकड़ाया

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में 2011 के विना से भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अनियमित कर्मचारी संविदा कर्मचारी बेरोजगारी को रोजगार देने जैसे मुद्दे पर असफलता का लाभ उठाए सरकार ने अपने पत्र को रोजगार देनेति कर्मचारिय की नियमित करने पति करने जैसे हालात लाकर प्राप्तकाल का सरकार ने भी कुछ नहीं किया है।

कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि 2018 के चुनाव के पूर्व इन सभी आयतनकारी के मंच में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपमुख्यमंत्री टी एस सिहदेव कवासी लखमा आदि कदवार नेताओं ने मंच सांझा कर सरकार बनने पर 10 दिनों में करने का या साल बीत 2018 का प्रथा के कर्मचारी मितान विरान अतिथि शिक्षक जरी जैसे अनेक वर्ग के लोग है हजार दो हजार 4000 करके के साथ खिलवाड़ किया गया है। 15 साल शासन 5 साल कॉग्रेस शासन की बात कहकर राजनीति कर रहे है। वास्तविकता यह है कि इस वर्ग के लोगों का 20 वर्ष का जीवन सभी के आप नौकरी के समय निकल गए। जब कही दूसरे जगह नई नौकरी की संभावना भी नहीं है। बेरोजगारी भत्ता भी केजी के महाकर्मियों के सविलियन के लिए अपने पीठ रहे हैं। सिविलियन के बाद से एनएस बाद उन्हें शून्य बटे सन्नाटा ही मिला है। सबसे भयंकर शामी कर्मचारियों को पुरानो लागू करने की वृति के बाद 18 वर्ष से माना है। एनएसडीएल बी 12,240 करोड़ रुपए कर ली और कर्मचारियों के खून पसीने की कमाई केंद्र और राज्य के फुटबॉल में पा गया है। पुरानी पेंशन आज भी लागू नहीं हुई

# भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों को अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा



**नगर निगम एवं यातायात पुलिस की संयुक्त बैठक में फैसला**

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर रतन लाल डांगी एवम् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत कुमार अग्रवाल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव एवं त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए जाने के संबंध में नगर निगम जोन कमिश्नर एवं यातायात थाना प्रभारियो का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। जिसमें त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु की जाने वाली कार्यवाही के सम्बंध में आवश्यक चर्चा की गई जिसमें निम्नानुसार कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया, प्रमुख बाज़ार क्षेत्रों में यातायात को प्रभावित कर दुकान के बाहर सामान निकाल कर व्यवसाय करने वाले दुकानदार के विरुद्ध सामान जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, प्रमुख मार्गों एवम् चौक चौराहों के आस पास यातायात को प्रभावित कर लगने वाले अवैध ठेला खोमचा पर संयुक्त रूप से लगातार अतिक्रमण कार्यवाही करना,प्रमुख बाजार क्षेत्र में ग्राहकों द्वारा दुकान के बाहर वाहन पार्क कर खरीदारी किया जाता है जिसके कारण सामान्य यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है ऐसे ग्राहकों के वाहनों के लिए अस्थाई पार्किंग स्थल की सुविधा देना,शहर के कुछ प्रमुख मार्गोए बाजार क्षेत्र एवं चौक चौराहा पर रोड मार्किंगए एज मार्किग व ज़ेबरा क्रॉसिंग मिट गया है जिसे पुन: मार्किंग किया जाना आवश्यक है शहर के भीतर बहुत सारे मार्ग का स्ट्रीट लाइट बंद पड़े हैं जिसे तत्काल चालू किया जाना आवश्यक है शहर के भीतर कुछ प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों में लगे ट्रेफिक्र सिगनल बंद पड़े हैं जिसे तत्काल चालू किया जाना आवश्यक है शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रो में ठेला खोमचा वालों का अतिक्रमण रहता है जिसे लगातार संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त रखना होगा। आदि विषयों पर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के सम्बंध में निर्णय लिया गया बैठक में नगर निगम उपायुक्त ट्रैफिक्र डीएसपी गुरजीत सिंह सुशांतो बनर्जी जोन कमिश्नर आर के डोंगरे जोन. लोकेश चंद्रवंशी जोन राकेश शर्मा जोन सुशील चौधरी जोन रमेश जायसवाल जोनजसप्रीत बंबरा जोन रूण धुव्र जोन संतोष पाण्डेय जोन दिनेश कोसरिया के साथ ही सभी 10 जोन के यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## घर से गैस सिलेण्डर की चोरी

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुढ़ियारी इलाके के एक मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर दवार के रास्ते पहली मंजिल में बने कृष्णा यदू के मकान में जाकर वहां से गैस सिलेण्डर की चोरी कर ले गया। पुलिस ने अपराध दर्ज किया। कृष्ण बने पुलिस को बताया की उसका साईमंदिर के पास दो मंजिला मकान है जहा पर नीचे के कमरे में परिवार के लोग रहते है और उपर के कमरे में घर का सामान रखा हुआ है। जिसे कोई चोर 2 की रात को मकान की बाउंडरी के रास्ते छत पर जाकर कमरे में रखा सिलेंडर को चोरी कर ले गया। इसकी जानकारी घर में सिलेण्डर लाने उपर के कमरे में जाने पर पता चला। इसकी रिपोर्ट कृष्ण कुमार ने गुढ़ियारी थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380किया है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**प्रतियोगिता के विजेताओं और मोहल्ला समितियों को किया गया सम्मानित**

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा रायपुर के द्वारा आज शोभायात्रा निकाली गईण् जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुएण् महाराजा अग्रसेन की 5177 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा शहर के चौक चौराहों से निकली जवाहरनगर में महाराज अग्रसेन की पूजा के बाद उनकी मूर्ति को सिंहासन में बैठाकर लोग यात्रा के लिए निकले यह यात्रा अग्रसेन भवन जवाहर नगर से रामसागरपाराए राठौर चौकए गंजपारा



तेलघानी नाका चौक भैंसथान रोड अग्रसेन चौकए समता कॉलोनी होते हुए श्याम मंदिर तक पहुंची शोभायात्रा में अग्रवाल सभा के झांकी के साथ ही 19 मोहल्ला समितियों की झांकियां बैंड बाजे के साथ प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही बता दें कि पिछले 21 दिनों से अग्रसेन जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है जहां कई प्रतियोगिता आयोजित थी और आज प्रतियोगिता के विजेताओं और मोहल्ला समितियों को सम्मानित किया गया_ साथ ही म्यूजिकल नाइट की धूम में बॉलीवुड सिंगर स्वस्ति मेहुल जैन ने अपनी प्रस्तुति दी अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने इस दिन का महत्व बताते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयंती पर व्यापार क्षेत्र से जुड़े लोग और अग्रहरी समुदाय के लोग पूजा.पाठ करते हैं इसका कारण यह है कि महाराज अग्रसेन ने व्यापारियों के राज्य की भी स्थापना की थी

# चुनाव ड्यूटी से बचने जुगाड़ बिठाना शुरू

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव ड्यूटी से बचना आसान नहीं होगा। हालांकि अधिकारी कर्मचारियों ने इसका जुगाड़ बिठाना शुरू कर दिया है। किसी भी शासकीय मेडिकल प्रैक्टिशनर का मेडिकल सर्टिफिक्रेट नहीं चलेगा। मिली जानकारी के लिए रायपुर बलौदाबाजार जिले की आठ विधानसभा सीटों में मतदान मतगणना कराने के लिए 15 18 हजार अधिकारी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं। इनके अलावा 3.5 हजार पुलिस कर्मी मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इससे पहले ही अधिकारी कर्मचारियों ने ड्यूटी से बचने के उपायए जुगाड़ बिठाना शुरू कर दिया है। कोई आला अफसरों की तो कोई अखबारों के संपादकों से फोन करवा रहा है। वहीं कुछ लोग शासकीय मेडिकल प्रैक्टिशनर से सर्टिफिक्रेट लेकर जमा करने लगा है। इन दोनों जिलों में कुल 520 मेडिकल एप्लीकेशन जमा किए जा चुके है। इनमें रायपुर जिले के 410 हैं। उप निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि हमने सभी आवेदन अंतिम पुष्टि के लिए सीएमएचओ को रिफर कर दिया है। वे ही संबंधित का चेकप कर अंतिम निर्णय लेंगे। साथ ही सोमवार से जिला कलेक्टोरेट के अधीन एक मेडिकल टीम भी तैनात की जा रही है।

# पूर्वी क्षेत्रीय अंतरमहाविद्यालीन खेलकूद में कृषि महाविद्यालय रायपुर ओवरऑल चैम्पियन

**रायपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर में पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का ओवरऑल चैम्पियन कृषि महाविद्यालय रायपुर रहा एवं रनरअप की ट्राफी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर को प्राप्त हुई। पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 8 महाविद्यालयों कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, कृषि महाविद्यालय भाटापारा, कृषि महाविद्यालय महासमुंद, कृषि महाविद्यालय मर्रा पाटन, कृषि महाविद्यालय गरियाबंद तथा छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय दुर्ग के 253 प्रतिभागी शामिल हुए थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक शिक्षण डॉ. एस.एस. सेंगर थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर डॉ. जी.के. दास एवं अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डॉ. ए.के. दवे उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

पूर्वी क्षेत्रीय अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया गया था जिसमें व्यक्तिगत प्रतियोगिता के तहत आयोजित लम्बी कूद प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री सुरूची प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री बसंती नेताम रही एवं तृतीय स्थान पर प्रियंका इक्का रहीं। वहीं बालक वर्ग में लॉरेंस को प्रथम, अमिरूद्दीन अली को द्वितीय एवं अक्षय कुमार ध्रोक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ऊंची कूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुमारी संगीता को प्रथम, सुश्री संतोषी एक्का को द्वितीय एवं सुश्री राधिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर श्री वेदप्रकाश, द्वितीय स्थान पर रूद्रहरी एवं तृतीय स्थान पर श्री विनीत रहे। डिस्क थ्रो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री यमुना कश्यप प्रथम स्थान पर रही, सुश्री अनुग्रही टोप्पो द्वितीय एवं सुश्री अलका लकरा तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग में प्रमोद कुमार को प्रथम, जितेन्द्र साहू को द्वितीय स्थान एवं चैन सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शॉट पुट प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका वर्ग में सुश्री नैना इक्का प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री अलका लकरा एवं तृतीय स्थान पर अनुग्रही टोप्पो रही। वहीं बालक वर्ग में श्री रूद्रहरी को प्रथम, श्री अभिमन्यु को द्वितीय एवं श्री पुष्पेन्द्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित भाला फेंक प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री गौरी टोप्पो प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री अनुग्रही टोप्पा एवं तृतीय स्थान पर सुश्री यमुना कश्यप रही। वहीं बालक वर्ग में श्री अभिमन्यु को प्रथम, श्री जितेन्द्र साहू को द्वितीय एवं श्री लिलाम्बर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री बसंती नेताम को प्रथम, सुश्री इवांजली को द्वितीय एवं सुश्री प्रियंका इक्का को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालक वर्ग में श्री अमन यादव प्रथम, श्री जितेन्द्र साहू द्वितीय एवं श्री अक्षय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री सुप्रिया नेताम प्रथम पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री काजल सिंह एवं तृतीय स्थान पर प्रियंका इक्का रही। वहीं बालक वर्ग में विनीत कुमार को प्रथम, जुनाऊ पोटई को द्वितीय स्थान एवं अक्षय कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री इवांजली प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री बसंती नेताम एवं तृतीय स्थान पर सरला राजवाड़े रही। वहीं बालक वर्ग में नितेश ठाकुर को प्रथम, गजानंद को द्वितीय एवं बसंत कांत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सुश्री इवांजली प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री राधिका एवं तृतीय स्थान पर सुश्री सरला राजवाड़े रही। वहीं बालक वर्ग में अमन बघेल को प्रथम, जयरूंन वोड्डे को द्वितीय एवं संजू वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालिक वर्ग में सुश्री अलका लकरा प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सुश्री राधिका एवं तृतीय स्थान पर सुश्री सरला राजवाड़े रही। वहीं बालक वर्ग में राजेश संदिलया को प्रथम, संतोष कुमार ध्रुव को द्वितीय एवं गजानंद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 4x100 रिले रेस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कृषि महाविद्यालय महासमुंद की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर कृषि महाविद्यालय भाटापारा की छात्राएं एवं कृषि महाविद्यालय रायपुर की छात्राएं तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग में कृषि महाविद्यालय मर्रा पाटन के छात्रों को प्रथम, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर के छात्रों को द्वितीय एवं कृषि महाविद्यालय रायपुर के छात्रों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

समूह स्पर्धाओं के अंतर्गत आयोजित टेबल टेनिस स्पर्धा के बालिका वर्ग में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर की छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं कृषि महाविद्यालय भाटापारा की छात्राओं को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालक वर्ग में कृषि महाविद्यालय गरियाबंद के छात्रों को प्रथम एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर के छात्रों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन स्पर्धा के बालिका वर्ग में कृषि महाविद्यालय रायपुर की छात्राओं को प्रथम एवं कृषि महाविद्यालय भाटापारा की छात्राओं को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं बालक वर्ग में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर के छात्रों को प्रथम एवं कृषि महाविद्यालय रायपुर के छात्रों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

CMYK

उल्टा पुल्टा

**पति**- आजकल न तुम शराब पीने से मना करती हो, न सिगरेट पीने से क्या सारी शिकायतें खत्म।

**पत्नी**- नहीं, इंश्योरेंस वाला परसों ही इसके फायदे बताकर गया है।

संपादकीय

## श्रद्धा के साथ संयम हो नवरात्रि में

*रविवार से नवरात्रि का पर्व प्रारम्भ हो गया जिसका समापन विजयादशमी के साथ होगा। नवरात्रि में दुर्गा देवी के विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान जगह-जगह पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है जिनका विसर्जन अंतिम दिन होगा। यही समय नौ रातों को गरबा खेलने का भी होता है जिसके प्रति युवाओं में बड़ा रूझान होता है। इन्हें देखने या उनमें भाग लेने के लिये वे बहुत उत्साह से जाते हैं। यह उत्साह और श्रद्धा का त्यौहार तो है पर इस दौरान अनुशासन व संयम भी बरते जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को शालीनता से मनाने के लिये प्रशासन द्वारा जारी सभी तरह की गाइड लाइनों के पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। यह स्वयं उनकी सुरक्षा के लिये एवं उनके हित में है।*

*छत्तीसगढ़ के लगभग सभी शहरों, कस्बों एवं गांवों में हर साल असंख्य स्थानों पर प्रतिमाएं बैठती हैं जिनका धूमधाम से विसर्जन होता है। साथ ही गरबा का आयोजन भी जगह-जगह पर होता है। दूसरों से अधिक भव्य एवं खर्चीला आयोजन दिखाने के चक्कर में डीजे को लेकर आयोजक एक-दूसरे से स्पर्धा करते हैं। इस प्रक्रिया में ऊंचे वॉल्यूम पर गाना-बजाना करना, डीजे चलाना और देर रात तक गरबा करना भी शामिल होता है। बुजुर्गों, बीमारों, दिल या उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों को इस शोरगुल से बहुत दिक्कत होती है। पशु-पक्षियों को भी ऊंची आवाज में गाने-बजाने से परेशानी होती है। राज्य के सभी जिलों के प्रशासन द्वारा जो गाइड लाइन जारी की गई है उसका पालन करते हुए उत्सव को शालीनता से मनाना चाहिये। इसके अनुसार आयोजन रात 10 बजे तक समाप्त हो जाने चाहिये। उसके बाद लाउड स्पीकरों का उपयोग या सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों की पूर्वानुमति ज़रूरी है और किसी भी प्रकार के हथियार लेकर आने वाले लोगों की जानकारी आयोजकों को पुलिस में देनी होगी। ऐसे ही, मूर्तियों की अधिकतम ऊंचाई 8 फुट हो, पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हों, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां न हों, पंडाल का अधिकतम क्षेत्रफल 15 गुणा 15 हो, मंदिरों में निर्धारित स्थलों पर ही ज्योत जलाई जाए, छोटे व कम वाट के सिस्टम हों और विसर्जन के लिये छोटे वाहनों का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिये। गरबा में केवल दम्पति और कपल्स को को भागीदारी करने की अनुमति दी गई है। अकेले या समूहों में आने वाले हुड़दंगियों को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिये। इनके माध्यम से कई बार असामाजिक तत्व प्रवेश कर छेड़छाड़, मारपीट, पाकिटमारी आदि करते हैं। उनके कारण कई बार और भी गम्भीर अपराधों को भी अंजाम दिया जा सकता है। उम्मीद है कि सभी आयोजन समितियां प्रशासन को पूरा सहयोग करते हुए त्यौहार को आनंद एवं श्रद्धा से आयोजित करेंगी।*

# जगह-जगह विराजी मां दुर्गा मंदिरों में जगमगाएं ज्योति कलश



**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में आज से दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गई है। आज सुबह से ही माता दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण के मध्य शुरू हो गई। ये प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा। आज सुबह से मां चंडिका मंदिर चंडी चौक, मां शीतला मंदिर बैगापारा, मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन में ज्योतिकलश की स्थापना की गई। मां चंडी मंदिर में 2501, शीतला मंदिर बैगापारा में 1501 तथा मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन में 1501 ज्योतिकलश स्थापित किये गये है। इसी तरह पूरे शहर में जगह जगह मां दुर्गा की भव्य झांकियां सजाई गई है। इस वर्ष पिछले वर्षो की तुलना में ज्यादा भव्य एवं विशाल झांकियां सजाई गई है।

कोरोनाकाल के हादसे से भी अब लोग उबर चुके है और व्यापारिक मंदी भी नहीं रही है। इसे देखते हुए शहर में दुर्गा पूजन का उत्साह खुलकर देखा जा रहा है। कोरोनाकाल से पहले के वर्षो में नवरात्रि और दुर्गा पूजन झांकियों के मामले में दुर्ग शहर की पूरे प्रदेश में अच्छी खासी धाक थी। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा इत्यादि के विभिन्न जिलों से लोग यहां मां दुर्गा की झांकी देखने के लिये लोग आते है। इसी तरह बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पैदल एवं विभिन्न वाहनों से मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ जाते है। यह क्रम कल 16 अक्टूबर से ही शुरू हो जाने की उम्मीद है। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने इनके लिये पंडाल बनाने शुरू कर दिये है। आज सुबह से ही विभिन्न ट्रक, मेटाडोर इत्यादि वाहनों में मां दुर्गा की विशाल प्रतिमाएं लेकर श्रद्धालुगण डीजे शंख घंटा व बैंडबाजे की धुन पर जयकारे के साथ स्थापना मंडप तक ले जाते रहे। श्री गंजपारा दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई तथा मंडी परिसर में विधि विधान से स्थापना की गई। इसी तरह सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर में भी माता की प्रतिमा स्थापित की गई।

# अब दुर्ग में नहीं चलेगी परिवारवाद व छपास की राजनीति : गजेन्द्र




**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने आज अपनी पहली पत्रवार्ता में स्पष्ट कर दिया अब दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी। इसी तरह वे छपास रोग से पीड़ित नहीं है। अत: अखबारों में फोटो और विज्ञप्तियों से महिला मंडित होने की बजाय ठोस धरातल पर कार्य करेगें। पत्रवार्ता में पूर्व सांसद दुर्ग संभाग के भाजपा चुनाव प्रभारी रविन्द्र राय ने भी संबोधित किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर जन जन से परिचित गजेन्द्र यादव को विजयी बनाकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में दुर्ग में कांग्रेस के दुर्ग को ध्वस्त कर देगें।

■ कांग्रेस का दुर्ग ध्वस्त कर देगें : रविन्द्र राय

पत्रवार्ता में प्रत्याशी श्री यादव ने अपना परिचय देने के साथ ही विधायक बनने पर अपने पूर्व निर्धारित कार्यो में दुर्ग को चहुंमुंखी विकास को प्राथमिकता देने की घोषणा की। उन्होंने अपने प्रतिस्पर्धी कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी एवं मौजूदा विधायक अरूण वोरा एवं दिवंगत वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा का नाम लिये बिना कहा कि दुर्ग में विगत लगभग साठ वर्षो से एक ही परिवार का राज रहा है। इस परिवार ने शहर के विकास की घोर उपेक्षा की है। सिर्फ फोटो छपाना, विज्ञप्ति छपाने का कार्य ही इन्होंने किया है। शहर आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिये तरस रहा है। हफ्ते में चार दिन नल किन्ही न किन्ही बहाने से बंद रखे जाते है। इस पर उनसे जब पूछा गया कि नगर निगम में 20 वर्ष भाजपा का महापौर रहा। 15 वर्ष तक प्रदेश में सरकार रही तब भी शहर में मूलभूत सुविधाओं की कमी कैसे है ? इस पर उन्होंने कहा कि इन सबके लिये कांग्रेस ही दोषी है।

उनसे जब पूछा गया कि जब आप परिवारवाद की बात करते है तब यह क्यों भूल जाते है कि आप भी एक परिवार से है। बिसराराम यादव संघ के प्रतिष्ठित व्यक्ति है। क्या उनके नाम का प्रभाव आपसे अलग है। आपको टिकिट दिलाने व जिताने में काम नहीं आयेगा ? इस पर उन्होंने कहा कि आरएसएस इस तरह की राजनीति नहीं करता। वह भाजपा से एकदम पृथक है।

पत्रकारों के सवाल जवाब शुरू ही हुई थी कि भाजपा के ही वरिष्ठ नेता शिव चंद्राकर ने खड़े होकर आभार प्रदर्शन कर पत्रवार्ता समाप्ति की घोषणा कर दी। इस पर कतिपय पत्रकारों ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि अभी कई पत्रकारों द्वारा प्रश्न पूछे जाने है। कृपया पत्रवार्ता चलने दी जायें। चंद्राकर नहीं मानें। पत्रकारों के बीच कतिपय पत्रकारों ने भी मौन साध लिया और अपनी कुर्सी से उठ गये।

**गुटबाजी के दर्शन :** आज की पत्रवार्ता एनं भाजपा चुनाव कार्यालय शुभारंभ के दौरान गुटबाजी के भी दर्शन हुए। प्रेस कांफ्रेंस रोक देने से लेकर कई बार ऐसा स्पष्ट लगा कि कहीं कुछ गड़बड़ है। कई प्रमुख लोग तटस्थ बनें रहें।

# भाजपा विस चुनाव कार्यालय शुभारंभ, भट्टड़ ने काटा फीता



**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ नेता चैनसुख भट्टड़ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी प्रत्याशी गजेन्द्र यादव को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। उद्घाटन से पूर्व यहां पर पूजा पाठ की विधि पूरी की गई।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से पार्टी के पक्ष में चुनावी कार्यो में बिना किसी निर्देश से जुट जाने की अपील करते हुए कहा कि कोई किसी के आदेश की प्रतीक्षा न करें सीधे पार्टी को जिताने का कार्य करें। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, चतुर्भुज राठी, ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, केन्द्रीय चुनाव संभाग प्रभारी रविन्द्र राय, विधानसभा प्रभारी गुजरात के उदय कांगड़, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, विधानसभा संयोजक कांतिलाल बोथरा, डॉ. सुनील साहू, मनोज अग्रवाल, अजय तिवारी, दिव्या कलिहारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव

# मतदान दलों का प्रशिक्षण 19-20 को

**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदान दलों पीठासीन अधिकारी/मतदान अधि.1, 2, 3 का प्रथम प्रशिक्षण 19 एवं 20 अक्टूबर को बीआईटी दुर्ग में आयोजित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में स्वयं का मतदाता परिचय पत्र ;एपिक कार्ड एवं मतदान दल को ड्यूटी आर्डर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर आने कहा गया है। इसके अतिरिक्त 4 अक्टूबर को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम अंकित हो उसका भाग संख्या एवं सरल क्रमांक की जानकारी वेबसाईट से प्राप्त कर उपस्थित होना अनिवार्य है। मतदान दल को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने निर्देशित किया गया है ताकि डाक मतपत्र जारी किया जा सके।

# स्वरूपानंद महाविद्यालय में इंटैंक की दो दिवसीय चित्रकारी कार्यशाला का शुभारंभ



**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज इंटैक द्वारा चित्रकारी के दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शालेय विद्यार्थियों के लिए स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालयए भिलाई में किया गया। कार्यशाला में बस्तर आर्ट एवं भित्ति चित्र के प्रशिक्षण के लिए बस्तर के प्रसिद्ध चित्रकार अरुण कुमार हलदार उपस्थित हुए।

कार्यशाला के प्रथम दिवस उन्होंने विद्यार्थियों को बस्तर आर्ट का प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय इस कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को भित्ति चित्रों के बारे में बताया जाएगा।

इस कार्यशाला में आठ विद्यालयों के कक्षा सातवीं से दसवी के लगभग छियालीस विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी। इनमें आमदी नगर विद्यानिकेतन, डीएवी स्कूल सेक्टर.2, डीएवी स्कूल हुडको, डीपीएस भिलाई, इंदु आईटी स्कूल, तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग, शासकीय हाईस्कूल रूआबांधा तथा एसडीबी स्कूल भिलाई के विद्यार्थी शामिल थे। श्री हलधर ने विद्यार्थियों को बस्तर आर्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया जिसमे पहले आकृति का स्केच बनाना सिखाया उसके बाद उसमे रंग भरने की तकनीक बताई।

इस अवसर पर इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला तथा इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय से विद्या गुप्ता, रविन्द्र खण्डेलवाल तथा कांति भाई सोलंकी, दीपक रंजन दास एवं विश्वास तिवारी उपस्थित थे।

# साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 को

**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला साहू संघ द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से गोंड़वाना भवन दुर्ग में होगा। सम्मेलन के प्रकाशित की जाने वाली मांगलिक पत्रिका परिचालिका में युवक युवतियों का बायोडाटा प्रकाशित किया जायेगा। जिला साहू संघ के मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि उक्त निर्णय जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कहा गया कि अविवाहित युवतियां, विधुर, विधवा, एवं विधिवत परित्यकताएं अपना बायोडाटा 22 अक्टूबर तक संघ के समस्त पदाधिकारियों, तहसील साहू संघ, परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारियों के पास पंजीयन करा सकते है।

# 12 अन्य पहचान पत्र दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**बेमेतरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को मतदान (वोट) डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक 12 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज होने पर मतदाधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों या विधायकों अथवा विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र शामिल है।

बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के लिए में आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर 2023 (शनिवार) को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप शिक्षिका ने लिखाई रिपोर्ट

**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय महिला शिक्षिका ने अपने ही एक सहकर्मी के विरूद्ध कोतवाली पुलिस में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस शिकायत को विशाखा कमेटी की जांच के लिये सौंप दिया गया। विशाखा कमेटी की रिपोर्ट की रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।

# स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने हुई पीयर ग्रुप की प्रथम बैठक



**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद मीणा द्वारा जिला अधिकारियों के बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल द्वारा जिले के तीनों स्तरों हेतु जिला स्तरीय पीयर ग्रुप का निर्माण किया गया जिसकी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में संपन्न हुआ। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जायसवाल द्वारा बताया गया कि यह ग्रुप स्वप्रेरित उत्कृष्ट शिक्षकों का ग्रुप है। मुख्य रूप से ग्रुप के माध्यम से उन स्कूलों के शैक्षिक गुणवत्ता का सुधार किया जाना है जिनके मासिक एवं त्रैमासिक परीक्षाओं का परिणाम 20 प्रतिशत से कम, 40 प्रतिशत से कम एवं 60 प्रतिशत से कम है। विभिन्न परीक्षाओं में निम्न स्तर प्रदर्शन वाले शालाओं के शिक्षकों का इस ग्रुप के माध्यम से उन्मुखीकरण किया जाएगा साथ ही ग्रुप के ही शिक्षक उन शालाओं में आदर्श अध्यापन कार्य करते हुए शाला के गुणवत्ता स्तर को अपग्रेड करेंगे।

श्री जायसवाल ने प्रश्न बैंक की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार के प्रश्न जैसे की उपयुक्तता, विश्लेषण और सोचने की क्षमता को मापने के लिए शामिल किया जा सकते हैं, जिससे छात्रों के गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रश्न बैंक के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन का निरीक्षण किया जा सकता है और उन्हें अनुकूल ग्रेडिंग किया जा सकता है। शिक्षक को छात्रों की तैयारी के लिए उपयोगी प्रश्नों का चयन कर उन्हें प्राधिकृत बनाने में मदद मिल सकती है। इसमें शामिल प्रश्नों के माध्यम से नैतिक मूल्यों को प्रमोट करने का अवसर प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा संस्थान और शिक्षक छात्रों के प्रदर्शनों का निरीक्षण करके सुधार किए जाने वाले क्षेत्र की पहचान किए जाने हेतु उन्होंने सभी ग्रुप के सदस्यों को प्रश्न बैंक बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रुप के सदस्यों को मासिक टेस्ट त्रैमासिक परीक्षा तथा अर्धवार्षिक परीक्षा हेतु प्रश्न पत्रों के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इन प्रश्न पत्र के माध्यम से छात्रों के निरंतर मूल्यांकन का अवसर प्राप्त होगा जिससे उनके शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जा सकता है। जब शिक्षक ग्रुप के माध्यम से प्रश्न पत्र तैयार करते हैं तो छात्रों के प्रदर्शन को निरीक्षण कर सकते हैं। कमजोर क्षेत्र की पहचान करके उन्हें सुधार सकते हैं इससे छात्रों को विषय के प्रति पूरी तरह से तैयार करने में मदद कर सकती ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बीटीआई ग्राउंड में गरबा महोत्सव का शुभारंभ

**बेमेतरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित कोबिया मैदान में मित्र मंडल समिति ने नवरात्र पर्व पर भव्य रास गरबा का आयोजन किया गया है। समिति के द्वारा यह दूसरा वर्ष है। रविवार 15 अक्टूबर को रास गरबा का शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया और यह पूरे 9 दिनों तक गरबा महोत्सव आयोजित होगा जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु, भक्तिमय गीतों में झूमकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रदर्शित करेंगे।



■ मित्र मंडल समिति का गरबा महोत्सव का दूसरा वर्ष

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया था लेकिन आचार संहिता लगे होने की वजह से इस बार इस कार्यक्रम का आयोजन बीटीआई ग्राउंड में किया जा रहा है कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोने एवं धार्मिक संवर्धन करना है। इस कार्यक्रम में शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी भी पूरे परिवार सहित शामिल होकर 9 दिनों तक भक्ति में माहौल में रास गरबा का आनंद लेते हैं। रास गरबा के आयोजन के लिए पारंपरिक वेशभूषा जैसे कुर्ता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग शहर व भिलाई नगर से कांग्रेस टिकिट को लेकर संशय और गहराने लगा, तरह-तरह की अटकलों का दौर

**दुर्ग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित पहली सूची में 30 प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये है। इन सूची में मुख्यमंत्री सहित सभी वर्तमानमंत्रियों के साथ ही जिन विधानसभा क्षेत्रों में 7 नवंबर को मतदान होना है वहां के प्रत्याशियों के नाम बतौर प्रत्याशी घोषित किये गये है। दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में से पाटन क्षेत्र से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की दुर्ग ग्रामीण से अपेक्षा केअनुरूप घोषित हो गई है। अब दुर्ग शहर के विधायक व कांग्रेस के नेता राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष अरूणवोरा एवं विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव के नाम पहली सूची में न होने से उनके समर्थकों एवं विरोधियों दोनों के ही बीच संशय गहराने लगा है। यह संदेह तब और भी ज्यादा गहरा हो गया है जब जारी की गई पहली सूची में कांग्रेस ने 8 विधायकों की टिकिट काट दी है। जिले के एक मंत्री रूद्र गुरू की उम्मीदवारी अब अहिवारा विधानसभा क्षेत्र की बजाय नवागढ़ से तय कर दी गई है।

जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर और अहिवारा से कांग्रेस ने अभी तक किसी को भी प्रत्याशी घोषित नही किया है। इनमें वैशाली नगर सीट पर पहले भाजपा विद्यारतन भसीन जीते थे। यह सीट भाजपा के पास है। कांग्रेस यहां से नये चेहरे की तलाश है। यहां से कांग्रेस की टिकिट के लिये अन्य क्षेत्रों की तुलना में सर्वाधिक 60 दावेदार है। अहिवारा से अनुसूचित जाति को टिकिट दी जानी है। यहां भी पार्टी नये चेहरे की तलाश में है। यहां से संभवतया पार्टी ओनी कुमार महिलांग को प्रत्याशी बना सकती है। सन् 2008 में अस्तित्व में आई इस सीट से एकाएक नामांकन केन्द्र में ही कांग्रेस के अधीकृत प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो जाने के कारण ओनीकुमार को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। इस चुनाव में ओनी कुमार ने तब के विजेता भाजपा के प्रत्याशी डी.एल.कोर्सेवाड़ा को बड़ी टक्कर दी थी। मतगणना के दो तीन राउण्ड में वे भाजपा से आगे निकल गये थे। अब दो सीटे भिलाई नगर व दुर्ग शहर दोनों जगह वर्तमान में कांग्रेस के विधायक है। भिलाई नगर के देवेन्द्र यादव मुख्यमंत्री के निकटतम में माने जाते है। चर्चा है कि ईडी की कार्रवाई के कानूनी दांव पेंच के चलते उनके नाम पर गहन मंथन चल रहा होगा। इसी तरह विधायक अरूण वोरा की टिकिट भी रूकी हुई है। उनके खिलाफ कहीं कोई तकनीकी मामला भी नहीं है। छबि भी काफी स्वच्छ है। वे सोनिया, राहूल गांधी के निकटस्थ रहे मोतीलाल वोरा के सुपुत्र है। विरोधी दल के नेता भी मानते है कि कांग्रेस की 60 वर्ष तक एकनिष्ठ नेता के सुपुत्र की टिकिट आसानी से नहीं काटी जा सकती है। इसके बावजूद उनके नाम का पहली सूची में एलान न होना अटकलों को हवा दे रहा है। तरह तरह के सवाल उठाते हुए कयास लगाये जा रहे है। कांग्रेस के भीतर कतिपय असंतुष्ट नेताओं की तांबी इन अटकलों को हवा दे रही है। वोरा समर्थकों को उम्मीद है कि आगे आने वाले प्रत्याशियों की सूचि में मामले का पटाक्षेप हो जाएगा।

■ पीएचई मंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री प्रत्याशी घोषित, जिले की 4 विधानसभा सीट में सस्पेंस कायम

## नवरात्र के प्रथम दिवस महिलाओं ने लिया मतदान का संकल्प



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए भिलाई निगम द्वारा शुरू किया गया। नवरात्र मे नौ संकल्प के प्रथम दिवस शाक्ति स्वरूपा महिलाएं मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुई। 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवा महिला मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। निगम क्षेत्र के नागरिकों को आगामी चुनाव में भय व लोभ से मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करने नवरात्रि के प्रथम दिन संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में घूम.घूम कर महिलाओं को अधिकाधिक मतदान करने की अपील किए साथ ही अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। एनयूएलएम के मिशन मैनेजर अमन पटले ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान में सौ फीसदी मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय तथा आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर रविवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निगम क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर जाकर महिलाओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किए। इस दौरान महिलाएं अपने मतदाता परिचय पत्र को हाथो में लेकर हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिए ।

## ब्राउन शुगर सहित दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद से नशे के कारोबारी पर पुलिस की कार्यवाही तेज हो गई है। सुपेला पुलिस ने आज सुपेला क्षेत्र से 128 पुड़िया ब्राउन शुगर (14 ग्राम 22 मिलीग्राम) नशीली ब्राउन शुगर कीमती तकरीबन एक लाख चालीस हजार रूपय नगदी रकम 1850 रूपये व 1 होण्डा शाईन वाहन बरामद जुमला कीमती 2,21,850६. रूपये जप्ता कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोप थाना सुपेला क्षेत्र में मोटर सायकल में घूम–घूम कर ब्राउन शुगर की सप्लाई करता था। उक्त कार्यवाही एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना सुपेला की संयुक्त रुप से की। जिला दुर्ग में नशे के खिलाफ मुहिम चलाने व कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा नशे के कारोबारियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं ए.सी.सी.यू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल व संतोष मिश्रा एवं थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुये नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान एसीसीयू की टीम को विशेष सूत्रों से पता चला की सुधीर एक्स–रे गली महेन्द्र शो रूम सुपेला के पास 2 व्यक्ति एक होण्डा शाईन मोटर सायकल में अवैध रूप से लाभ अर्जित करने हेतु मादक पदार्थ ब्राउन शुगर को नवयुवको को बिक्री कर रहा है कि सूचना पर सुधीर एक्स–रे गली महेन्द्र शो रूम सुपेला के आस–पास घेराबंदी कर श्याम सिंह एवं सूरज अग्रवाल को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 128 नग पूड़िया में 14 ग्राम 22 मिलीग्राम ब्राउन शुगर कीमती करीबन 1,40,000 रूपये एवं नगदी रकम 1850६. रूपयेए घटना में प्रयुक्त एक होण्डा शाईन मोटर सायकल कीमती लगभग 80,000 रूपये, जुमला कीमती तकरीबन 2,21,850 रूपये को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 844, 2023 धारा 21 (ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सहायक उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक आरक्षक प्रदीप सिंह, कपिल यादव, शिव तिवारी, आरक्षक शोभित सिन्हा, बालमुकुंद साहू, चित्रसेन साहू, जगजीत सिंह, तिलेश्वर राठौर, केशव साहू, नरेन्द्र सहारे, शौकत हयात, खुर्रम बक्स, सनत भारती व थाना सुपेला से उपनिरीक्षक मनीष बाजपेयी, प्रधान आरक्षक अमर सिंह, आरक्षक जुनैद सिद्धिकी, विवेक सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपियों का नामरूश्याम सिंह 29 वर्ष निवासी शारदापारा, तथा सूरज अग्रवाल उम्र 23 वर्ष निवासी केम्प 2 शारदापारा के बताये गये है। उल्लेखनीय हो कि एक दिन पहले ही भिलाई तीन पुलिस ने लगभग दो सौ पेटी अवैध शराब को हथखोज नगर से पकड़कर दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था।

## ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य देवियों की झांकी 18 से

**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शरदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर 7 राजयोग भवन, सड़क 2 में 18 से 23 अक्टूबर तक ध्वनि एवं प्रकाश के सुंदर समायोजन द्वारा देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी जा रही है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6. 30 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए खुशी हर पल दस दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन 25 अक्टूबर से किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

## पद यात्रियों को पंडाल में मिलेगी सुविधा



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। बोलबाम विकास एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने दावा किया है कि प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल खुर्सीपार में इस बार भी बोल बम समिति लगाया है। सेवा पंडाल पदयात्रियों की सेवा में जुटेगी समिति, दया सिंह ने बैठक कर दी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी है। दया सिंह ने बताया कि इस साल नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी देवी दर्शन करने जाने वाले पदयात्रियों के लिए छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सेवा पंडाल खुर्सीपार में बन रहा है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से यह सेवा पंडाल लगने जा रहा है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने इस संबंध में समिति के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। अध्यक्ष दया सिंह ने बताया किए यह सेवा पंडाल का दूसरा वर्ष है। इस साल मां दुर्गा भी पंडाल में ही विराजमान होंगी यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सेवा पंडाल होगा। जिसमें सभी सुविधाएं होंगी। पंडाल में आने वाले पदयात्रियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। 15 अक्टूबर से यह सेवा पंडाल शुरू किया गया है, जो नवरात्रि के अंतिम दिवस तक चलेगा। पिछले वर्ष भी इस सेवा पंडाल में 5 हजार से अधिक पदयात्रियों की सेवा की गई है। पदयात्रियों को जलपान की व्यवस्था होगी, प्राथमिक चिकित्सा मिलेगी, गर्म पानी मिलेगा, मोबाइल चार्जिंग की सुविधा होगी, विश्राम के लिए बिस्तर होगा फ्री वाई फाई इंटरनेट की सुविधा होगी, पदयात्रियों के पैरों की मालिश भी कराई जाएगी ये कार्यक्रम पंडाल में ही किये जायेगे। अध्यक्ष व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सेवा पंडाल में होंगे। लोकरंग अर्जुंदा वालों का कार्यक्रम 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे से होगा। आज रविवार सुबह 11.36 बजे घटस्थापना की गई। 19 अक्टूबर पंचमी को विशेष पूजा और महाआरती भी होगी। 22 अक्टूबर को अष्टमी हवन व पूर्णाहुति होगी। 23 अक्टूबर को नवमी कन्या पूजन और बटुक पूजन होगा एवं विसर्जन होगा।

## फैरो स्कैप कम्पनी के कर्मियों को मिलेगा साढ़े 16 हजार बोनस

**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड एफएसएनएल के कर्मचारियों को वर्ष 2022–23 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए बैठक राशि तय की गई है। एफएसएनएल कर्मचारियों को इस बार 16500 रुपए बोनस दिया जाएगा। बोनस की राशि दुर्गा पूजा से पहले भुगतान कर दी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि अगले सप्ताह बोनस आ जाएगा। पिछले वर्ष कर्मचारियों को 15 हजार 500 रुपए दिया गया था। इस बार 1 हजार ही बोनस की राशि बढ़ाई गई है। एफएसएनएल में कुल 450 कर्मिक हैं। 120 अधिकारी और 330 कर्मचारी हैं। एफएसएनएल प्रबंधन और मान्यता प्राप्त यूनियनों के बीच समझौता किया गया। एफएसएनएल के कर्मचारियों को 2022.23 के दौरान बजटीय संसाधनों से अधिक अतिरिक्त संसाधन निधि प्राप्त करने की प्रतिबद्धता के विरुद्ध अग्रिम के रूप में 15,000 रुपए का भुगतान किया गया। लेखांकन वर्ष 2022.23 के बंद होने के बाद यूनियनों ने लेखांकन वर्ष 2022–23 के लिए बोनस भुगतान संशोधन अधिनियम 2015 के तहत पात्र कर्मचारियों को वार्षिक बोनस के भुगतान की मांग प्रस्तुत की। बैठक में यूनियनों ने 25,000 रुपये दिए जाने की मांग की। लेकिनए 16 हजार 500 रुपए पर समझौता हो सका। प्रबंधन की तरफ से कहा गया कि 25,000 रुपए वर्तमान वित्तीय और भौतिक प्रदर्शन के अनुकूल नहीं है। वही भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों को इस वर्ष मिलने वाले बोनस को लेकर दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक 17 अक्टूबर को होने वाली है। जिसमें बोनस को लेकर चर्चा की जायेगी।

## सेक्टर-9 अस्पताल में स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु) संयंत्र के सेक्टर.9 अस्पताल स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह . का आयोजन किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ के मुख्य आतिथ्य के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी.डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल, डॉ कौशलेंद्र ठाकुर डॉ प्रतिभा इस्सर, डॉ लता देवांगन, रेडियो डायग्नोसिस विभाग से डॉ धीरज कुमार गुप्ता अन्य वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। डॉ एम रवींद्रनाथ ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर महिला को स्तन कैंसर के लक्षणों पर नियमित निगरानी रखना बहुत जरूरी है। रोग निवारक उपचार के साथ–साथ, समय समय पर जाँच कराना स्तन कैंसर को ठीक करने में सहायक होता है। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि रेडियो डायग्नोसिस विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित, स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह ने वास्तव में एक बेंचमार्क स्थापित किया है। स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह के दौरान स्तन कैंसर जागरूकता पर विभिन्न स्थानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थी। जिसमें सेक्टर–9 की ओपीडी परिसरए बीटीआईए भिलाई महिला कॉलेज आदि सम्मिलित है। डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा विजेताओं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का मंचन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, व्याख्यान, और स्तन कैंसर जागरूकता पर चर्चाएं शामिल हैं। जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता के तहत, अस्पताल स्टाफ और नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं द्वारा बनाए गए थे।

## सांसद विजय बघेल ने अमृता को दी श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिनी माता राज्य अलंकरण एवं राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित लोककला, पंथी गायक एवं महान समाज सेविका सुश्री अमृता बारले की अंतिम दर्शन करने हेतु दुर्ग सांसद विजय बघेल उनके निवास आशीष नगर ईस्ट रिसाली में पहुंचे। महान विभूति के निधन का समाचार मिलते ही दुर्ग सांसद विजय बघेल उनके निवास आशीष नगर रिसाली पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल हुआ तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, ललित चंद्राकर, भिलाई–चरोदा की पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, पदमश्री उषा बारले, राधेश्याम बारले, उर्वसी साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता तथा नागरिक जन उपस्थित थे। कल उनका अंतिम संस्कार रिसाली के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर श्रमिक नेता आर.डी.कोरी, सहित कला क्षेत्र से जुड़े अनेक कलाकार, समाज के लोग सहित आस–पास गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने स्व. अमृता बारेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भरर में महिला सम्मेलन का आयोजन



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के आदेशानुसार एवं महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीमती दिव्या कलिहारी के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय विशाल महिला सम्मेलन कार्यक्रम भरर में आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा के चारों मण्डल से सैकड़ों महिला उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी पाटन विधानसभा प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल रहे। विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र वर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्ग, शीतल नायक प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, आयुषी पाण्डेय, हर्षा चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, स्वाति साहू जिला प्रभारी महिला मोर्चा, मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, लोकमनी चंद्राकर, खेमलाल साहू, राजू निषाद, दिलीप साहू, जागेश्वर शुक्ला, खेमलाल देशलहरे, रोहित साहू, रूपसिंह सिन्हा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ! विजय बघेल ने कहा राज्य के कांग्रेस सरकार को यहाँ उपस्थित नारी शक्ति उखाड़ कर फेकेगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनायेगी। नारी शक्ति जन जागृति लाने वाले, सुश्री अमृता बारले के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। उनके किये कार्यों को याद करते हुऐ कहा सुश्री अमृता बारले महिला उत्थान की दिशा में अनेक सराहनीय कार्य किये, कितने ही बाल विवाह को रोके। मंडावी, निशा सोनी, गायत्री साहू, इंद्रा कोसरिया, जिला महामंत्री गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, चंद्रिका साहू, झरना साहू, खेमिन साहू, रानी बंछोर, सीता देवांगन, दिनेश साहू, संजय बघेल, अजय बघेल, नरेश केला, नारद साहू, रवि सिन्हा, निक्की भाले, पोषण वर्मा, महेंद्र वैष्णव, राजा पाठक, हरिशंकर साहू, विनय चंद्राकर, संजय चंद्राकर, पोशुराम निर्मलकर, शरद बघेल, मनहरण साहू, देवेंद्र चंदेल, आशीष शर्मा, शुभम शर्मा, कुणाल शर्मा, लोकेश साहू, राजेश वर्मा, हितेश, अरुण चंद्राकर, चंदन धीवर, चंदू राम साहू, केशव राम साहू, सरोज साहू, माखन साहू, बिष्णु राम साहू, चुनु राम, गोवर्धन साहू, दिनेश नागरिया, ललित पटवा, शंकर लाल साहू, दसरु राम, चमेली बाई चंद्राकर, अनीता कौशिक, सुमन साहू, मिथलेश साहू, जालिराम साहू, दानेश्वर वर्मा, नितीश तिवारी, सियाराम चंद्राकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## धारदार हथियार के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने आज सुबह 11:30 बजे करीबन सूचना मिली कि एक व्यक्ति मिनीमाता चैक के पास कृष्णा नगर सुपेला के पास आम जगह में धारदार हथियार चाकू लेकर आने–जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे है। आदतन बदमाशो पर सतत् निगाह रखते हुए अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त के तहत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिलते ही एक संदेही को घेराबंदी कर मिनीमाता चौक कृष्णा नगर सुपेला से पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी धर्मेन्द्र को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में दुर्ग जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, प्रधान आरक्षक पंकज कुमार एवं आरक्षक राजेश हनोटे का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कार्यवाही करके, 1 नग धारदार हथियार चाक जप्त किया है।

## कॉलेज छात्रों ने मतदान के लिए किया जागरुक



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं तथा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु स्वीप म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मतदाता जागरुकता स्लोगन एवं मतदान गीत के द्वारा छात्र छात्राओं ने लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया तथा लोगों से आग्रह किया कि सभी अपने मतों का प्रयोग करें तथा देश के विकास मे भागीदार बने। प्रतियोगिता मे जो छात्र छात्रा म्युज़िकल चेयर बाहर से होते जा रहे थे, वो विभिन्न भाषाओं मे मतदाता जागरुकता संबंधी स्लोगन का पठन करते थे और बाकी विद्यार्थी के द्वारा स्लोगन को दोहराया जाता था। इस स्वीप म्युजिकल चेयर मे कुल 206 विधार्थियों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान उर्वशी जंघेल, द्वितीय कमलेश कुमार कोर्राम, तृतीय स्थान पर अनुभा शर्मा रही। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी की प्राचार्य डॉ.अर्चना झा, शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी डीन डॉ. जे.दुर्गा प्रसाद राव, आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ राहुल मेने. गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डा. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र शर्मा, कविता कुशवाहा, डॉ लक्ष्मी वर्मा, राज किशोर पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने मतदान के लिये सभी से आग्रह भी किया।

## डॉ. आंबेडकर भवन में धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस मनाया गया

**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर ( देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वाधान में बाबासाहेब डॉ आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर–6 भिलाई में धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सबसे पहले संस्था की अध्यक्ष आयुष्यमती सविता मेश्राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर पंचशील ध्वजारोहण एवं बाबासाहेब डॉ आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर सामुहिक पूजा वन्दना की गई। संस्था की अध्यक्ष ने अध्यक्षीय भाषण में धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस के महत्व को बताया। वक्ताओ में कृष्णा नंदेश्वर, विनायक चौरे, सुधाकर फूलमाली, रविन्द्र गाडगे, जयश्री बौद्ध, सुनंदा गजभिये ने धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस पर उद्बोधन में अपने अपने विचार रखें। आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष कृष्णा बंसोड ने और कार्यक्रम का संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपासक, उपासिकाए उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मिठाई का वितरण किया गया। उक्त जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।



## मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का उद्घाटन



**भिलाईनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पी.जी.माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा एक मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। माइक्रोबायोलॉजिकल और इम्यूनोलॉजिकल तकनीक पर पाठ्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.जी. रॉयमोन उपस्थित थे। प्रतिभागियों को अपने संबोधन में डा. रॉयमन ने छात्रों के बीच कौशल बढ़ाने और योग्यता बनाने के लिए ऐसे और अधिक पाठ्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया ताकि वे भविष्य में अपने ज्ञान और क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रोफ़ाइल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि उनके लिए निकट भविष्य में संभावित और आकर्षक नौकरियां हासिल करना आसान हो जाए। मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम मॉड्यूल को सभी जीव विज्ञान के छात्रों की पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया, ताकि वे अधिक व्यवस्थित और व्यावहारिक रूप से जानकारी प्राप्त कर सकें। यह मॉड्यूल, प्रोफ़ेशनल विश्वसनीयता हासिल करने के लिए विशिष्ट उद्देश्यों पर केंद्रित है। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों को छात्रों में कौशल विकसित करने के लिए ऐसे और कार्यक्रम आयोजित पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शुभा दीवान द्वारा किया गया और इसमें विभाग के सभी स्टाफ ने भाग लिया। माइक्रोबायोलॉजी. बायोटेक्नोलॉजी और जूलॉजी जैसी विभिन्न धाराओं के 60 छात्रों ने मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के लिए अपना नामांकन कराया। यह कोर्स 21 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। छात्र सूक्ष्म जीवविज्ञान तकनीक, जैसे जल की सुवाह्यता का निर्धारण करने और एलिसा, विडाल, आरआई, आदि कई प्रतिरक्षा विज्ञान परीक्षणों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

**भेड़ की चोरी** | **दुर्ग।** स्थानीय डिपरा पारा निवासी आनिद कुरैशी (49) ने दुर्ग कोतवाली में अपनी भेड़ के चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने आबिद कुरैशी की 18 माह की भेंड़ ऊंचाई 3 फीट रंग काला को वाहन क्रमांक सीजी 07 2014 में लादकर फरार हो गया है।



# गिरीश देवांगन बने राजनांदगांव विस उम्मीदवार

**दीपांकर खोबरागड़े**

**राजनांदगांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव विधान सभा 2023 के चुनावों को लड़ने जिन सूरमाओं को मैदान मे उतारा है वही से भूपेश बघेल सरकार और भाजपा की स्थिति भी साफ होगी छत्तीसगढ़ प्रदेश मे दो चरणों मे चुनाव होने है, प्रथम चरण में बहुत ही कशमकश के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है जिसमें राजनांदगांव जिले की विधानसभा सीट से दो विधायकों की टिकट काटी गई है जिसमे सबसे चर्चित सीट खुज्जी विधानसभा और डोंगरगढ़ विधान सभा की सीट है।

मां बम्लेश्वरी का गढ़ डोंगरगढ़ विधानसभा से जो विधायक होता है सत्ता उसी के पाले जाती है। सब से महत्वपूर्ण सीट राजनांदगांव विधानसभा है जहां से तीन बार के मुख्यमंत्री रहे कद्दावर नेता डॉ रमन सिंह विधायक राजनांदगांव रहते हुए राजनांदगांव के विधानसभा की टिकट हासिल करने में कामयाब हुए पिछले विधानसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री रहे स्व-अटल बिहारी वाजपेई की भतीजी करुणा शुक्ला ने चुनाव लडा और राजनांदगांव विधानसभा सीट से डॉक्टर रमन सिंह को इस कदर छकाया की डॉ रमन सिंह विधानसभा चुनाव जीत तो गए पर अपने कदानुरूप जीत शायद उनको ज्यादा खुशी नहीं दे पाई हो। राजनांदगांव विधानसभा में भी पूर्व विधानसभा चुनाव की भांति इस बार भी बाहरी प्रत्याशी को मौका लगा है यह कारण सिर्फ इसलिए क्योंकि राजनांदगांव विधानसभा में अनेकों दावेदार है और जितने दावेदार



उतने ही एक दूसरे के प्रबल राजनीतिक प्रतिद्वंदी यही कारण रहा कि पूर्व विस मे श्रीमती करुणा शुक्ला को राजनांदगांव की सीट पर खड़ा किया गया था और इसमें कहीं कोई दो राय नहीं है कि उन्होंने आपसी

**कांग्रेस की आंतरिक अंतर्कलह गुटबाजी को स्थिर करने में कितने होंगे सफल**

सामंजस और अनुशासन का जो पाठ कांग्रेसियों को पढ़ाया उसका असर इस कदर हावी हुआ की अब राजनांदगांव में बाहरी प्रत्याशी को कांग्रेस से उम्मीदवार बनाया गया और ऐसे भी राजनंदगांव से जब भारतीय जनता पार्टी के डॉ रमन सिंह की बात भी आती है तो दबी जुबान बाहरी होने का आरोप उन पर भी लगता है अपने 15 वर्ष के लंबे कार्यकाल में डॉक्टर रमन सिंह ने कभी इतने कद्दावर चर्चित नेता होने के बाद भी कवर्धा से अपनी किस्मत आजमा सके कभी डोंगरगांव और बाकी राजनांदगांव से ही वह चुनाव लड़ने को लेकर काफी इच्छुक रहते हैं और कबीरधाम में कहीं ना कहीं उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा निपटाने का डर बना हुआ है इसी वजह से अपने गृह जिले से किनारा करते है! गिरीश देवांगन लंबे समय से कांग्रेस के संगठन में काम कर रहे गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहपाठी रहे हैं। भूपेश बघेल जब प्रदेश अध्यक्ष बने थे तो उन्होंने देवांगन को प्रभारी महामंत्री बनाया था।

कांग्रेस संगठन में गिरीश देवांगन की हैसियत उस समय नंबर-दो की थी और आज भी मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल के सबसे निकट और दूसरे नंबर पर ही जाने जाते है उन्हे छत्तीसगढ़ सरकार में खनिज विकास निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गई थी यहां उनके कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्हे राज्यसभा भेजने की भी तैयारी पूरी कर ली गई थी यह तो अलग बात रहेगी छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजने के लिए दिल्ली की पर्ची आ गई। गिरीश देवांगन को राजनांदगांव का विधानसभा उम्मीदवार बना कर आंतरिक गुट बाजी को अनुशासन में बदलने की दिशा में जो कांग्रेस ने अपनी दूरदृष्टा रखी है उससे यह परिदृश्य भी सामने हो जाता है कि राजनांदगांव विधानसभा से ही मात्र गिरीश देवांगन चुनाव नहीं लड़ रहे हैं उन्हें राजनांदगांव जिले के अन्य विधानसभाओं को भी नियंत्रण में रखकर जीत दिलाने की बड़ी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना है। कल तक राजनांदगांव विधानसभा के लिए तो अनेक दावेदार थे पर गिरीश देवांगन की टिकट पर मुहर लगने के पश्चात सारे कांग्रेस के लोग एकजुट होंगे और राजननंदगांव के विधानसभा से गिरीश देवांगन एक धाकड़ चेहरा साबित होंगे।

# एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे

**विभिन्न गतिविधियों के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक**

**बेमेतरा**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। इसके लिए बेमेतरा ज़िले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रचार माध्यमों व गतिविधियों के ज़रिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है। हाल ही ली गयी बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत व ज़िला स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमाती लीना कमलेश मंडावी ने (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) ज़िले के सभी सीएमओ, नगरीय निकाय सीईओ जनपद सहित स्कूल-कॉलेज के नोडल व एम्बेसडर को स्वीप गतिविधियां आयोजित करने पर ज़ोर दिया।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती मंडावी ने स्व ?च्छता वाहनों पर मतदाता जागरूकता,नैतिक मतदान संबंधी संदेश, जिंगल ?स,मतदाता गीत, रोचक नारे (स्लोगन) रैली के माध्यम से भी शहरी मतदाताओं को जागरूक करने कहा था। जो किया जा रहा है। उन्होंने ज़िला खाद्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, वन, पशुपालन एवं डेयरी, कृषि तथा बीएसएनएल को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास द्वारा संचालित प्री.मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों एवं विद्यालयों के कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता के संबंध में गतिविधियां आयोजित की जाएं। महाविद्यालयों में कैंपस एंबेसडर भी मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही। शहरी क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों एवं विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध?यम से मतदाता जागरूकता /नैतिक मतदान संबंधी विशेष गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालयों से मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी पोस्टर/ बैनर प्राप्त कर छात्रावासों में लगाये एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। हर सप्ताह नोडल अधिकारियों, कैंपस एंबेसडर एवं ज़िला स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा की जा रही गई गतिविधियों की समीक्षा भी की जा रही है।

## दलेश्वर साहू डोंगरगांव प्रत्याशी बनने पर जगह-जगह स्वागत

**मां चंडी मंदिर से लिया आशीर्वाद**



**डोंगरगांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू को तीसरी बार टिकट मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष उत्साह देखा गया है टिकट मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड श्रीराम द्वार तथा कांग्रेस कार्यालय के पास पटाखे फोड़े गए तथा मिठाई बांटी गई तत्पश्चात पुराना बाजार एरिया स्थित मां चंडी मंदिर में जाकर विधायक दलेश्वर साहू ने आशीर्वाद लेकर नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण किया गया नगर में जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विधायक दलेश्वर साहू ने कहा मेरे कामकाज को देखकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्वास कर फिर से मुझे टिकट दिया गया है जिनमे खरा उतरकर आम जनता के तथा डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र का फिर से विकास करूंगा।

## भाजपा ने उड़ाई आचार संहिता और रैली अनुमति की धज्जियां : कांग्रेस

**दस्तावेजी शिकायत पर कार्रवाई हो : रूपेश दुबे**



**राजनांदगांव,** 15 अक्टूबर। छग में विधानसभा निर्वाचन में भाजपा लगातार आचार संहिता की धज्जी उड़ाने पर आतुर है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह के स्वागत रैली और रोड शो में दिखी रैली रोड शो में जो अनुमति मिली थी उसके विपरीत जाकर अनुमति शर्तों का उल्लंघन भाजपाइयों ने किया इसके लिए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे दुबे ने कार्यवाही हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को फोटो सहित शिकायत प्रस्तुत किया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि निर्वाचन अनुमति नियमावली में रैली/रोड शो के अनुमति में यदि दो पहिया वाहनों का उपयोग किया जाता है तो प्रत्येक 10 वाहनों के बाद 100 मीटर की दूरी बनाया जाना आवश्यक है साथ ही काफिला लंबी होने पर उसे कुछ अंतराल में तोड़ा जाना आवश्यक है लेकिन भाजपा ने भाजपा प्रत्याशी के स्वागत में बाइक रैली निकाली जिसमें नियमों की पूरी तरह से धज्जी उड़ा दी गई जो सोशल मीडिया एवं राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल में भी प्रकाशित हुई है जिससे निष्पक्ष एवं स्वच्छ निर्वाचन की छवि धूमिल हो रही है साथ ही साथ भाजपा प्रत्याशी जिस वाहन पर सवार थे उस वाहन की भी अनुमति ली गई थी या नहीं यह भी जांच का विषय है अत: रैली में वाहनों के काफिले को निकलने में अनुमति नियमों की शर्तों की उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई किए जाने का निवेदन के साथ फोटो प्रस्तुत की गई है।

## व्यय प्रेक्षक ने पोलमी एवं चिल्फी चेकपोस्ट का किया आकस्मिक निरीक्षण



**कवर्धा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू होते ही निर्वाचन के हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस वैकन्ना तेजावत ने पण्डरिया के पोलमी चेक पोस्ट एवं कवर्धा के अंतर्गत चिल्फी के चेकपोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तेजावत ने पोलमी में उपस्थित तहसीलदार सुनील पीपन्ना को तथा उपस्थित पुलिस अधिकारी कर्मचारी को आने वाले सभी वाहन को गंभीरता से निरीक्षण करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट में संधारित करने वाली पंजी का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### निर्वाचन को लेकर एसएसटी, एफएसटी लीड बैंक और आयकर अधिकारी की बैठक आज

**बेमेतरा**, 15 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की बीते 9 अक्टूबर की घोषणा के बाद से ही ज़िले में निर्वाचन संबंधी बैठकों और प्रशिक्षण का काम जारी है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पदुम सिंह एल्मा कल 16 अक्टूबर (सोमवार) को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्चायड टीम (एफएसटी) लीड बैंक ऑफिसर (एलबीओ) और आयकर अधिकारी (आईओ) बैठक लेंगे। 17 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे वाहन प्रभारी/सचिव रोजगार सहायक का प्रशिक्षण जिला पंचायत के मीटिंग रूम आयोजित है।



**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड नंबर 14 के पार्षद बलदेव यादव की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसकी खबर डॉ मनीष बघेल को होते ही उन्होंने तत्काल पार्षद को इलाज मुहैया कराया है।

### अनिला भेड़िया को पुन: प्रत्याशी बनाने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 15 अक्टुवर (देशबन्धु)। देश के पांच राज्यों में आदर्श आचार संहित लगते ही चुनावी सरगर्मी तेज होगये है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए आज प्रत्याशी घोषित किया गया जिसमें डौंडीलोहारा विधानसभा से प्रदेश की मंत्री अनिला भेड़िया को पुन: प्रत्याशी बनाए जाने पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा फटाका फोड़कर अनिला भेड़िया को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया एवं जीत की अग्रिम बधाई दिय है इस अवसर पर पियूष सोनी ने बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा की आप कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम डौण्डी लोहारा विधानसभा सीट पर अपनी विजय सुनिश्चित करेंगे ।उन्होने आगे कहा की जनता का कांग्रेस पर भरोसा बरकरार है फिर से प्रदेश व क्षेत्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर कैलाश राजपूत, अतीक कुरेशी, गिरीश सोनी, अश्वनी जायसवाल, कोमलेंद्र चंद्राकर, अजय बाघमार, रविकांत देशमुख, शोएब रजा, शुभम गावड़े, कैलाश राज, पलटन भूआर्य, कमलेश कामले, सहित ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जोब में नवीन धान खरीदी केंद्र, 3 पंचायत के 2 हजार किसानों को मिलेगा फायदा

**नवाज के जोब पहुंचते ही किसानों व ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत**

**राजनांदगांव,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी महिने से शुरु होने जा रही धान खरीदी से पहले खुज्जी विधानसभा के किसानो को बड़ी राहत मिली है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान की पहल पर बीते दिनों जोब में धान खरीदी केंद्र खुलने का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश स्तर से इसको लेकर बीते महिने ही आदेश जारी कर दिया गया था। इस खरीदी केंद्र के खुलने से तीन पंचायत के दो हजार किसानो को सीधा फायदा मिलने वाला है। जोब में धान खरीदी केंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद पहली बार ग्राम पहुंचे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीण अंचल के किसानो द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग के पूरा होने से उनमें काफी उत्साह देखने को मिला। नवाज का जोब पंडरापानी मरकाकसा के ग्रामवासियों ने स्वागत किया। नवाज भाई के साथ सुनील लारोकर अध्यक्ष छुरिया, रुखम कोर्राम,जनपद सदस्य कन्हैया कोले,सरपंच कल्पना सांवत पंड्रापानी,सरपंच जानकीशरण जोब,सरपंच ईश्वरी मिरी,भुनेश्वर नेताम,अर्जन लाल मंडावी,हरिराम मंडावी,लखन लाल हिचामे,रामसुख सलामे,यशवंत मंडावी एवं अन्य उपस्थित थे।



**धान बेचने नहीं जाना होगा दूर**

जोब व उससे लगे इलाको के किसानों को अब अपना धान बेचने के लिए लंबा सफर करने मजबूर नहीं होना पड़ेगा। बहु प्रतीक्षित मांग नवीन धान खरीदी केंद्र खुलने से ग्रामवासियों में अधिक उत्साह देखने मिला। इस खरीदी केंद्र में 3 पंचायत के किसान धान बेचेंगे, लगभग दो हजार से अधिक किसानों को सुविधा मिलेगी। महाराष्ट्र बॉर्डर से सटे ग्रामवासियों को अधिक सुविधा मिली।

**जोब पहुंचते ही नवाज का स्वागत**

सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान का जोब पहुंचते ही ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया। ग्रामीणों ने नवाज को बताया कि इस सौगात से उनकी काफी अरसे की मांग पूरी हो गई है। इसी बीच नवाज ने भी प्रदेश में दोबारा कांग्रेस सरकार बनाने की अपील ग्रामीणों से की है। नवाज ने बताया कि सरकार ने किसानो व ग्रामीणों के लिए लगातार काम किया है। इसके अलावा नवाज धानगांव में भी ग्रामीणों के बीच पहुंचे थे।

## घुमका व मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित डोंगरगढ़ विस के सैकड़ों पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**राजनांदगांव**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के घोषणा के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को घुमका ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस कोमल साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, घुमका युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित राजपूत, महिला ब्लॉक अध्यक्ष हंशा सिन्हा, मुढ़ीपार अध्यक्ष आरती महोबिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा है। सभी कार्यकर्ताओ ने कहा कि भुनेश्वर बघेल विधायक के रूप में संगठन को अपना पूरा सहयोग प्रदान किया है।

**प्रत्याशी घोषणा के बाद दिया इस्तीफा**

सभी पदाधिकारी को भुनेश्वर बघेल को टिकट नहीं देने पर काफी दुख हुआ है। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष को टिकट पर पुन: विचार कर भुनेश्वर बघेल को देने की मांग की है। इस्तीफा देने वाले जिला महामंत्री पुष्पा वर्मा, मुढ़ीपार ब्लॉक से रिंकू महोबिया, जोन अध्यक्ष विक्की, क्षत्रिय जोन अध्यक्ष तेजराम वर्मा, जोन अध्यक्ष, कुंभलाल वर्मा, पूनम साहू सेक्टर प्रभारी, ममता साहू जिला सचिव महिला कांग्रेस, अजीत साहू उपाध्यक्ष, अनिल जांगड़े संयुक्त सचिव, सुमन जांगड़े, शिवानंद यादव अध्यक्ष ब्लॉक सेवादल मुढ़ीपार, अश्वनी टंडन अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ट मुढ़ीपार, घुमका ब्लॉक से ओमप्रकाश साहू जोन अध्यक्ष, दिनेश पुराणिक जोन अध्यक्ष, गिरीस साहू जोन अध्यक्ष, गीतालाल वर्मा जोन अध्यक्ष, चंद्रेश वर्मा जिला सयुक्त महामंत्री, अखिलेश दुबे महामंत्री, ललित चांदत्तारे महामंत्री, कमल बंजारे अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ट, राजेश शान अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू जिला सचिव, रमाकांत साहू सेक्टर प्रभारी, जयकुमार वर्मा सेक्टर प्रभारी, मंथिर साहू सेक्टर प्रभारी, चुन्नी साहू, अमजत खान, नेमदास साहू, उमराव वर्मा, रितेश सिन्हा, रूपेश वर्मा, फूलमती वर्मा, पार्वती साहू, कल्पना साहू, सतप्रसाद नेताम, राकेश वर्मा, खेमचंद वर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारियों ने अपना इस्तीफा भेजे है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### 12 अन्य पहचान पत्र दिखाकर ...

अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर (सोमवार) है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर (मंगलवार) तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर 2023 (गुरुवार) तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 (शुक्रवार) को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 (रविवार) को निर्धारित की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया 5 दिसम्बर2023 (मंगलवार) को पूरी हो जाएगी।

### बीटीआई ग्राउंड में ...

पजामा लहंगा एवं साड़ी रखा गया है ।इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन राशि प्रतिदिन इनाम स्वरूप भी दिए जाते हैं।

### स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता ...

है। इस प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को निरंतर पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सकता हैए क्योंकि वह निरंतर नए प्रश्नों का समाधान करने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रश्न पत्र छात्रों के बीच गुणवत्ता कि प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं जो उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधार सकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा सिस्टम के पाठ्यक्रम डिजाइन और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने जैसे कई पहलुओं में सुधार किया जा सकता है। अंत में श्री जायसवाल द्वारा पाठ्य विषय वस्तु से संबंधित अच्छे वीडियो बनने पर जोर देते हुए कहा कि वीडियो बनाते समय वीडियो की क्वालिटी और ऑडियो की स्थिति का ध्यान रखें। वीडियो संपादन हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग करें टेक्स्ट, ग्राफिक्स को अच्छे साउंड ट्रैक का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें।

प्रारंभिक स्तर में जिला स्तरीय पीयर ग्रुप मेधा के संयोजन हेतु उन्होंने विवेक शर्मा एपीसी पेडागोजी एवं सेकेंडरी स्तर पर प्रतिष्ठा शुक्ला एपीसी को अधिकृत किया।

बैठक मैं विवेक शर्मा के अतिरिक्त ममता साहू, पवन कुमार सिंह, मनोज कुमार साहू, उषा शर्मा, प्रज्ञा सिंह, संगीता चंद्राकर, मंजू सिंह, खिलेश वर्मा, सुशील सूर्यवंशी, अनुपम अग्रवाल, नीलू महिकवार, राजकुमार चंद्राकर, आर उमा, सरोजिनी बघेल, किशोर तिवारी, इंदु सोनकर, पारुल पांडे विभू दुब, प्रीति पंसारी, नीलिमा श्रीवास्तव, पवन कुमार मंडावी, नंदा देशमुख, सिद्धार्थ सिंह भुआल, शारदा खेवार, नंदनी देशमुख, सुमन प्रधान, नीलम चंद्र ताम्रकार, कैलाश सिंह, सूर्यकांत हरदेल, कैलाश नागवंशी, शिल्पी मंडल, कामता साहू, आदित्य नारायण वर्मा, पवन कुमार मांझी, नवीन कुमार भारद्वाज एवं अनिल थारवानी सहित कुल 50 शिक्षक उपस्थित थे।

## देवी दर्शन कर कांग्रेस प्रत्याशियों ने लिया आशीर्वाद



**डोंगरगढ़,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीयकांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशियों के नामो की घोषणा की गई जिसके बाद कार्यकर्ता में उत्साह देखने को मिल रहा है इसी कड़ी में घोषणा होने के बाद डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू व खैरागढ़ यशोदा नीलांबर वर्मा ने यहां मां बमलेश्वरी के दरबार पहुंच विधिवत पुजार चना करके आशीर्वाद लिया है । चर्चा में डोंगरगढ़ क्षेत्र प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विगत 5 सालों में जो विकास कार्य हुए वह सराहनी है मुख्यमंत्री के कार्यकाल से किसान तो खुशहाल है ही इसके साथ ही प्रदेश की महिल, युवा , मजदूर , व्यापारी व जनता अपने आप को पूरी तरह खुशहाल महसूस कर रहे हैं क्योंकि अन्नदाताओं का सम्मान हुआ है इसी भरोसे के साथ क्षेत्र में जनता के बीच जाकर सरकार द्वारा जनहित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी । भूपेश सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ महिलाओं को संगठित करने का काम करके सभी वर्गों का विकास किया गया निश्चित तौर पर जनता कांग्रेस के पक्ष में आकर कांग्रेस प्रत्याशियों के उपर विश्वास करेगी । इस दौरान जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह , नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, प्रदेश संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे, शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण देउरकर, जितेंद्र सिंह भाटिया ,शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, संदीप सिंह गहरवार , प्यारेलाल शर्मा, रूपचंद खोबरागड़े, रामजी तराने ,शिव निषाद मनोज साहू , मनोहर कंढरा , राहुल यादव ,राजू सिंह राजपूत, महेश सेन, संजय श्रीवास्तव, अशोक साहू, शब्बीर खान, प्रमोज ठाकुर , ललिता साखरे , शेखर सोनी , प्रकाश महानदी रेखा खोब्रागड़े अकिल कुरेशी सहित अन्य उपस्थित सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जामवाल ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़,** 15 अक्टूबर। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिन बमलेश्वरी के दरबार पहुंचे जहां उन्होंने विधिवत देवी दर्शन कर प्रदेश व देश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की । पत्रकारों से चर्चा में संगठन महामंत्री श्री जमवाल ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन की जय जयकार हो मां सब पर कृपा बनाए रखें । राजनीति एक खेल है वे अपना खेल खेल रहे हैं हम अपना खेल अच्छा खेलेंगे और जीतकर भी आएंगे । इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन महामंत्री राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष नागेंद्र परिहार विजेंद्र सिंह ठाकुर सुषमा कोठारी जसमीत सिंह बन्नोआना हरीश मोटघरे जसप्रीत सिंह भाटिया मनीष सोनी गिरीश साहू सहित अन्य उपस्थित थे ।

## सोमवार को होने वाला कलेक्टर जनदर्शन नहीं होगा

**बेमेतरा, 15 अक्टूबर ( देशबन्धु )। जिला कार्यालय ( कलेक्ट्रेट ) बेमेतरा में हर सोमवार को आयोजित** होने वाला कलेक्टर जनदर्शन विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 व सरकारी कामकाज की व्यस्तता के कारण कल 16 अक्टूबर सोमवार को नहीं होगा। कलेक्टर जनदर्शन आने वाले हर सोमवार को भी आगामी आदेश तक स्थगित रहेगा।

# नवागढ़ में होगा मंत्री एवं पूर्व मंत्री के बीच मुकाबला

**बेमेतरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवागढ़ में होगा मंत्री एवं पूर्व मंत्री के बीच मुकाबला कांग्रेस से रूद्र गुरु और भाजपा से दयाल दास बघेल बेमेतरा, नवागढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार रोचक मुकाबला होने वाला है, क्योंकि कांग्रेस ने यहां से सतनामी समाज के धर्मगुरु और प्रदेश सरकार के मंत्री गुरु रुद्र कुमार को जहां प्रत्याशी घोषित किया है वही भाजपा ने पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल को प्रत्याशी बनाया है, हालांकि पिछले चुनाव में कांग्रेसी लहर के चलते इन्हें कांग्रेस के गुरदयाल सिंह बंजारे से पराजित होना पड़ा था, लेकिन पिछले 5 साल से इनकी सक्रियता के चलते भाजपा ने इन्हें पुन: अपना उम्मीदवार बनाया है इसके मुकाबले कांग्रेस ने अपने वर्तमान विधायक गुरु दयाल सिंह बंजारे का टिकट काटकर अहिवारा के विधायक और मंत्री गुरु रुद्र कुमार को मैदान में उतारा है, इसके पीछे वर्तमान विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के परफॉर्मेंस को अच्छा नहीं होना माना जा रहा है, वही रूद्र गुरु का भी सीट बदलने की इच्छा होना भी बताया जा रहा है ,जिसका खामियाजा भी वर्तमान विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे को भुगतना पड़ा है, ज्ञात हो कि गुरु रुद्र कुमार सतनामी समाज के धर्मगुरु है और इन्हें किसी एक सीट से टिकट देना कांग्रेस की मजबूरी भी रही है, जिसके चलते इन्हें नवागढ़ से प्रत्याशी बनाना पड़ा है वैसे इन्हें नवागढ़ क्षेत्र से टिकट दिए जाने के संकेत पिछले कुछ माह से मिल रहे थे जिसके चलते इनके पिता और पूर्व मंत्री रहे विजय गुरु ने तैयारी शुरू कर दी थी, और बैठकों का दौर ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हो गया था, अब प्रत्याशी घोषित होने के बाद रुद्र गुरु के भी क्षेत्र में दस्तक हो जाएंगे, जबकि भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल ने भी पिछले कुछ दिनों से अपने चुनावी अभियान को गति देने में लगे हुए बाहर हाल दोनों ही दलों के द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद अब चुनावी गतिविधियां और तेज हो जाएगी, हालांकि अभी चुनाव के नामांकन प्रक्रिया और मतदान को काफी समय है, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का मतदान 17 नवंबर को निर्धारित है जब तक बैठकों और जनसंपर्क का दौर शुरू हो जाएगा ।



# भाजपा ने विधानसभा चुनाव कार्यालय प्रारंभ किया

**कवर्धा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा प्रत्याशी घोषित करके अपना चुनाव अभियान तेज कर दिया है. इसी कड़ी में आज भाजपा ने सांसद संतोष पांडे , जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू और प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपने प्रत्याशी विजय शर्मा के व्यवस्थित चुनाव संचालन के लिए विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन कार्यालय का उद्घाटन किया. इस मौके पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं और इसीलिए भारत माता की सेवा के लिए संकल्पित हैं. उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि इस चुनाव में हमें अपने इसी विचार के साथ कार्य करने की आवश्यकता है. जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि कवर्धा का ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है. जिस प्रकार का उत्साह अभी हमारे कार्यकर्ताओं में दिख रहा है, उसे चुनाव तक बरकरार रखते हुए एक एक कार्यकर्ता को काम करने की आवश्यकता है. हमारी जीत पक्की है, बस जरूरत अपने बूथ में समय देने का है. उपस्थित कार्यकर्ताओं के जोशीले नारों के बीच भाजपा के प्रत्याशी विजय शर्मा ने कहा कि आप लोगों ने ही मुझे प्रत्याशी बनाया है. और अब आप लोग ही ये चुनाव लडेंगे भी. वास्तव में ये चुनाव आपका ही है, मैं तो सिर्फ एक चेहरा हूं. अब हम सबको एक एक व्यक्ति तक पहुंचना है और कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी को बताना है. कार्यालय उद्घाटन के मौके पे रामकुमार भट्ट, अनिल सिंह, जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, कैलाश चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, संतोष पटेल, सतविंदर पाहुजा, मनीराम साहू, सुनील दोषी, पंच कोसले, हेमंत ठाकुर, जय प्रकाश कौशिक, विजय लक्ष्मी तिवारी, रति ठाकुर, पुष्प पांडे, भारती गुप्ता, शिव कुमारी यादव, नारायण साहू, पन्ना चंद्रवंशी, सनत साहू, शुशील तिवारी, खिलेश्वर साहू, पियूष ठाकुर, सहित सभी मोर्चा एवम प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने किया.



# मां कालिका के दरबार में नाग देवता देते हैं दर्शन

**बेमेतरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिद्ध शक्ति देवी माँ कालिका भैरव बाबा दरबार मे ब्रह्ममूर्त मे हुवा भक्तो का मनोकामना ज्योतिप्रज्वलित माँ कालिका के दरबार मे हर पर्व मे नाग देवता स्वयं दर्शन देते है माँ को नीबु प्रिय है भक्तो के सभी मनोकामनाएं माता करते हैँ पूर्ण तालाब पार मे बसी माँ कालिका की महिमा आपार है जो श्रद्धा भक्ति से माता ज़ी से जो भी मनोकमानाये लेकर आते हैँ सभी पूर्ण होते हैँ समिति के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने माता की महिमा को बाताया नव भवन ज्योतिकक्ष मे मनोकामनाये ज्योति प्रज्वलित हो रहे हैँ इस शारदियनवरात्रि पर्व मे कुल ज्योति 38 प्रज्वलीत हो रहे है जिला का पहला दरबार है जहा एक साथ माता ज़ी के दर्शन पश्चात बाबा महाभैरव का दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाये मान्यता के अनुसार माँ के दर्शन के बाद बाबा भैरव का दर्शन करना लाभ है तभी मान्यता है वार्ड न 18 मे बसी माँ सिद्ध शक्ति देवी कालिका दरबार मे अवश्य आइये माता का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन को धन्य करें ।



# भाजपा संयुक्त मोर्चा का विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

**कवर्धा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु) भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यालय में संयुक्त मोर्चा कार्यकारिणी बैठक संपन्न हो गया है. बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी सांसद संतोष पाण्डेय,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों का मार्गदर्शन किया और उनसे संगठन वर्तमान विधानसभा चुनाव की तैयारी , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार तथा प्रत्याशी विजय शर्मा की विजयी बनाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया.

बैठक में सांसद संतोष पाण्डेय अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए सदैव तैयार रहती है. भाजपा की 2023 विधानसभा के चुनाव की तैयारी पूरी है. उन्होंने कहा कि 2023 में विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. कमल छाप पर जनता का भरोषा है , भाजपा 2023 में भारी बहुमत से जीत करके राज्य में सरकार बनाएगी.

जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा. हम सब एक साथ हैं, परस्पर प्रेम है और हमलोग एक साथ सभी मोर्चे पर विफल राज्य सरकार के नाकामियों को जनता तक ले जाने के लिए जी जान से जुड़ जायेंगे 7 आज के बैठक से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है . 05 वर्षो में जो कवर्धा में हुआ जनता जानती है सिर्फ एक बार याद दिलाना है और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने निवेदन करने घर घर तक पहुचना है ।

भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने कहा चुनाव में पार्टी ने मुझ पर भरोषा जताया है ,इस भरोसे के बदले कवर्धा सीट जीतकर हमे दिखाना होगा . उन्होंने कहा भाजपा का कर्मठ कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे है यह मेरी जानकारी में है उनका हृदय से आभारी हूँ . छत्तीसगढ़ में इन 05 वर्षो में कवर्धा विधायक ने भय ,आतंक और भ्रसटाचार का जो माहौल खड़ा किया है इसे बदलना है . हर जुल्म के बदले ,हर वादाखिलाफी के बदले पड़ने वाला एक एक वोट ही इसका उत्तर होगा 7 उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिल रहे प्रेम और फिल्ड में मेहनत कर रहे कार्यकर्ताओं की प्रसंशा की ।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिंह,उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल,जसविंदर बग्गा ,महामंत्री संतोष पटेल ,सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष , किसान मोर्चा,महिला मोर्चा,युवा मोर्चा ,ओबीसी मोर्चा,एस टी ,एस सी मोर्चा ,सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता हजारो की संख्या में मौजूद रहे।



# बालोद पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के 2 प्रकरण दर्ज कर 9.900 ब्लक लीटर जब्त की गई शराब

**बालोद,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद सुषील कुमार नायक के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद प्रतीक चतुर्वेदी पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बालोद को आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुऐ क्षेत्र में अपराधिक तत्व का पहचान कर जिले में अवैध शराब, फरार आरोपी, अवैध जुआ सट्टा पर प्रभावी कार्यावाही व प्रतिदिन वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया गया है जिसके परिपालन में थाना बालोद के द्वारा रविवार को सूचना प्राप्त हुआ कि बालोद के दसौंदी तलाब के पास व जवाहरपारा बालोद के पास अवैध शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ने पर संदेही का नाम पता पुछने पर अपना नाम ज्योति वैष्णव पति भीषम दास वैष्णव उम्र 32 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा बालोद थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से देषी प्लेन शराब कुल 36 पौवा देषी प्लेन शराब 6.480 बलक लीटर कीमती 2880 रू. को बरामद कर आबकारी एक्ट कायम किया गया है। वंही बंसत कुमार साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 30 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा बालोद थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से देषी प्लेन शराब कुल 19 पौवा देषी प्लेन शराब 3.420 बलक लीटर कीमती 1520 रू. बिक्री रकम 250 रू बरामद कर आबकारी एक्ट कायम किया गया है।

# भाजपा ने विभिन्न मंडलों में की पदाधिकारियों की नियुक्ति

**बालोद,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, संगठन महामंत्री पवन साय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सावन्नी, जिला प्रभारी मधुसूदन यादव, जिला सह प्रभारी भोजराज नाग की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला मंत्री के पद पर राजीव (रिंकू) शर्मा शहर मंडल बालोद, जिला सह कोषाध्यक्ष के पद पर मोहन जैन, गुंण्डरदेही एवं दल्ली राजहरा मंडल के महामंत्री के पद पर मदन मायती वार्ड क्रमांक दो दल्ली राजहरा की नियुक्ति किया है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारी ने संगठन के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है सभी ने कहा कि संगठन में निरंतर सक्रियता से पार्टी हित में कार्य करते हुए विभिन्न दायित्व, प्रभारों पर पार्टी की अपेक्षा पर खरा उतरे हैं नियुक्त पदाधिकारी के कार्यों से भाजपा का जनाधार में वृद्धि हुई है संगठन में नए दायित्व में पूरी निष्ठा के साथ भाजपा के कार्य विचारों को आगे बढ़ाएंगे उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की ना करते हुए बधाई देने वालों में प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कुमारी मदन साहू, यशवंत जैन, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू,राकेश यादव, लेखराम साहू, नरेश यदु, त्रिलोकी साहू, ठाकुर रामचंद्राकार, राकेश छोटू यादव, संध्या भारद्वाज, सुशीला साहू, लोकेश श्रीवास्तव, शरद ठाकुर, संजय दुबे, जयेश ठाकुर, राधिका भारद्वाज, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रणेश जौन, टिनेश्वर बघेल, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी, मनीष झा, आदित्य पिपरे, दीपा साहू, सुरेंद्र देशमुख, कमलेश सोनी तोमन साहू, जितेंद्र साहू, दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, नरेंद्र सोनवानी, गिरजेश गुप्ता संजय साहू एकांत पवार, गजेंद्र यादव, अरुण साहू, कमल पानपालिया, गजेन्द्र यादव, संदीप सिन्हा, युसुफ खान, शेखर वर्मा, शेखर साहू सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# थाना छुईखदान,सायबर सेल की टीम ने सट्टा जुआ के आरोपियों पर की कार्यवाही

**खैरागढ,** 15 अक्टूबर ( देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी नेहा पाण्डे व एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्ग दर्शन में अवैध जुआ सट्टा सट्टा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 14 अक्टूबर को एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा टीम गठित किया गया। सायबर सेल की टीम व थाना छुईखदान पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छुईखदान में 1 आरोपी शाहिल खान पिता समद खान उम्र 25 वर्ष 2.स्वपनिल चंद्राकर पिता अशोक उम्र 30 वर्ष 3.रूपचंद यादव पिता उत्तम यादव उम्र 20 वर्ष सभी निवासी छुईखदान थाना के रहने वाले है। रुपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया आरोपीगण शाहिल खान से सट्टा पट्टी व नगदी रकम 1040/- रुपये, स्वपनिल चंद्राकर से सट्टा पट्टी व नगदी रकम 1600/- रुपये व रूपचंद यादव से सट्टा पट्टी व नगदी 580/- रुपये जप्त कर थाना छुईखदान में धारा 6 छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर 15 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह, प्रआर दानेश सिंह,प्रआर प्रदीप जंघेल, प्रआर आशीष परिहार, आर. चंद्रविजय, त्रिभुवन यदु, कमलकांत साहू,चंद्रशेखर राजपूत की सरहनीय भूमिका रही।



■ पुलिस ने तीन आरोपियों को सट्टा पट्टी के साथ किया गिरफ्तार

# खैरागढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी ने यशोदा को दिया टिकट

## यशोदा को टिकट मिलने पर समर्थको ने दी बधाई

**खैरागढ,** 15 अक्टूबर ( देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपना विधायक प्रत्याशी के रूप में यशोदा वर्मा को घोषित किया है। वही भाजपा ने अपना विधायक प्रत्याशी विक्रांत सिंह को अपना विधायक प्रत्याशी बनाया है। खैरागढ़ विधानसभा चुनाव में 7 नवंबर को मतदान संपन्न होगा। विधानसभा चुनाव में इस बार क्षेत्र के मतदाता अपना विधायक किसको बनाते है। यहा देखने योग्य होगा दोनो पार्टी के प्रत्याशी मजबूत है। जो प्रत्याशी मतदाता को अपने पक्ष में कर लेगा वहां उसकी जीत है। यशोदा वर्मा को कांग्रेस पार्टी ने अपना विधायक प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है। यशोदा को टिकट मिलने के बाद पार्टी के समर्थको व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।



# प्रत्याशी घोषित होने पर भूपेश बघेल आशीर्वाद लेने पहुँचे मां महामाया के दरबार

**कुम्हारी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदेय नवरात्र के प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुम्हारी स्थित महामाया मंदिर पहुंचकर श्रद्धा भक्ति भाव से मनोकामना पूर्ण करने, पूजा अर्चना कर माता को चुनरी चढ़ाया। परिसर से निकलकर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा शुभ नवरात्रि के प्रथम दिवस में विधानसभा चुनाव हेतु प्रत्याशियों की प्रथम सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि क्योंकि सभी का मत था कि पितृपक्ष में पहली सूची जारी न की जाए इसलिए नवरात्रि के प्रथम दिन सूची जारी की गई और इस बार पचहत्तर पार । यह पूछने पर कि पाटन विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित होने तथा पार्टी के समस्त घोषित प्रत्याशियों के लिए किस प्रकार से सामंजस्य स्थापित करेंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछला चुनाव प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ताओं के साथ हमने लड़ा था किंतु इस बार कार्यकर्ता ही नहीं वरन पाटन विधानसभा क्षेत्र की जनता, किसान एवं मजदूर सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे और निश्चय ही काँग्रेस पार्टी को जीत मिलेगी ।साथ ही साथ वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से इसको व्यवस्थित किया जाएगा ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग यह कह रहे थे कि मैं किसी दूसरे क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगा , पाटन विधानसभा क्षेत्र से पुन: प्रत्याशी बनने से विरोधियों के मुंह बंद हो गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसबार नये चेहरो को भी अवसर मिला है और कुछ को टिकट नही मिला है इसके लिए पार्टी द्वारा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से नये प्रतिनिधियों को अवसर प्रदान किया है तथा जिनको टिकट नहीं दिया गया, उन्हें पार्टी द्वारा सम्मानजनक कार्यभार दिया जाएगा। उन्होंने भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि लोग भाजपा के विगत 15 वर्षों के कुशासन को देख चुके हैं भाजपा की जारी सूची से यह और स्पष्ट हो जाता है। इसके पश्चात उन्होंने स्थानीय नागरिकगण एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से भेंट कर रायपुर प्रस्थान किया ।



## जंजगिरी में नवरात्र की रहेंगी धूम ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां देंगी प्रस्तुति

**कुम्हारी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवोदय दुर्गोत्सव समिति जंजगिरी द्वारा चार नवरात्र के अवसर पर भक्तों व ग्रामवासियों के लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के तहत नवरात्र के विशेष दिवस पर एक-एक मंडलियों की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन ग्रामवासियों के पहल पर नवोदय दुर्गोत्सव समिति द्वारा नगर में भक्तिमय माहौल व अपनी संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। बता दे कि नवरात्र के प्रथम दिवस रविवार को समर्पण मानस परिवार धरमपुरा रायपुर की प्रस्तुति होगी वहीं 17 अक्टूबर को सरस्वती रामधुनी मानस मंडली राजनांदगांव व 19 को गरियाबंद की श्रीराम दरबार मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। 21 अक्टूबर को जय बाबा रुक्खड़नाथ जस मंडली नरधा मंचस्त होंगे। वहीं नवमीं की रात्रि 23 अक्टूबर को ख्याति प्राप्त नंदकुमार साहू की टीम शोर संदेश मानस मंडली खैरझीटी का कार्यक्रम होगा। आयोजन की जानकारी कुलेश्वर साहू ने दी। इस आयोजन में नारद साहू नवीन साहू आत्माराम शर्मा राहुल साहू पिताम्बर बसंत साहू, तामेश्वर साहू, ढालसिंह साहू तिलक राम साहूकार, तुलेश्वर, चन्द्रप्रकाश, लालू, धर्मेन्द्र, पंकज, हेमराज, टिकेश चिनेश्वर, जितेश, चिंतामणि, नोहर, घनेन्द्र ठाकुर, राहुल पाटकर, नित्यानन्द यादव, तुम्मन ठाकुर, वीरमणि, चेतन साहू, गौतम साहू, भगवान साहू सहयोग देंगे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव कर रहे जनसम्पर्क

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**15 अक्टुवर(देशबन्धु)। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे अपने टीम के साथ ब्लाक डौण्डी के गांव गांव में पहुंच कर डौण्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी अनिला भेड़िया चुनाव प्रचार कर रहे है व प्रत्याशी भेड़िया को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने ग्रामिण किसान युवा वर्ग महिलाओं से आशीर्वाद मांग रहे है। साथ ही ग्रामिणों को कांग्रेस की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दे रहे है। इसी कड़ी में 15 अक्टुबर को शंकर पिपरे व कार्यकर्ता नलकसा महामाया क्षेत्र के ग्रामिणों से भेट मुलाकात किया एवं कांग्रेस सरकार केबिनेट मंत्री व क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया के द्वारा किये गये विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही प्रदेश महामंत्री पिपरे ने ग्रामिणों से चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा की सरकार रही जिसमें गरीब जनता और गरीब होती गई,अमीर और अमीर हो गये। कांग्रेस की सरकार गरीब वंचित किसानों आदिवासियों की सरकार बन कर प्रदेश में उभरी है। उन्होने यह भी कहा की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही निरंतर विकास व अनेकों जनहितकारी योजनाएं शुरू कर छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफी समर्थन मूल्य में धान खरीदी,बिजली बिल हाफ तेंदूपत्ता खरीदी कर किसानों की अर्थव्यवस्था सुधारने का काम किया। हमारी सरकार शिक्षा व स्वस्थ्य क्षेत्र में एक नई मिशाल पेश किये है।मुख्यमंत्री बघेल मजदूर गरीब के बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कुल चालू कर निरंतर राज्य को प्रगति की और ले जाने का प्रदेश में अपनी अलग दृष्टि दिखाई है। साथ ही उन्होने किसान ग्रामिणों से कहा की भूपेश सरकार इस वर्ष से किसानों की धान का फसल प्रति एकड़ 20 क्विंटल 28 सौ रूपय समर्थन मूल्य में खरीदी करेगी इसे कोई झूठला नही सकता है। जिसका आंकलन आप सभी ग्रामिणों को करना है। जिस पर आप अपनी अंतरआत्मा से विचार अवश्य करे और डौण्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र से अनिला भेड़िया को आशीर्वाद दे कर विजय सुनिश्चित कर फिर से प्रदेश में काग्रेस की सत्ता स्थापित कर छत्तीसगढ़ को विकसित व विकासशील प्रदेश बनाने में अपना योगदान दिजिये ।



■ कांग्रेस किसानों की अर्थव्यवस्था सुधारने का काम किया, इसे कोई झूठला नही सकता

■ मुख्यमंत्री बघेल राज्य को प्रगति की और ले जाने में अपनी अलग दृष्टि दिखाई :प्रदेश महामंत्री

उल्टा पुल्टा

लड़की वाले - लड़का कितना कमाता है?
लड़के वाले - जी इतना कमा लेता है कि अपना चालान खुद भर सके।
लड़की वाले - तो फिर रिश्ता पक्का समझिए...!

## संपादकीय

### श्रद्धा के साथ संयम हो नवरात्रि में

रविवार से नवरात्रि का पर्व प्रारम्भ हो गया जिसका समापन विजयादशमी के साथ होगा। नवरात्रि में दुर्गा देवी के विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान जगह-जगह पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है जिनका विसर्जन अंतिम दिन होगा। यही समय नौ रातों को गरबा खेलने का भी होता है जिसके प्रति युवाओं में बड़ा रूझान होता है। इन्हें देखने या उनमें भाग लेने के लिये वे बहुत उत्साह से जाते हैं। यह उत्साह और श्रद्धा का त्यौहार तो है पर इस दौरान अनुशासन व संयम भी बरते जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को शालीनता से मनाने के लिये प्रशासन द्वारा जारी सभी तरह की गाइड लाइनों के पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। यह स्वयं उनकी सुरक्षा के लिये एवं उनके हित में है।

छत्तीसगढ़ के लगभग सभी शहरों, कस्बों एवं गांवों में हर साल असंख्य स्थानों पर प्रतिमाएं बैठती हैं जिनका धूमधाम से विसर्जन होता है। साथ ही गरबा का आयोजन भी जगह-जगह पर होता है। दूसरों से अधिक भव्य एवं खर्चीला आयोजन दिखाने के चक्कर में डीजे को लेकर आयोजक एक-दूसरे से स्पर्धा करते हैं। इस प्रक्रिया में ऊंचे वॉल्यूम पर गाना-बजाना करना, डीजे चलाना और देर रात तक गरबा करना भी शामिल होता है। बुजुर्गों, बीमारों, दिल या उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों को इस शोरगुल से बहुत दिक्कत होती है। पशु-पक्षियों को भी ऊंची आवाज में गाने-बजाने से परेशानी होती है। राज्य के सभी जिलों के प्रशासन द्वारा जो गाइड लाइन जारी की गई है उसका पालन करते हुए उत्सव को शालीनता से मनाना चाहिये। इसके अनुसार आयोजन रात 10 बजे तक समाप्त हो जाने चाहिये। उसके बाद लाउड स्पीकरों का उपयोग या सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों की पूर्वानुमति ज़रूरी है और किसी भी प्रकार के हथियार लेकर आने वाले लोगों की जानकारी आयोजकों को पुलिस में देनी होगी। ऐसे ही, मूर्तियों की अधिकतम ऊंचाई 8 फुट हो, पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हों, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां न हों, पंडाल का अधिकतम क्षेत्रफल 15 गुणा 15 हो, मंदिरों में निर्धारित स्थलों पर ही ज्योत जलाई जाए, छोटे व कम वाट के सिस्टम हों और विसर्जन के लिये छोटे वाहनों का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिये। गरबा में केवल दम्पति और कपल्स को को भागीदारी करने की अनुमति दी गई है। अकेले या समूहों में आने वाले हुड़दंगियों को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिये। इनके माध्यम से कई बार असामाजिक तत्व प्रवेश कर छेड़छाड़, मारपीट, पाकिटमारी आदि करते हैं। उनके कारण कई बार और भी गम्भीर अपराधों को भी अंजाम दिया जा सकता है। उम्मीद है कि सभी आयोजन समितियां प्रशासन को पूरा सहयोग करते हुए त्यौहार को आनंद एवं श्रद्धा से आयोजित करेंगी।

# नवरात्र शुरू, रमई पाठ में आज भी मौजूद हैं त्रेतायुग की निशानियां



**नवापारा राजिम,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिंदू पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि आज से शुरू हो रहा है मान्यता के अनुसार नवरात्रि मे 9 दिनों तक शक्ति की आराधना की जाती है। इस बार नवरात्र की शुरुआत रविवार के दिन होने से मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही है जो कई तरह के शुभ संकेत देती है। इस बार नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू होकर 23 अक्टूबर तक रहेगी । 24 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इन्हें करुणा धैर्य और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। मान्यता अनुसार मां शैलपुत्री की पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मां शैलपुत्री की पूजा से जीवन में आ रही बाधाएं शांत होती है ।

**रमई पाठ जहां मां सीता का रम गया था मनः** राजिम से कुछ किमी दूर सोरिद खुर्द फिंगेश्वर छुरा रोड पर स्थित रमई पाठ में त्रेतायुग की अनेक निशानियां मौजूद हैं। यहां के घने जंगल में मौजूद पहाड़ियां और उनसे गिरते झरने आज भी लोगों को यहां रम (रुक) जाने के लिए विवश करता है। झरन, गरगच और देवताधर पहाड़ी की विशेषताएं आज भी क्षेत्र के घरों में माता सीता और प्रभु राम के प्रति उनकी भक्ति की कथा का गवाह रूप है। वाल्मिकी रामायण में उल्लेखित सीता वनगमन के जंगल और पहाड़ियों पर मौजूद शिलालेख सोरिद खुर्द के रमई पाठ को रामराज्य के काल से जोड़ते हैं।

**हनुमान जी ने यहां माता सीता की रक्षा के लिए धारण किया था पाताल लोक की देवी का रूपः** पौराणिक कथाओं के अनुसार अयोध्या से परित्यज होने के बाद सीता माता को लक्ष्मण जी सोरिद खुर्द के जंगल में छोड़ गए थे। यहां की तीनों पहाड़ियों से घिरे पठारी क्षेत्र में माता सीता का मन रम गया और इसे रमई पाठ की पहचान मिली। कहा जाता है कि गर्भवती मां सीता यहां कुछ दिन रहे और यहीं पर माता ने पाषाण शीला से प्रभु श्रीराम की प्रतिमा तैयार करवाई और नित्य उनकी पूजा करने लगी। रामकथा में यह उल्लेख होता है कि माता की रक्षा और सेवा के लिए हनुमान जी यहां स्त्री रूप में आए। उनकी रक्षा के लिए हनुमान उपस्थित हुए वे पाताल लोक की देवी के रूप में यहां आकर माता की सेवा की थी, इसलिए करीब 6 फीट ऊंची हनुमान की प्रतिमा यहाँ स्थापित है।

**नि:संतान की मनोकामना पूर्ति**

यहां मौजूद श्रीराम, भगवान विष्णु, हनुमानजी, गरुड़जी और शिवजी की प्रतिमाएं माता सीता की भक्ति रूप को दर्शाती हैं। बताया जाता है कि छठवीं शताब्दी में यहां बिखरी प्रतिमाओं और शिलालेखों को एकत्र कर व्यवस्थित किया गया। यहां मौजूद प्रतिमाओं की आयु अभी तक पुराविद भी नहीं बता सके हैं। यहां एक पेड़ की जड़ के पास से निकली जलधारा आज भी अपने अविरल स्वरूप के कारण जिज्ञासा का केंद्र बना हुआ है। लोग इसे सीता कुंड की छोटी गंगा कहते हैं। मई माता मंदिर मुख्यत: नि:संतान महिलाओं की मनोकामना पूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। इस कारण गादी माई के नाम से भी इस स्थान की पहचान है। संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालुजन यहां लोहे का बना झूला या संकल अर्पित करते हैं।

# मंदिरों में घट व पंडालों में हुई मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

## बिरकोनी चंडी मंदिर में अमेरिका, पुना, मुंबई, चेन्नई के भक्तों ने भी किए है ज्योत प्रज्जवलित



**महासमुंद,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्वांर नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में जहां अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना, ज्योत प्रज्जवलित की गई वहीं दुर्गा पंडालों में देर रात तक मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाती रही। देर शाम तक देवी भक्त मूर्तिकारों के यहां मां जगत जननी की प्रतिमा लेने पहुंचते रहे। नगर की कुल देवी मां महामाया में अभिजीत मुहूर्त में मुख्य ज्योत प्राकृतिक तरीके प्रज्जवलित की गई। इस मौके पर मंदिर के सदस्य मौजूद थे। मुख्य ज्योत से ही नगरवासी अपने घरों व दुर्गा पंडालों में ज्योत प्रज्जवलित करते है। यहां मनोकामना के 2311 व इसी से संबंद्ध मंदिर शीतला में 175, तथा खल्लारी में 15 ज्योत जलाए गए है। इसी तरह बिरकोनी स्थित मां चंडी मंदिर में मनोकामना के 2101 ज्योत प्रज्जवलित किए गए है। मां चंडी के भक्तों में एक भक्त सात समुंदर पार अमेरिका से भी है। जिन्होंने मनोकामना के अखंड ज्योत के लिए रसीद कटवाया है। इसी तरह यहां पुना, मुंबई, चेन्नई के श्रद्धालुओं ने भी प्रज्जवलित किए है। सुबह स ही यहां दर्शनार्थी पहुंचते रहे। दोपहर में आचार्य पं. पंकज तिवारी ने अपने पुरोहितों के साथ मंदिर समिति के सदस्य ओमप्रकाश चंद्राकर, मुन्ना चंद्राकर व पुजारियों से पूजन विधान संपन्न कराया। सिरपुर के प्रसिद्ध चंडी दाई में मनोकामना के 190 जोत जलाए गए है। ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर व भंडारा समिति के दुलरवा धीवर ने बताया कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नौ दिनों तक दोपहर में भंडारा रखा गया है। प्रथम दिवस करीब ढाई सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। इसी तरह रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में मनोकामना के 273 ज्योत जलाएं गए है। मंदिर के जसपाल सिंह खनूजा ने बताया कि यहां नवरात्र पर्व पर माता की नौ अलग-अलग रूपों का श्रृंगार कर पूजन किया जाता है। प्रतिदिन यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है। बरोंडाचौक दुर्गा मंदिर 331, सतबहनिया चौक में 80, खल्लारी बेमचा में 401, कोडार खल्लारी में 570 जोत श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलि किए गए है। नगर में अनेक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से बस स्टेंड दादाबाड़ा, लोहिया चौक, अंबेडकर चौक, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अनिमेश ने नेशनल में 200 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। यातायात विभाग में डीएसपी अमृत कुजुर के सुपुत्र अनिमेश ने सिनियर ओपन नेशनल में 200 मीटर दौड़ में 20.74 सेकेड का समय लेते हुए अपने मीट रिकार्ड के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके पूर्व अनिमेश कुजुर अलग अलग जगहों में भाग लेते हुए पांच मेडल जीत चुका है। इनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के अलावा परिवार एवं रिश्तेदारों ने बधाई प्रेषित किया है।

कक्षा छठवी से बारहवी तक सैनिक स्कुल अंबिकापुर में पढाई किया है। वही से खेल प्रति रूचि बढ़ने लगा। पहली बार में 100 मीटर दौड गोवाहाटी असम में भाग लिया था और छत्तीसगढ़ का पहला खिलाडी जो फाईनल में पहुचा था। वर्तमान समय में रिलायंस कम्पनी के अंतर्गत भुवनेश्वर ओडिसा में आभ्यासरत् है। इसके पिता अमृत कुजुर पुलिस विभाग में जिला बलौदाबाजार में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर एवं माता श्रीमति रीना कुजुर निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। छोटा भाई अनिकेत कुजुर स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत् है, इधर अनिमेश की उपलब्धि पर परिवार एवं रिस्तेदारों ने बधाई प्रेषित किया है।

# महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर दिया मतदान का संदेश



**धमतरी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी आज जिले के ग्राम रावां में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाओ ने मेहंदी लगाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। मतदाताओं को 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' का लगाया और उपस्थित मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई। सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

# ताला तोड़कर घर में घुसकर की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। 24 सितम्बर के दरम्यानी रात प्रार्थी लूरसिंह साहू ग्राम महेली के सुने मकान में कोई अज्ञात व्यक्ति प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 08-10 नग मोबाईल एसडी कार्ड (घ) चार्जर ब्लूटूथ स्पीकर पावरबैंक, ईयरफोन को चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा मामले में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बिरेझर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए

जांच विवेचना के दौरान मौका निरीक्षण एवं गवाहों के कथन के आधार पर संदेही देवेन्द्र साहू पिता झब्बूराम साहू उम्र 23 वर्ष ग्राम मड़ेली चौकी बिरेझर, थाना कुरूद, जिला धमतरी से कड़ाई से पूछताछ करने पर दिनाक घटना समय दरम्यानी रात मंदिर तरफ से सूरसिंह साहू के सूने मकान में घुसकर चोरी करना तथा चोरी के सामान को आगनबाड़ी भवन के छत के उपर में थैला में छुपाकर रखना बताया जिसको गवाहों के समक्ष आरोपी देवेन्द्र साहू द्वारा आगनबाड़ी भवन के छत से निकालकर देने पर नग विभिन्न कंपनी के मोबाईल, एसडी कार्ड (चीप) - 19 नग चार्जर] 05 नग इयरफोन 04 नग, वाईफाई 01 नग, पावरबैंक 04 नग, ब्लूटूथ स्पीकर का नग जुमला किमती 27500/- रूपये को जप्ती कर, आरोपी का कृत्य अपराध धारा पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध चौकी बिरेझर में अप.क्र.658/23 धारा 457,380 भादवि.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिरेझर उनि. उमाकांत तिवारी, प्रआर. सोहन ध्रुव, प्रमोद पाडेय, आर. कृष्णा साहू का विशेष योगदान रहा।

# आचार संहिता का उल्लंघन, सार्वजनिक जगहों पर जनप्रतिनियों के फोटो मिला रहे नजर से नजर




**नवापारा राजिम,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। आचार संहिता लगने के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी शहर के कई सरकारी एवं निजी स्थानों में राजनीतिक पार्टियों के चुनाव चिन्ह, नाम, प्रचार प्रसार का वाल पेंटिंग नगर के अनेको जगहों पर देखा जा सकता है. विदित हो कि स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा आचार संहिता का ऐसा उल्लंघन किया जा रहा है जिसे देख लोग यह कहने से नहीं चूक रह कि ये बेहरबानी के कारण से ही संभव है नगर के कुछ प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में पौनी पसारी के पास लोकार्पण शिलालेख को ढका गया है और ठीक बाजू में जनप्रतिनिधियों के लगे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जुआड़ियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले के समस्त प्रभारियों को अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब जुआ सट्टा की कार्यवाही में अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर नकेल कसने सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये जाने पर अति. पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार अनुज कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट के निर्देशन में पुलिस टीम सउनि श्रवण कुमार नेताम, आर.687, 921, 698, 536 के द्वारा जरिये मुखबीर की सूचना पर 'ग्राम मोहतरा महानदी मार्ग में दबिश दी गई'। जहां ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते आरोपीगण मुकेश साहू पिता अलख राम साहू उम्र 30 वर्ष साकिन मोहतरा, श्रवण साहू पिता शोभित राम साहू कसडोल उम्र 38 वर्ष के संयुक्त कब्जे से नगदी रकम 30,700, तीन नग मोबाईल कीमती 21,000 रूपये, तीन मोटर सायकल कीमती 90,000 रूपये जुमला कीमती 1,41,700 रूपये, एक मोमबत्ती, एक माचिस, एक बोरा फट्टी एवं 52 तास पत्ती मिला। अन्य जुआरी पुलिस को देख कर भाग गए। मौके में मिले जुआरी को विधिवत गिरफ्तार किए गए हैं। सभी जुआरीयो का कृत्य अपराध धारा सदर 13 जुआ एक्ट व छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(1) का घटित करना पाये जाने से अपराध क्र. 533/2021 धारा 13 जुआ एक्ट व छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(1) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नवरात्रि पर देवी मंदिरों के अलावा पंडालों में विराजमान हुई मां दुर्गा



- देवी मंदिरों में स्थापित की गई ज्योति कलश
- भरसेली स्थित नवदुर्गा मंदिर की है अलग महत्व

**बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस देवी मंदिरों एवं सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की स्थापना कर पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी गई है। वहीं देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित की गई है। प्रथम दिन से ही नगर एवं अंचल के ग्रामों में भक्तिमय वातावरण दिखाई दे रहा है। नगर के तहसील प्रांगण स्थित दुर्गा पंडाल परिसर में भव्य झांकी भी सजाई गयी है। नगर के नया बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर, सिविल लाईन के षष्ठी देवी मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित मावली माता मंदिर, रामसागर तालाब समीप शीतला माता मंदिर, लोहिया नगर के नव दुर्गा आदिशक्ति मंदिर, रिसदा रोड स्थित मॉ काली मंदिर, भरसेल स्थित मां दुर्गा मंदिर में विधि विधान के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। मावली माता मंदिर में सुबह शुभ मुहुर्त में मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र वैष्णव, छल्ला साहू, नवनीत अग्रवाल, रामाधार पटेल आदि के उपस्थित में प्रमुख ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई। इसी प्रकार रिसदा रोड स्थित काली मंदिर में भुवन जायसवाल, तिलक कन्नौजे आदि की उपस्थिति में ज्योति कलश स्थापना की गई। जबकि महामाया मंदिर में समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, आनंद अग्रवाल, विकास गुप्ता, जगमोहन ठाकुर, परमेश्वर यदु, रामाधार पटेल, पंकज साहू, दादू साहू आदि समिति के सदस्यों की उपस्थिति में मनोकामना ज्योति कलश शाम को प्रज्जवलित की गई।

उल्लेखनीय है कि ग्राम भरसेली में एक शक्ति पीठ की स्थापना 16 मार्च 2010 को मिथलेश कुमार मिश्र आचार्य विचारण वेद विद्यापीठ कर्नाटक के आचार्यत्व में विधि विधान से हुई थी। इस मंदिर में मां दुर्गा के सभी रूप अलग अलग विराजमान है। इन सभी मां के अलौकिक तेज से अभिभूत इस शक्तिपीठ की महिमा अपरमपार है। इनके दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। यह मंदिर बलौदाबाजार से भाटापारा जाने वाले के बीच में बलौदाबाजार से 4 किमी दूरी पर भरसेली गांव के पास स्थित है। शहर के आवागमन व भीड से अलग एकांत स्थल में मनमोहक मंदिर निर्माण मां >> शेष पृष्ठ 9 पर >

द्वितीय पुण्य तिथि
16/10/2023
शत शत नमन



जन्मतिथि
02/ 02 /1949
स्वर्गवास
16 / 10 / 2021
अश्रुपूरित नेत्र से विनम्र श्रद्धांजलि
आपका आशीर्वाद हमेशा बने रहे ||
वार्ड नं. 13 पंजाबी पारा रामेश्वरी दुर्गा मंदिर के सामने
(महासमुंद)
मन्नु, हिम्मत, जसवंत, दशरथ, नरेन्द्र, गजेन्द्र, मनोज, मदन, शुभम, संतोष, अशोक, प्रदीप (बुश) संजय, हलेन्द्र, जय, साहिल, धनंजय, संटू, संदीप, सचिन, रौशनी, चांदनी, बिन्दिया, खुशी, डॉली, श्वेता, माही, मिष्टी, शानु
समस्त सिन्हा परिवार

# राजिम विस से आदिवासी समाज ने भी उतारा अपना प्रत्याशी

## ध्रुव गोंड समाज गरियाबंद के कोषाध्यक्ष फुलझर निवासी संतूराम ध्रुव होंगे विधायक प्रत्याशी होंगे




**गरियाबंद,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में इस बार दोनों विधानसभा में आदिवासी समाज अपने प्रत्याशी उतारने जा रही है। राजिम विधानसभा के लिए समाज ने अपना प्रत्याशी तय कर लिया है। ध्रुव गोंड समाज गरियाबंद के कोषाध्यक्ष संतूराम ध्रुव आदिवासी समाज से राजिम के विधायक प्रत्याशी होंगे। संतुराम मूलतः जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम फुलझर के रहने वाले है। समाज और सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले संतूराम ध्रुव की क्षेत्र में पकड़ भी अच्छी है। मालूम हो कि यह पहली बार है कि जब आदिवासी समाज एकजुट होकर राजिम विधासनभा से अपना प्रत्याशी उतार रहे है। इसके अलावा बिंद्रानवागढ़ विधासभा को लेकर भी समाज के भीतर प्रत्याशी उतारने को लेकर चर्चा जारी है। संभवत जल्द ही घोषणा की प्रत्याशी की जाएगी।

रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद भवन मजरकट्टा में जिला आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अखिल भारतीय सर्व आदिवासी समाज ने घंटो मनन चिंतन के बाद सर्व सम्मति से निर्णय लेकर एक नाम तय किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष एवम जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने संतूराम के प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि देश प्रदेश में लगातार आदिवासियो पर लगातार जुल्म अन्याय, अत्याचार हो रहे। आदिवासियो के अधिकारों का हनन, शोषण हो रहा है। आरक्षण, समान नागरिक साहिता, पेशा एक्ट, बेदखली किसी भी क्षेत्र में न्याय नही मिल रहा है। इसलिए आदिवासी समाज के लिए आवाज उठाने और अधिकारों को सुरक्षित करने आदिवासी समाज ने अपन प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है।

इधर, नाम तय होने के बाद आदिवासी समाज ने इष्टदेव बूढ़ादेव और मां दंतेश्वरी की जयजयकार करते हुए समाज ने नवनिर्वाचित विधायक प्रत्याशी को अक्षत लगाकर शुभकामनाएं एवम बधाई दी। इस अवसर पर संतूराम ध्रुव ने कहा की सर्व आदिवासी समाज ने राजिम विधानसभा में विधायक प्रत्याशी के रूप में मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिसका अंतः शुद्ध मन से निर्वहन करूंगा और आगे आदिवासी समाज जो भी दिशा निर्देश दे उसका शत प्रतिशत पालन करुंगा।

इस दौरान उमेंद्री कोर्राम, द्वारिका ठाकुर, कोमन राम ध्रुव, परदेशी राम ध्रुव, महेंद्र नेताम, रामाधार नेताम, सुरेश पैकरा छुरा, वीरेंद्र ध्रुव, नरेश कुमार ध्रुव, राजेंद्र नगारची देवरी, पीलू नेताम, छबीराम ध्रुव, गणेश राम ध्रुव, सियाराम ध्रुव सरपंच, त्रिलोक नेताम, चेतन मरकाम, आनंद मरई, पुरुषोत्तम छैदैहा, हरेंद्र छैदैहा, खिलेश मरई, विष्णु नेताम मीडिया प्रभारी, बशत मरकाम, जगदीश नेताम सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जन समूह बधाई दी।

# पुलिस ने मोबाइल व लेपटॉप के माध्यम से आनलाइन सट्टा खिलाने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्र. 533/2023 धारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधि. की धारा 07 के 03 आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि 14 अक्टूबर को जरिये मुखबीर से सूचना मिला की *ग्राम खोखली स्थित सिद्धार्थ पोहा मिल के सामने* अंकित महिलांगे नामक व्यक्ति भारत पाकिस्तान मैच में आनलाईन वर्ल्ड कप क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। कि सूचना तस्दीक़ हमराह स्टाफ़ व गवाहों के मौके पर जाकर घेराबंदी कर अंकित महिलांगे को रंगे हाथ आनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाते पकडा गया, जिससे पुछताछ करने पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा आई.डी. लिंक से सट्टा खिलाना स्वीकार किया एवं उक्त आई.डी. लिंक संजय भागवानी व अजय भगावानी बिलासपुर से लेकर खिलाना बताकर* अपना मेमोरंडम कथन लेख कराया। अंकित महिलांगे के मेमोरंडम कथन के अनुसार उसके ड्ड्ढड्ड्ह ड्ड्21 कंपनी का एन्ड्रायड टच स्क्रीन मोबाईल फोन तथा अंकित महिलांगे के मोबाईल पर चल रहे आनलाईन क्रिकेट सट्टा का स्क्रीनशाट जप्त किया गया । बाद अंकित महिलांगे के निशानदेही मे बिलासपुर से अजय भागवानी व संजय भागवानी को तलब किया गया, जो अपने मोबाईल दुकान में उपस्थित मिले।



जिनसे आनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलाने के संबंध में पुछताछ किया गया जिसके द्वारा अपने जुर्म स्वीकार कर अंकित महिलांगे को आनलाईन क्रिकेट वर्ल्ड कप का सट्टा की आईडी देना स्वीकार करते उनके मेमोरंडम कथन अनुसार अजय भागवानी से एक मोबाइल टच स्क्रीन एवं आनलाईन क्रिकेट वर्ल्ड कप भारत/पाकिस्तान मैच का सट्टा स्क्रीनशाट तथा क्रिकेट सट्टा से जीते नगदी रकम 15,000 को जप्त किया गया। बाद *संजय भागवानी से उसके मेमोरंडम कथन अनुसार एक ॥क्ष सिल्वर ब्लैक कलर का लेपटाप, मोबाईल ड्ड्ढ1श ड्ड15 कंपनी आनलाईन क्रिकेट वर्ल्ड कप भारत/पाकिस्तान मैच का सट्टा का स्क्रीनशाट तथा नगदी रकम 10,000 को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधि. कअपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण का रिमांड माननीय न्यायालय से प्राप्त किया गया है। आरोपीगण द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के लिये प्रयोग किए गये बैंक खाते मोबाइल वॉलेट को होल्ड कराया जा करा आरोपियों के आर्थिक लाभ से प्राप्त की गई सम्पत्तियों का भी पता लगाया जा रहा है। थाना भाटापारा ग्रामीण में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# पुष्पा जगन्नाथ साहू पहुंची भागवत महापुराण में



**फिंगेश्वर,** 15 अक्टूबर। पवन धरा धाम चतुर्भुज सिर कट्टी आश्रम में पीतर महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू अपने उपस्थिति देकर भगवान श्री कृष्ण की ज्ञान का रसपान किया संत रामानंद शरण की मधुर वाणी से पंचम दिवस पर श्री कृष्ण जन्म महोत्सव पर श्रोताओं ने कथा सुनकर झूम उठे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई, श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने अपने उद्बोधन पर हम सभी जो इस भागवत महापुराण का रसपान करने आते हैं तो मन में एक शांति की अनुभव होती है बाहर दुनिया की कल हाल से दूर एक शांति का अनुभव करते हैं मन में छल कपट की भावना दूर होकर एक आदमी ज्ञान के अनुभव होती है भगवान श्री कृष्ण की गीता ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ माना गया है और जिसने भी इस गीता ज्ञान को पढ़ लिया समझ लिया अपने जीवन में उतार लिया वह इस कलयुगी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बन सकता है।

# श्री कुलेश्वर महादेव व सेठ फूलचंद महाविद्यालय के छात्रों की मुक्तिधाम में स्वच्छता की अनूठा पहल

**नवापाराराजिम** , 15 अक्टूबर। कुलेश्वर महादेव एवं सेठ फूलचंद महाविद्यालय के छात्रों ने संयुक्त रूप से स्थानीय मुक्तिधाम को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया सेठ फूलचंद अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों ने इसके पूर्व शासकीय नवीन प्राथमिक शाला ,दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड 4 परिसर से प्रारंभ कर बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा उन्मूलन, नारी जागरूकता, वन है तो जीवन है, प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच - पन्नी और पालिथिन के नारों के साथ जागरूक करते हुए मुक्तिधाम पहुंचे। जहां परमधाम समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, सहसचिव भागचंद बंगानी, जीवन सेन,ईश्वर निषाद ने इस कार्य के लिये स्वयंसेवकों का तिलक लगाकर साहस बढ़ाया। तीन घंटे चले इस अभियान में मुक्तिधाम को सुंदर-स्वच्छ, आकर्षक बनाने के लिए घासफूस एवं झाड़ियों को लगभग 25-30 ठेला मे ढोकर हटाया। इस अवसर पर भागचंद बंगानी में कहा कि मृतकों के अंतिम यात्रा में सम्मिलित होने वाले नागरिकों को कुछ पल सुकून मिल सके. इस उदेश्य को लेकर स्वयंसेवको ने श्रमदान कर मुक्तिधाम को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की पहल की। कार्यक्रम संयोजक डा. आरके रजक ने कहा कि यह प्रदेश के दो इकाई है जो प्रतिवर्ष एक दिन इस मुक्तिधाम में श्रमदान करने के लिए लालायित रहते है। महाविद्यालय के इकाई के साथ मुक्तिधाम की इस बागवानी को जिसे लोग श्मशानघाट के नाम से जानते है, ऐसे में इन स्वयंसेवकों का कार्य करने का साहस वास्तव में काबिले तारीफहै। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एस.आर.वड्डे ने बताया कि जिस कार्य मैं विद्यार्थी जीवन में नहीं कर पाया, उसको आज मेरे कालेज के स्वयंसेवकों ने कर दिखाया। इस जागरुकता अभियान मे धीरज, अतुल, समीर, डिगेश , परमानंद, दक्ष, डाली, हिमांशी, झामेश्वरी, नितलेश, प्रीतम, यशवंत, लुकेश्वरी, रेशमा, पार्वती वरिष्ठ एवम कनिष्ठ सहित 82 स्वयंसेवको ने हिस्सा लिया।



# भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**पिथौरा**, 15 अक्टूबर। बसना विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा के प्रत्याशी और नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक पूर्व नगर पंचायत बसना के अध्यक्ष संपत अग्रवाल आज पिथौरा के उजाला प्लेस में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया जिसमें उन्होंने पूर्व के भाजपा सरकार की योजनाओं के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं का जमकर प्रचार प्रसार करने की बात कही कार्यक्रम के अंत में उन्होंने पत्रकारों से भी रूबरू हुए जहां उन्होंने बसना विधानसभा में सर्वाधिक वोटो से जीतने का दावा भी किया वहीं विधानसभा के पांचो मंडलों से लीड प्राप्त होने की बात भी कहीं भाजपा के 15 वर्षों के कार्यों केंद्र सरकार के मुद्दों के साथ आम जनता के बीच जाकर भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने अपील करने तथा भविष्य में भाजपा के नई सरकार बनते ही जनहित के कार्यों का निर्णय 6 महीने के अंदर निर्णय लेने की बात भी कहीं उन्होंने नीलांचल सेवा समिति द्वारा आम जनता को निशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध कराने मरीज का निशुल्क उपचार करने साथ ही उन्हें घर तक पहुंचाने का भी जिक्र किया आम जनता के रुके प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी दिलाने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### भाजपा का चुनाव संबंधी बैठक

**तिल्दा नेवरा,** 15 अक्टूबर। बलौदाबाज़ार विधान सभा क्षेत्र के संबंध मे भाजपा का आज आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया था जिसमे प्रत्याशी टंकराम वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहा उन्होने बलौदा बाज़ार सीट को जीतने का सुझाव दिया व कार्यकर्ताओ को चुनाव प्रचार करने की जवाबदारी सौपा ज्ञात हो कल दोपहर 12 बजे बलौदा बाज़ार शहरो मे भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन छि्त्तसगढ प्रभारी नवीन अतिथि के द्वारा किया जायेगा उसके पश्चात तिल्दा नेवरा व सुहेला कार्यालय का उद्घाटन जायेगा टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ता को जोश भरते हुए कहा की हम इससीट को 25000 वोटो से ज्यादा से जीतकर प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनाना है उक्त कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष ईश्वर यदु ग्रामीण अध्यक्ष भगबली साहू जिला कोषाध्यक्ष रांमपडावानी नवा उपाध्यक्ष विक्की सुखवानी पिछड़ा मोर्चा शहर अध्यक्ष शिव वर्मा जिला पिछड़ा मोर्चा मंत्री पूनम देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रावर्मा पार्षद सुधा चौबे अरुनारानी बघेल ममता पैकरा भगवत वर्मा दीवक चुटवानी नरेंद्र शर्मा गौरी वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुष्पा जगन्नाथ साहू ने किया पवन खेड़ा से मुलाकात



**फिंगेश्वर,** 15 अक्टूबर। कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा दिल्ली से मुलाकात करने सभी कांग्रेस के नवनियुक्त वरिष्ठ प्रवक्ता मीडिया पैन लिस्ट मीडिया समन्वयक की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रखी गई थी मीटिंग जिसमें पवन खेड़ा जी ने बहुत ही सार्थक बातों को राखी साथ ही सभी पत्रकारों से वार्ता भी किया मान. पवन खेडा जी ने कांग्रेस की सरकार पर भरोसा जताया उसने बताया कि भाजपा को वोट देना मतलब अडानी को समर्थन करना और छत्तीसगढ़ में भी कायम करना लोहा कोयला इस्पात नगरनार प्लांट आदि में अडानी का कब्जा देना।

### अजय रोहरा ने पूर्व सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**गरियाबंद,** 15 अक्टूबर। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह रहा। प्रदेश के दूर दराज क्षेत्र से भी लोग पूर्व मंत्री सिंह को बधाई देने और मिलने पहुंचे थे। इस अवसर पर गरियाबंद से भाजयुमो पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा, सागर मयाणी, प्रतीक सिंह रविवार शाम पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह से उनके राजनांदगांव निवास में सौजन्य मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। पूर्व सीएम की स्वस्थ एवम दीर्घायु जीवन की कामना की।



# गेहूं पहुंचा 2400 पर, धान की बारीक किस्मों में चालू तेजी का दौर

**भाटापारा,** 15 अक्टूबर। गेहूं 2400 रूपए क्विंटल। चौंका रही है यह कीमत। संकेत तेजी के ही मिल रहें हैं क्योंकि बोनी का मौका करीब आने लगा है, तो त्यौहार की मांग भी निकल रही है। इधर महामाया में नई फसल की खरीदी, जिस कीमत पर हो रही है, उसमें भी गर्मी बने रहने के प्रबल असार हैं।



गेहूं और सरसों की बोनी का समय करीब आने लगा है, तो पखवाड़े भर बाद समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का काम चालू होने वाला है द्य इस बीच तीनों प्रमुख जिन्स में तेजी आने लगी है द्य यह तेजी लम्बे दिनों तक बने रहने के आसार हैं द्य कमोबेश हाल दलहन में भी ऐसे ही हैं, जो पहले से ही मजबूत हैं।

**सरना पुराना, महामाया नया**

थोड़ी मात्रा में ही सही लेकिन महामाया में नई फसल की आवक होने लगी है द्य भाव अभी 2100 से 2150 रूपए चिंटल पर बोले जा रहे हैं, तो बीते रबी सत्र की फसल 2100 रूपए चिंटल पर ठहरी हुई है द्य सरना में बीते खरीफ सत्र की फसल की लिवाली 2100 से 2150 रूपए चिंटल पर होने की खबर है।

**बारीक़ में उबाल**

बारीक़ धान में भी तेजी का सिलसिला चालू हो चुका है द्य प्रतिस्पर्धी खरीदी के दौर में एच एम टी 2800 से 2900 रूपए चिंटल पर पहुँच चुका है, तो सियाराम में चावल मिलों की लिवाली 3000 से 3100 रूपए चिंटल पर चल रही है द्य शिखर पर रहने वाला विष्णुभोग 3400 से 3600 रूपए चिंटल की नई ऊँचाई पर पहुँचने के बाद आगे भी तेजी का संकेत दे रहा है।

**गर्मी यहां भी**

2400 रूपए चिंटल गेहूं द्य नई कीमत चौंकाने के साथ यह संकेत भी दे रही है कि बढ़त का यह सिलसिला नई फसल की आवक तक बरकरार रहेगा द्य दलहन में तिवरा 4200 से 4400 रूपए चिंटल, बटरी में 5000 से 5300 रूपए चिंटल की नई कीमत से दाल मिलें हैरान हैं द्य चना 5600 से 5800 और अरहर 12000 से 13000 रूपए चिंटल पर सौदे हो रहें हैं।

# जगतजननी मां दुर्गा का आगमन, देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत

**कुरुद,** 15 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कुरुद नगर में परम्परानुसार रविवार को जगतजननी माँ दुर्गा का नगर में विभिन्न स्थानों पर विधिवत धूमधाम के साथ आगमन हुआ। सेवा बाजा जस की मधुर धुन पर नगर की दुर्गोत्सव समितियो द्वारा माता का स्वागत कर विराजित किया गया। इस बार भी संजय नगर ,सरोजनी चौक,पुराना बाजार,थाना चौक, गांधी चौक,बजरंग चौक,नया बाजार ,पुरानी कृषि उपज मंडी,इंदिरा नगर,शंकर नगर,नया तालाब कारगिल चौक,धोबनी पारा,सूर्य नमस्कार चौक आदि स्थानों पर माँ जगदम्बे की मनमोहक मूर्ति की स्थापना हुई।



इसी तरह दोपहर में शुभमुहूर्त में नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ चंडी ,माँ काली , छत्तीसगढ़ महतारी व माँ शीतला के दरबार मे मनोकामना ज्योत-जंवारा स्थापना की गई।कुरुद चंडी मन्दिर में 2255 ज्योति,काली मंदिर में घी ज्योति 25 व तेल ज्योति 175 व शीतला मन्दिर पचरीपारा में कुल 133 ज्योति ज्योत प्रज्वलित हुए है।मंदिरों में सेवाजस गीतों की मधुरता से आस्था व भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। मान्यताओं के अनुसार अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवमी तक शारदीय नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।नवरात्रि के नौ दिन शक्ति की साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं।यह पर्व लोगों को आध्यात्मिक रूप से जागृत करने और उन्हें देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत घटस्थापना से होती है और आखिरी दिन विजयादशमी (दशहरा) के रूप में मनाया जाता है, जिसमें भगवान राम ने लंकापति रावण को और देवी दुर्गा ने महिषासुर को मारकर विजय प्राप्त की थी।एक कथा के अनुसार, माता भगवती देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक असुर के साथ नौ दिन तक युद्ध किया उसके बाद नवमी की रात्रि को उसका वध किया। उस समय से देवी माता को 'महिषासुरमर्दिनी' के नाम से जाना जाता है।तभी से मां दुर्गा की शक्ति को समर्पित नवरात्रि का व्रत करते हुए इनके 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मंदिरों में घट व पंडालों...

नयापारा, रावणभाठा, गुडरूपारा, पुराना रावण भाठा, बजरंग चौक, बीटीआई रोड आदि स्थानों पर देवी भक्तों ने देर रात तक मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित करते रहे। बस स्टेंड दुर्गा उत्सव समिति दादाबाड़ा में इस बार केदारनाथ धाम मंदिर के तर्ज पर आकर्षक पंडाल सजाया गया है जहां लोग प्रथम दिवस पहुंचकर सेल्फी लेते रहे। यहां मां दुर्गा कमल पुष्प पर विराजित है उनके साथ मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कर्तिके और गणेश भी विराजमान है। बाहर नंदी व शिवलिंग की स्थापना लोगों को लुभा रही है।

### आचार संहिता का उल्लंघन...

फ़ेटो को ढका नहीं गया है ऐसे में पालिका का दोहरा चरित्र नजर आ रहा है. यही नहीं बस स्टैंड पर भी यही हालत है बस स्टैंड पर पर भी जनप्रतिनिधियों के फोटो एव शिलालेख को ढका नहीं गया है जबकि इन सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह से नगर पालिका का आदर्श आचार संहिता के नियमानुसार इस सभी स्थानों पर से फोटो लोकार्पण शीलालेख सभी ढका जाना चाहिए था, किंतु आज तक इसे ढका नही गया है जो कही ना कही पालिका प्रशासन की लापरवाही या फिर सत्तारूढ़ राजनीति पार्टी के लिए परेशानी का सबब ना बन जाये.

इस संबंध में जब इस संवाददाता ने सीएमओ संतोष विश्वकर्मा से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का ध्यान नहीं गया होगा कल निकल जायेगा, इस तरह से उन्होंने दो शब्दों में ही अपनी बात खत्म कर दी.

### नवरात्रि पर देवी मंदिरों के...

दुर्गा की प्रेरणा और आशीर्वाद से सुरेन्द्र सोनी एवं श्रीमती शारदा सोनी बलौदाबाजार द्वारा मोतीलाल की स्मृति में मंदिर समिति का गठन कर बनाया गया। यहां देवी देवताओं की स्थापना सोलह खम्भों पर की गई है। नीचे हनुमान जी विराजमान है। इनके थोडा ऊपर गोमुख के साथ पहाडी पर कमलफुल पर शिवलिंग नन्दी के साथ स्थापित किया है। सीढी से ऊपर जाने के बाद मंदिर के द्वारा गौरी एवं गणेश की मूर्ति स्थापित है। इसके बाद मंदिर के अंदर मां दुर्गा की प्रतिमा अन्य चार स्वरूप शैलपुत्री, चन्द्रघंटा, कुश्माण्डा, सिद्धीदायनी माता विराजमान है। इसके साथ में चार माताएं ब्रम्हचारिणी, कालरात्री, महागौरी एवं स्कंधमाता की मूर्ति स्थापित की गई है। इस प्रकार मां दुर्गा के नौ स्वरूप मंदिर में स्थापित किये गये है। सामने मंदिर के ऊपर सूर्य भगवान सवार है जो कि मंदिर की खूबसूरती को चार चांद लगा रहे है। मंदिर के बगल में पहाडी पर शिव जी की मूर्ति बनाई गई है जिनकी जटा से गंगा की धारा निकलती दिखाई पडती है। मंदिर के नीचे भाग में चार अखण्ड ज्योति कक्ष बने हुए है। बगल में धार्मिक क्रियाकलापों, अनुष्ठानों के लिए भवन निर्माणधीन है। यहां के पूजारी का कहना है कि शादी ब्याह बच्चों का मुण्डन, पासनी पूजा पाठ विशेष अवसरो पर धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य धार्मिक क्रियाकलापों को यहां सम्पन्न कराया जाता है। मंदिर प्रांगण में यह सुविधा उपलब्ध है। उसी प्रकार भाटापारा रोड स्थित ज्योतिर्गमय आश्रम मे मां काली मंदिर है। यहां काफी दूर दूर से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने पहुंचते है। यहां मां काली माई की विशेष पूजा अर्चना मंदिर प्रमुख पं. प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में किया जाता है। जबकि नगर के नया बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर, सिविल लाईन के षष्टी देवी मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित मावली माता मंदिर, रामसागर तालाब समीप शीतला माता मंदिर, लोहिया नगर के नव दुर्गा आदिशक्ति मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ मंदिर, दुर्गा चौक के दुर्गा मंदिर के अलावा ग्राम डमरू स्थित महामाया मंदिर में भी नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की गई।



**सिमगा।** शारदीय नवरात्रि का पर्व प्रारंभ नगर सहित अंचल में जगह जगह में विराजी मां जगतजननी।

# अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्रवाई जारी



**भाटापारा,** 15 अक्टूबर। अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। 14 अक्टूबर को अवैध शराब पतासाजी एवं रेड कार्यवाही हेतु टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर सूचना मिला कि सुरखी शराब भठ्ठी से एक व्यक्ति अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब लेकर रवाना हुआ है हमराह स्टाफ एवं गवाहो को साथ लेकर मुखबिर के बताए जगह सुरखी मार्ग बिजली आफिस के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी करण पिता पुनित यादव उम्र 37 वर्ष् सा. मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा* को पकडे जिसके कब्जे से 33 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब जुमला 5.940 बल्क लीटर कीमती 3960 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी * करण पिता पुनित यादव उम्र 37 वर्ष् सा. मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा * के विरूध्द अपराध धारा 34(2) आब. एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# निकुष्ठ से होगा कुष्ठमुक्त पंचायत

**बिलाईगढ़,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा जिले में आयुष्मान भव: अभियान के लॉन्चिंग के साथ ही पंचायतों को कुष्ठ मुक्त बनाने का अभियान चल रहा है ।अ

ाज सी एम एच ओ आफिस सारंगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय निकुष्ठ प्रशिक्षण में डॉ एफ आर निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत में आयोजित आयुष्मान सभा के माध्यम से लोगों में कुष्ठ के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दी जा रही है । हमारा जिला प्रदेश में सर्वाधिक पी आर वाला जिला है,जहां लगभग सात केस प्रति दस हजार की जनसंख्या पर मिल रहे है। पिछले दो एक्टिव केस सर्विलेंस के दौरान जिले में दो - दो सौ से अधिक नए केस प्राप्त हुए हैं , जबकि प्रतिवर्ष 600 के लगभग नए कुष्ठ रोगी हमारे जिले को मिलते हैं ।हालांकि पिछले दो अभियान एवं वार्षिक दर से कुष्ठ रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है , लेकिन एम बी मरीजों की संख्या में कमी आना कुष्ठ मुक्त जिला होने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है । कुष्ठ एक दीर्घकालिक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम लेपरी नामक जीवाणु के कारण होती है एवं मानव शरीर के त्वचा एवं तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है । शुरुआती दिनों में इस बीमारी से रोगी को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है



और, नहीं अब तक इस बीमारी से किसी की मृत्यु हुई है ।जिसके कारण लोग इसे बहुत ही हल्के में लेते हैं , परंतु जब इसका लक्षण गंभीर अवस्था में पहुंचता है , तो यह शरीर को गंभीर क्षति पहुंचाती है, जैसे कि हाथ पांव के उंगलियों का मुड़ जाना, प्रभावित अंगों पर विकृति या विकलांगता आ जाना,शरीर पर कभी नही छूटने वाले घाव बन जाना इत्यादि ।इस बीमारी को रोगी के शरीर पर दिखाई देने वाले लक्षण के आधार पर दो श्रेणी में बांटा गया है - पहला पी बी यानी पॉसि बेसलरी जिसमें जीवाणुओं की संख्या बहुत कम होती है ,जिसके कारण रोगी के शरीर पर पांच की संख्या तक दाग धब्बे हो सकते हैं और कभी कभी एक नर्व भी प्रभावित हो सकता है और यह असंक्रामक केटेगिरी का कुष्ठ होता है , इसकी उपचार मात्र छ: माह तक चलता है । दूसरा एम बी यानी मल्टी बेसिलरी जिसमें जीवाणुओं की संख्या बहुत अधिक होती है, जिसके कारण रोगी के शरीर पर पांच या उससे भी अधिक दाग धब्बे हो सकते हैं और दो से अधिक नर्व भी प्रभावित हो सकते हैं यह संक्रामक कैटेगिरी का कुष्ठ होता है ।इस श्रेणी के कुष्ठ रोगियों में ही विकृति विकलांगता एवं अल्सर जैसे गंभीर लक्षण होते हैं जिन्हें विशेष रूप से देखभाल करने की आवश्यकता होती है ।ऐसे मरीजों को पूर्ण उपचार देने में एक वर्ष का समय लगता है एवं यदि इन मरीजों में कोई न्यूराइटिस लक्षण दिखाई दे तो इन्हें कुष्ठ के उपचार की सामान्य दवाई के अलावा स्टेरॉयड भी देने की आवश्यकता होती है । एम बी प्रकार के कुष्ठ के कारण ही अन्य स्वस्थ व्यक्तियों में कुष्ठ का संक्रमण होता है । इसलिये ऐसे कुष्ठ के मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उनके अगल- बगल,आगे- पीछे के निवासियों के अलावा उसके निकट संपर्क में आये लगभग 20 से 30 व्यक्तियों का सत्यापन किया जाता है ।यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ के लक्षण दिखाई दे तो उसका उपचार किया जाता है ।अन्यथा रोगी के समस्त प्राइमरी कॉन्टैक्ट को एस डी आर(सिंगल डोज रिफेमपीसीन) की खुराक (मात्र 1 गोली) देकर उन्हें कुष्ठ से प्रतिरक्षित किया जाता है ।अल्सर वाले कुष्ठ मरीजों को सेल्फ केयर की कीट एवं पैर में अल्सर वाले मरीजों को माइक्रो सेल्यूलर रबर से बने चप्पल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निशुल्क वितरण की जाती है एवं इन मरीजों को अपने प्रभावित अंगों की देखभाल करने के लिए समय-समय पर प्रीवेंशन ऑफ डिफॉर्मिटी कैंप लगाकर देखभाल हेतु प्रशिक्षित किया जाता है । अंगों पर विकृति आए हुए मरीजों को रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी के माध्यम से उन्हें ठीक भी किया जा सकता है ,जो स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समय समय पर आयोजित की जाती है । निकुष्ठ एक ऑनलाइन एप्लिकेशन है, जिसमें रोगियों के सम्पूर्ण बेसिक जानकारी सहित उनके उपचार अल्सर,विकृति,विकलांगता सहित उनके संपर्क में आये लोगों की जानकारी इंद्राज की जाएगी ।जिसकी निगरानी करते हुए केंद्र,राज्य या जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा मरीजों की उपचार, फ़ॉलोअप, कांटेक्ट ट्रेसिंग, सेल्फ केयर ट्रेनिंग हेतु पी ओ डी कैम्प , रिकंस्ट्रक्शन कैम्प आदि की जानकारी उपलब्ध कराते हुए मैदानी स्तर के कर्मचारियों को सचेत करते रहेंगे, ताकि समुदाय को जल्द से जल्द निकुष्ठ( कुष्ठ मुक्त) की जा सके।

हम सबका हो एक ही नारा,कुष्ठ मुक्त हो देश हमारा।

# आरंग से पुन: टिकट मिलने पर माता कौशिल्या धाम व बाराडेरा धाम में माथा टेकने पहुंचे मंत्री डॉ. डहरिया

**आरंग,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर नवरात्रि के पावन अवसर पर कांग्रेस पार्टी का पहला सूची जारी हो चुका है। जिसमें 30 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। आरंग आरक्षित विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 52 से कांग्रेस पार्टी इस बार पुन: मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के उपर भरोसा जताते हुवे आरंग से प्रत्याशी बनाया गया है।आरंग से टिकीट मिलने पर मंत्री डॉ. डहरिया सर्वप्रथम माता कौशिल्या धाम चंदखुरी पहुंच कर अपनी धर्मपत्नि श्रीमती शकुन डहरिया व कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी भीड़ के साथ माता कौशिल्या के दर्शन कर माता जीत का आर्शीवाद मांगा।तत्पश्चात् बाराडेरा धाम पहुंचकर बाबा गुरूघासीदास व गुरू अम्मरदास मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका। साथ ही आरंग में बाबा बागेश्वर धाम में भगवान भालेनाथ व मायामाया मंदिर में मां महामाया का भी दर्शन कर जीत का आर्शीवाद मांगा।



कांग्रेस पार्टी के द्वारा आरंग सीट से मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को पुन: प्रत्याशी बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री डॉ. डहरिया का जगह-जगह स्वागत कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक, दिनेश ठाकुर महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण, रविशंकर धीवर पूर्व अध्यक्ष नपा. चंदखुरी, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जपनद पंचायत आरंग, चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, ओमप्रकाश यादव पूर्व अध्यक्ष नपा. मंदिर हसौद, आजूराम वंशे पूर्व अध्यक्ष नपा. समोदा, हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, नरिसंग साहू उपाध्यक्ष नपा. आरंग, भूषण साहू पिछड़ावर्ग जिलाध्यक्ष, केशरीमोहन साहू महिला जिलाध्यक्ष, देवनाथ साहू मंडी अध्यक्ष, के.के. चन्द्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, रामचंद वर्मा जोन अध्यक्ष चंदखरी, जोईधाराम साहू जोन अध्यक्ष, भगवती धुरंधर जोन अध्यक्ष, शिव साहू जोन अध्यक्ष, ईश्वर जोगलेकर जोन अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश साहू जोन अध्यक्ष, धन्ना साहू जोन अध्यक्ष, गौरव चन्द्रकार जोन अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण लोधी जोन अध्यक्ष, माखन कुर्रे जिला पंचायत सदस्य, वतन चन्द्रकार, संजय चेलक, पिंटु कुर्रे, यादराम साहू, पवन धीवर, रेखराम पात्रे, सुनील बंदे, हरी बंजारे, रहमत उल्ला खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवरात्र के प्रथम दिवस शैल पुत्री की आराधना, जले मनोकामना ज्योत

**पलारी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। अँचल मे रविवार से नवरात्र पर्व प्रारँभ हो गया है,नवरात्र मे माँ दुर्गा के नव स्वरूपो का भक्त अराधना करने भक्ति भावसे डुब गए माँ के भक्त नँगे पैर नौ दिनो तक व्रत रहकर माँ सेवा मे लग गए हैं ।नवरात्र के प्रथम दिवस दिवस पर्वतराज हिमालय की पुत्री शैल पुत्री की विधी विधान से पूजा अर्चना की गई ।वही भक्तो द्वारा मनोकामना ज्योति भी प्रज्जवलित की गई है ।नगर पलारी के बाजार चौक, सरस्वती चौक, शितला चौक, गाँधी चौक, ठाकुर देव चौक, माहामाया चौक, सरस्वती चौक, बस स्टेंड, शाँती नगर, बालसमुँद पारा, इँदिरा नगर, बलौदाबाजार मार्ग, वार्ड 15 मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है वही बघेल कालोनी, तारण चौक, रानीसागर पारा मे माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।



# एक दिवसीय टीचर ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया

**खरोरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त पत्रानुसार,(समग्र शिक्षा) के अंतर्गत आई.सी.टी. योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा श्वस्क्क्ष्ठह्लश्च 852 में आज दिनांक 14/10/2023,को एक दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग का कार्यशाला आयोजित की गई।जिसमे डिजिटल क्लास रूम को संचालित कराए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराई गई।इस कार्यशाला की विधिवत् शुभारंभ संकुल प्राचार्य/नोडल केंद्र भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेज़ी माध्यम खरोरा के प्राचार्य रजनी मिंज, एवम उपप्राचार्य हरीश देवांगन के द्वारा ,मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।इस प्रशिक्षण में आए सभी हाई/हायर सेकेंडरी,शासकीय विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को कंप्यूटर चालू करने से, लेकर लर्निंग मटेरियल (क्लास पाठ्यक्रम) की प्रक्रिया सिखाई गई।जिससे प्रशिक्षित होकर, अपने विद्यालयों में, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देते हुए, कक्षाएं संचालित कराएं जा सके।



इस कार्यशाला का प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर (डिगी मित्र, ESPL-ICT CODE 852) अमर बर्मन के द्वारा दी जा रही है।

इस प्रशिक्षण में शासकीय मिडिल स्कूल खरोरा, हायर सेकेण्डरी स्कूल खरोरा, हायर सेकेंडरी स्कूल रायखेड़ा, हाई स्कूल भडहा, हाई स्कूल घिवरा, हाई स्कूल कठिया न.1, हायर सेकंडरी स्कूल मोहरेंगा, हायर सेकेंडरी स्कूल खौना, हायर सेकंडरी स्कूल गनियारी, हायर सेकंडरी स्कूल असौंदा, हायर सेकेंडरी स्कूल पचरी, हायर सेकंडरी स्कूल बेलदारसिवनी, हायर सेकेंडरी स्कूल कनकी, हाई स्कूल अड़सेना, हाई स्कूल मुरा के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षण केंद्र के प्रधान पाठक, सुशीला वर्मा के द्वारा किया गया।

# दो आरोपियों से 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त कर कोर्ट ने भेजा जेल

**बागबाहरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी थाने के ग्राम बीकेबाहरा एवं बोहारडीह गांव में पुलिस ने सघन छापा मारकर दो आरोपियों से 20 लीटर अवैध महुआ शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने जब्त शराब की कुल कीमत 4 हजार रुपए बताई है। आचार संहिता लगने के बाद से खल्लारी, बागबाहरा, कोमाखान एवं तेंदूकोना पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब के खिलाफ सघन धरपकड़ अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। जिसके कारण अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री होने से गांव का वातावरण शराबमय हो गया है। जिसके कारण गांवों का माहौल दिनों दिन बिगड़ते जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महासमुंद मंजुलता बाज द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने पश्चात थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम व सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। उक्त निर्देशों का पालन करते हुए खल्लारी थाना निरीक्षक इंद्रभूषण सिंह के मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर ग्राम बोहारडीह( कोमा) में एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्टी महुआ शराब की बिक्री करने हेतु रखे एक व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । जिसमें आरोपी तरुण बघेल पिता मोती राम बघेल उम्र 26 साल ग्राम बोहारडीह( कोमा) थाना खल्लारी के कब्जे से एक प्लास्टिक जरीकेन में 10 लीटर भरी हुई अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। जिसकी कीमत 2 हजार रूपये बताई गई है। आरोपी तरुण बघेल के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से कोर्ट ने आरोपी तरुण बघेल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इसी तरह ग्राम बीकेबाहरा में भीमखोज निवासी कलिंगा गोंड 35 वर्ष के कब्जे से पुलिस ने 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी अवैध महुआ शराब को बिक्री करने हेतु अपने गांव भीमखोज ले जा रहा था। जिसे पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ लिया। खल्लारी पुलिस ने आरोपी कलिंगा गोंड के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से कोर्ट ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे इस धरपकड़ की कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंजुलता बाज के मार्गदर्शन में निरीक्षक इंद्रभूषण सिंह थाना प्रभारी खल्लारी, सहायक उपनिरीक्षक पंकज बाघ , आरक्षक गोविंद बेहरा, महेन्द्र यादव, हीरालाल अकोनिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# आबकारी विभाग ने जंगल में नष्ट किया अवैध शराब का बड़ा अड्डा

**बिलाईगढ़,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आचार संहिता प्रारंभ होने के पश्चात आज आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। वृत्त सारंगढ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की लात नदी के किनारे गुड़ेली के जंगलों में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है ।सूचना मिलते ही आबकारी अमला नाव से नदी पार कर जंगल पहुँचा जहाँ दस लीटर क्षमता वाले 09 पॉलीथिन में भरी हुई 90 लीटर महुआ शराब, 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाल्टी में भरी हुई 15 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्लाडरनुमा पॉलीथिन में भरी हुई 20 लीटर महुआ शराब समेत कुल 125 लीटर महुआ शराब ( कीमत 25000 रुपए) और 40 प्लास्टिक बोरियों में से प्रत्येक में 25-25 किलोग्राम महुआ लाहन समेत कुल 1000 किलोग्राम महुआ लाहन ( कीमत 50000 रुपए) बरामद हुआ, इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण की सामग्री भी जप्त की गई।



# चित्रकला प्रतियोगिता में मानषी अव्वल



## बेमचा स्कूल में कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शनी एवं उर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला का आयोजन

**महासमुंद,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय उचचतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में विगत दिवस संस्था के प्राचार्य एस एल पाटकर के दिशानिर्देश में कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत विभिन्न मॉडल प्रदर्शन करने एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के विज्ञान क्लब, गणित क्लब, इको क्लब, भूगोल परिषद, वाणिज्य क्लब के साथ व्यावसायिक अध्ययन टेलीकॉम और कृषि के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता किया ।आयोजन के प्रभारी शिक्षक गण तारणी कहार, आराधना साहू एवं जुगनी गुम्बर के नेतृत्व में बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत अनुपयोगी एवं पुरानी व बेकार पड़ी वस्तुओं से अनेक प्रकार के शैक्षिक सामग्री बना कर व्याख्या सहित अपने अपने मॉडल का जीवंत प्रस्तुति करण कर सभी शिक्षकों व अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किये साथ ही ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपनी विचार व सन्देश को प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता में मानषी विश्वकर्मा ग्यारहवीं ने सोलर सिस्टम बना कर प्रथम स्थान, दिव्या यादव नवमी ने वाटर फिल्टर बना कर द्वितीय स्थान एवं ईश्वरी साहू बारहवीं ने ए टी एम व मधु महिलांग ग्यारहवीं ने कूलर बना तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी विद्यार्थी गेंदलाल साहू भूगोल की शाखाएं, ममता ध्रुव गुलदस्ता, प्रीति चन्द्राकर डस्टबिन, अंजली उत्सर्जन तंत्र, तरूण स्वशन तंत्र, मोनिका पाचन तंत्र, आरती देवदास व रिंकी निषाद बीजों का अंकुरण, पुष्पा पेन स्टेण्ड, चन्द्रहास पवन चक्की, पूनम ध्रुव बेलेन्स बार, पूजा व पूनम ने आदर्श स्कूल का मॉडल बना कर सभी ने सजीवता प्रदर्शित कर सभी शिक्षकों व बच्चों को आकर्षित व प्रेरित किये। उपरोक्त प्रदर्शन से संस्था के प्राचार्य एस एल पाटकर ने खुशी जाहिर करते हुए प्रतिभागी बच्चों को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देते हुए सभी शिक्षकों को सफल आयोजन एवं सहयोग के लिये बधाई दिए। प्राचार्य के साथ साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टॉफएस एल पाटकरए पी के ध्रुव, वाय एस बलिहार, तुलेन्द्र सागर, नवीन चन्द्राकर, किरण पटेल, पी एल साहू, तारिणी कहार,महेश्वरी साहू, वी के तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चन्द्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चन्द्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, पार्वती चन्द्रा कार्यालयीन स्टाफसे शकुंतला सोनी, सुषमा सागर,रूखमणी साहू, चेष्टाराय, प्रदीप यादव एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# निश्चल हंसी ही आपको स्वस्थ जीवन देगी, तामसी और राजसी हंसी से बचना चाहिए : जितेन कोही

**बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर राष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोही शनिवार को संध्या डोटोपार स्थित श्रद्धा सुमन रिसोर्ट में आयोजित हास्य योग शिविर में हास्य योग केंद्र बलौदाबाजार और रायपुर से आये सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने हास्य की विभिन्न क्रियाओं से कैसे स्वस्थ, सुंदर व दीर्घायु रहा जा सकता है बताया। उन्होंने ताली के महत्व और ताली बजाने से होने वाले फायदों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं की खूबसूरती बरकरार रखने के भी टिप्स हास्य योग की क्रियाओं के माध्यम से दिए जिनसे उपस्थित महिलाएं काफी प्रभावित दिखीं।

हास्य योग गुरु जितेन कोही प्रतिवर्ष देश के विभिन्न शहरों में उस स्थान के हास्य योग केंद्रों के समन्वय से 3 दिनों का शिविर आयोजित करते है जिसमे देश विदेश से सैकड़ों प्रतिभागी हिस्सा लेते है। उन्होंने बताया कि गत माह ऐसा ही शिविर राजस्थान के उदयपुर में आयोजित किया गया था जिसमे देश विदेश के 7 सौ से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने विदेश में विशेषकर अमेरिका, जापान, फ्रांस, थाईलेण्ड के शिविरों के संस्मरण सुनाए जो हास्य व विनोद से भरपूर थे। योग गुरु जितेन कोही जी का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सुआ नृत्य से किया गया जिसे देख कर मुख्य अतिथि कोही जी भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि ऐसा अदभुत स्वागत कल्पना से परे है जो मुझे हमेशा याद रहेगा। शिविर का आयोजन रायपुर नगर में 8 से अधिक केंद्रों का संचालन कर रहे व बलौदाबाजार केंद्र के संस्थापक मूलचंद शर्मा व श्रीमती आशा शर्मा के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार केंद्र के अध्यक्ष श्रद्धानंद अग्रवाल व योग गुरु महेश अग्रवाल के द्वारा किया गया।



डोटोपार स्थित श्रद्धा सुमन रिसोर्ट में आयोजित हुआ हास्य योग

इस अवसर पर हास्य योग केंद्र के पुरषोत्तम सोनी, संजय अग्रवाल, संजय केशरवानी, अनिल पदमवार, एस एम पाध्ये, माखन वर्मा, माखन लाल वर्मा, सी के चंद्रवंशी, जयनारायण केशरवानी, कृष्ण कुमार कश्यप सहित चेम्बर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर, आर्ट ऑफलिविंग की किरण वर्मा, अनामिका अग्रवाल सहित चेम्बर ऑफकॉमर्स व आर्ट ऑफलिविंग के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे।

# पिथौरा में नवरात्रि की धूम

**पिथौरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुंवार नवरात्रि पर्व आज से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े धूमधाम एवं भक्ति मय आराधना के साथ मनाया जा रहा है पिथौरा के शीतला मंदिर सहित मां दुर्गा के मंदिरों में आकर्षक सजावट के साथ मंदिरों को सजाया गया है वही नगर के करीब 8 से 10 स्थान पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है ,,, पूरे दशहरा पर्व तक नगर में भक्ति का माहौल रहेगा वहीं 9 दिनों तक विशेष धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम ,माता सेवा, भजन के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे मंदिरो मै मनोकामना ज्योति कल्से प्रज्वलित किया गया हैं पिथौरा नगर का नवरात्रि के बाद दुर्गा पूजन विसर्जन विशेष सांग पार्टी के साथ दशहरे के दूसरे दिन नगर में किया जाता है जिसे देखने हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। मां दुर्गा विसर्जन झांकी के दौरान नगर में जगह-जगह धर्म लंबियों द्वारा प्रसाद वितरण भोजन प्रसाद दिया जाता है,,, । नव रात्रि पर दुकानों की सजावट भी फूल,माला,चुनरी, के साथ बिक्री किया जा रहा है।



# प्राथमिक शाला खैरा में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**कटगी/बलौदाबाजार,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला खैरा क में प्रधानपाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन के नेतृत्व में कबाड़ से जुगाड एवम् राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत बहुत ही भव्य एवम् आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे जैतखांब का मॉडल, ज्यादा पानी गिरने से मकान का डिजाइन कैसे बनाएं, जलश्रोत के उपाय व बचाव, सूर्यग्रहण, पौधों की सुरक्षा हेतु आधुनिक कटर और गति के प्रकार से संबंधित विभिन्न मॉडल बनाए गए थे। जिसमे प्रथम स्थान भुनेश्वर साहू 5वी, दूसरा स्थान रोहन कुमार 5वी और तीसरा स्थान विनय तीसरी ने प्राप्त किया इसी प्रकार उच्च प्राथमिक में प्रथम स्थान रुद्र कुमार साहू ने प्राप्त किए और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में उत्तरा साहू अध्यक्ष एसएमसी, संकुल प्रभारी प्रदीप जांगडे, रमेश पैकरा, नरेंद्र सिन्हा, विनोद बंजारे, तेजवंत पटेल और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन देवांगन तथा आभार प्रदर्शन सिन्हा द्वारा किया गया।